खबरों के 39 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

सतना, बुधवार 04 दिसम्बर 2024 | वर्ष –39 | अंक –279 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ महाराष्ट्र में लोकतंत्र का...
■ नकली भारतीय मुद्रा की... 04
■ अब यूक्रेन को कैसे बचाएंगे अमेरिका...
■ अबू मुहम्मद अल जेलानी ने इजरायल... 09
■ महंगे हो सकते हैं कोल्ड ड्रिंक्स, सिगरेट...
■ शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन जोरदार... 11
■ भारतीय टीम जूनियर...
■ विश्व नम्बर 4 अर्जुन... 10

सार संक्षेप

## इंडिया गठबंधन ने संसद के द्वार पर किया प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से इंडिया समूह के नेताओं की वार्ता के बाद भी मंगलवार विपक्षी सदस्यों ने संसद भवन के बाहर मकर द्वार पर ज़बरदस्त प्रदर्शन किया। संसद की कार्यवाही शुरू होने से ठीक पहले विपक्षी दलों के सदस्यों ने मकर द्वार के बाहर प्रदर्शन किया और सरकार से कहा कि वह जनता के मुद्दों पर संसद में चर्चा करें और मनमानी से नहीं बल्कि सभी की सहमति से सांसद को चलाने का काम करे। इससे पहले इंडिया समूह के नेताओं ने %मोदी अडानी एक है% का बैनर लेकर प्रदर्शन किया और कई सदस्य हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर इसमें शामिल हुए। प्रदर्शन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ ही हाल में वायनाड से चुनकर आई सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कई सदस्य मौजूद थे। इससे पहले इंडिया समूह के सदस्यों ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के कक्ष में बैठक की और संसद में सरकार को घेरने की रणनीति पर विचार किया।

## सीबीआई के पूर्व निदेशक विजय शंकर का निधन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के पूर्व निदेशक विजय शंकर का मंगलवार सुबह ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में निधन हो गया। यह जानकारी उनके परिवार के एक करीबी सदस्य ने दी है। परिवार के सदस्य ने बताया कि शंकर की अंतिम इच्छा के अनुसार उनके अवशेष एम्स को दान किए जा रहे हैं। विजय शंकर तिवारी 1969 बैच के यूपी कैडर के आईपीएस अधिकारी थे। उन्होंने दिसंबर 2005 से जुलाई 2008 तक जांच एजेंसी सीबीआई के निदेशक रहे है।




चूहा-सुनती हो-कल महाराष्ट्र में नई सरकार शपथ लेने वाली है।
चुहिया- हां प्रिये- लेकिन आज तक बारात के दूल्हे का ऐलान नहीं हुआ।

चुनाव आयोग से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल, कहा-

# चुनाव में पारदर्शिता व विश्वास जरूरी

### आशंकाओं पर मांगा विस्तृत विवरण

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मुलाकात कर हाल में महाराष्ट्र तथा अन्य राज्यों में हुए चुनावों से जुड़ी अपनी आशंकाओं को लेकर आज ज्ञापन सौंपा और इस पर जल्द से जल्द विस्तृत जवाब देने की मांग की ताकि देश की चुनाव प्रणाली की पारदर्शिता पर लोगों का विश्वास कायम रहे।

चुनाव आयोग से मिलने गए कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी, राज्यसभा सांसद मुकुल वासनिक,महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले, पार्टी के संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, प्रवीण चक्रवर्ती, गुरदीप सप्पल, शशिकांत सेंथिल, ओमर होडा तथा संजीव सिंह शामिल थे।

श्री सिंघवी ने चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद निर्वाचन सदन के बाहर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा चुनाव आयोग से करीब डेढ़ से 2 घंटे तक व्यापक वार्ता हुई है और उनसे बातचीत में कहा गया कि चुनाव में पारदर्शिता और विश्वास बहुत जरूरी है अन्यथा यह लोकतंत्र पर आघात होता है। आयोग से मांगे गए सारे डाटा उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। इस डाटा के मिलने से यह पता चल जाएगा कि महाराष्ट्र में इतने बड़े पैमाने पर लोगों के नाम वोटर लिस्ट से कैसे हटाए और जोड़े गए हैं। उन्होंने कहा कई जगह ऐसे प्रमाण मिले हैं कि एक व्यक्ति के नाम से दो से ढाई सौ लोगों के नाम हटाए गए हैं। यह साबित करता है कि चुनाव प्रक्रिया को विकृत किया जा रहा है। इसमें एक मुद्दा यह भी था कि लोकसभा के चुनाव के बाद उसी क्षेत्र में पांच माह बाद लगभग 3 लाख कम नाम वोटर लिस्ट में पाए गए।



### मतदान के अंतिम आंकड़ें में होता है बड़ा अंतर

इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात है कि शाम पांच बजे वोट समाप्त होने के बाद 55 प्रतिशत मतदान आता है और रात 11 बजे के करीब मतदान 65 प्रतिशत हो जाता है। अंतिम आंकड़ा 67 प्रतिशत का आता है।

### महाराष्ट्र में 118 विस क्षेत्रों में वोटर बढ़े

कांग्रेस नेता ने कहा जब वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने तथा हटाने और मतदान प्रतिशत में फर्क का सवाल पूछा गया तो आयोग ने कहा कि इन दोनों प्रक्रियाओं में अंतर होता है। महाराष्ट्र में करीब 118 विधानसभा क्षेत्रों में वोटर बढ़े हैं और इन्हीं क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवार जीते भी हैं। यदि हमारे सवालों का आयोग उत्तर देता है तो कांग्रेस के पास विशेषज्ञ हैं और पार्टी इस विवरण का विश्लेषण वह इसका विश्लेषण करेंगे। उन्होंने कहा चुनाव आयोग के सामने जो विस्तृत चर्चा हुई है उसमें मांग की गई है कि वह लिखित जवाब हमारे सवालों का दे ताकि पारदर्शी और विश्वसनीय डाटा लोगों के सामने रखे।

# संबल योजना : मुख्यमंत्री आज श्रमिकों के खातों में डालेंगे 225 करोड़ रुपए

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 4 दिसम्बर को संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता के 10 हजार 236 प्रकरणों में श्रमिकों के परिवारों को सहायता राशि 225 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से वितरित करेंगे। भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही उपस्थित रहेंगे।

संबल योजना प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें अनुग्रह सहायता योजना में दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। इसी प्रकार स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 01 लाख रूपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में जहाँ एक ओर महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपये दिये जाते हैं तो वहीं दूसरी ओर श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत नि:शुल्क शिक्षा भी उपलब्ध करवायी जाती है। प्रदेश के लाखों श्रमिक एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबल योजना में सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन प्रारम्भ किया गया है। इन्हें भी संबल योजना में लाभ प्रदान किये जा रहे हैं। संबल योजना प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें श्रमिक को जन्म से लेकर मृत्यु तक आर्थिक सहायता प्राप्त होती है।






### कुल 10 हजार 236 श्रमिक परिवार होंगे लाभान्वित

मध्यप्रदेश सरकार ने संबल योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। संबल योजना में सभी योजनाओं जैसे अंत्येष्ठी सहायता, मृत्यु अथवा दिव्यांगता पर अनुग्रह सहायता, शिक्षा प्रोत्साहन योजना, प्रसूति सहायता, आयुष्मान भारत, राशन पर्ची आदि का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के लाखों निर्माण श्रमिकों के लिये भी निर्माण मंडल के माध्यम से कई योजनाएं संचालित की जाती हैं इनमें निर्माण श्रमिकों की मृत्यु होने पर अनुग्रह सहायता तथा स्थायी एवं आंशिक अपंगता पर सहायता भी सम्मिलित है। सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामय योजना अंतर्गत पात्र श्रेणी में चिन्हित किया गया है। अब वे भी 5 लाख रूपये वार्षिक नि:शुल्क चिकित्सा प्राप्त कर रहे है। प्रदेश में अब तक 1 करोड़ 73 लाख श्रमिकों का संबल 2.0 योजना के अंतर्गत पंजीयन किया जा चुका है।

## चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की सुनवाई से हटे सीजेआई

### मामले की सुनवाई 6 जनवरी से शुरू होगी



सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़े मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। मामले की सुनवाई 6 जनवरी से शुरू होगी और इसके लिए नई बेंच का गठन किया जाएगा। 2 मार्च 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया था, जिसमें कहा गया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति तीन सदस्यीय पैनल की तरफ से की जाएगी। इसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यीय बेंच ने यह फैसला सुनाया था। इसमें सीजेआई संजीव खन्ना भी शामिल थे, तब वे सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस थे। हालांकि 21 दिसंबर 2023 को सरकार ने एक नया विधेयक पारित किया, जिसमें चीफ जस्टिस को पैनल से हटा दिया गया और उनकी जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल किया गया। इसे प्रधानमंत्री चुनेंगे। केंद्र सरकार के इसी फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर ने याचिका दायर की है।

# प्रदेश का आठवां टाइगर रिजर्व क्षेत्र बना रातापानी

### सही मायनों में मध्यप्रदेश बना टाइगर स्टेट : मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रातापानी सैंक्चुअरी टाइगर रिजर्व बफर एरिया घोषित होने से मध्यप्रदेश अब वास्तविक रूप में टाइगर स्टेट बन गया है। मध्यप्रदेश के लिये यह बहुत बड़ी सौगात है। केन्द्र सरकार के अनुमोदन के बाद रातापानी, मध्यप्रदेश का 8वां टाइगर रिजर्व क्षेत्र घोषित किया गया है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने वन्य जीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए मध्यप्रदेश को हमेशा प्राथमिकता दी है, जिसके परिणामस्वरूप श्योपुर के कूनो में चीते और उसके बाद रातापानी को टाइगर बफर क्षेत्र का अनुमोदन मिला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रातापानी सैंक्चुअरी टाइगर रिजर्व बफर जोन की विशेष बात यह है कि यह देश का एकमात्र ऐसा टाइगर रिजर्व है जो राजधानी (भोपाल) के बेहद नजदीक है। इससे यह माना जा सकता है कि राजधानी इस अभयारण्य का हिस्सा है। इस अभयारण्य के दायरे में रायसेन, भोपाल और सीहोर जिले का क्षेत्र भी आएगा। यहां लगभग 90 से ज्यादा बाघ और अन्य वन्य जीव भी हैं। उन्होंने कहा कि रातापानी को टाइगर रिजर्व घोषित करने से पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा। टाइगर रिजर्व का संपूर्ण कोर क्षेत्र रातापानी अभयारण्य की सीमा के भीतर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रामीणों के वर्तमान अधिकार में कोई परिवर्तन नहीं होगा बल्कि स्थानीय ग्रामीणों को पर्यटन से रोजगार के नये अवसर मिलेंगे और उन्हें आर्थिक रूप से लाभ भी मिलेगा।

## संभल में भाईचारे को गोली मारने का काम हुआ : अखिलेश

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया और यूपी के कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने मंगलवार को लोकसभा में संभल हिंसा पर बयान देते हुए इस घटना को सोची-समझी साजिश करार दिया। उन्होंने संभल में माहौल बिगाड़ने वाले लोगों के साथ पुलिस और प्रशासन को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि इन्हें निलंबित किया जाना और हत्या का मुकदमा चलाया जाना चाहिए, ताकि आगे कोई संविधान के खिलाफ इस तरह का काम ना कर सके।

**लोकसभा की कार्रवाई**

अखिलेश यादव ने लोकसभा में कहा, संभल में जो अचानक घटना हुई है, वो एक सोची समझी-साजिश के तहत हुई है और संभल में भाईचारे को गोली मारने का काम हुआ है। देशभर में भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगियों, जो बार-बार खुदाई की बातें कर रहे हैं, ये खुदाई हमारे देश का सौहार्द, भाईचारा, गंगा-जमुनी तहजीब को खो देगा।

## एकनाथ शिंदे से फिर मिलने पहुंचे फडणवीस

**महाराष्ट्र में शपथ ग्रहण से पहले सियासी हलचल**

**मुंबई, (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र में महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह से पहले सियासी हलचल तेज हो गई है। भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मिलने के लिए उनके आधिकारिक निवास वर्षा बंगले पर पहुंचे हैं। दोपहर में कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई थी। इसके बाद वह कुछ आधिकारिक बैठकों के लिए वर्षा बंगले पर पहुंचे थे। सीएम शिंदे ने महायुति सरकार के शपथ ग्रहण की तैयारियों के साथ 6 दिसंबर को बाबासाहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस को लेकर अधिकारियों से बातचीत की थी।

एकनाथ शिंदे पिछले गुरुवार से सर्दी-बुखार के बाद अस्वस्थ हैं। उनके गले में इंफेक्शन है। डॉक्टरों के अनुसार बुखार के कारण उन्हें कमजोरी आई है। उन्होंने सीएम शिंदे को आराम करने की सलाह दी है। फडणीस ऐसे वक्त पर एकनाथ शिंदे से मिलने पहुंचे हैं जब महायुति में सरकार के फॉर्मूले को लेकर तनातनी और नाराजगी की बातें सामने आ रही हैं।

**आज सुबह भाजपा विधायक दल की बैठक**-भाजपा ने विधायक दल के नेता का चुनाव करने के लिए बुधवार की सुबह 10 बजे विधायकों की बैठक बुलाई है। इसके लिए केंद्रीय आलाकमान में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पर्यवेक्षक बनाया है। इसमें भाजपा के विधायक अपने नेता का चुनाव करेंगे। इसके बाद नेता का ऐलान होगा। भाजपा की तरफ से देवेंद्र फडणवीस दावेदार हैं। तो वहीं दूसरी तरफ महायुति की नई सरकार में शिवसेना की तरफ से गृह विभाग मांगे जाने की चर्चा है।

केरल में बस में घुसी तेज रफ्तार कार

## पांच एमबीबीएस छात्रों की मौत, कटर से छत काटकर निकाले गए शव



**अलाप्पुझा।** केरल के अलाप्पुझा में सोमवार रात एक भयानक सड़क हादसे में पांच एमबीबीएस छात्रों की मौत हो गई। ये छात्र जिस कार में सफ़र कर रहे थे, उसकी केरल राज्य सड़क परिवहन निगम की बस से टक्कर हो गई। हादसा रात लगभग 10 बजे कलाकोड के पास हुआ। इस टक्कर में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। छात्रों को कार तोड़कर बाहर निकाला गया। पुलिस के अनुसार, मृतक एक सरकारी मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्र थे। कार में कुल सात लोग सवार थे, जिनमें से पांच की मौत हो गई। बस में सवार यात्रियों को मामूली चोटें आईं। हादसे के बाद सड़क पर यातायात प्रभावित रहा। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

**टीडी मेडिकल कॉलेज के थे छात्र**-जानकारी के असार, मृतक छात्र टीडी मेडिकल कॉलेज, अलाप्पुझा के प्रथम वर्ष के छात्र थे। मृतकों की पहचान लक्षद्वीप के देवनंदन, मुहम्मद इब्राहिम, आयुष शाजी, श्रीदीप वलसन और मुहम्मद जब्बार के रूप में हुई है। हादसा इतना भयानक था कि उनकी कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। रेस्क्यू टीम को कार में फंसे छात्रों को निकालने के लिए मेटल कटर का इस्तेमाल करना पड़ा।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ। पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2024-25
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

खतरा — भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की कार्रवाई

# पैकेज्ड ड्रिंकिंग,मिनरल वाटर हैं खतरनाक!

**नई दिल्ली।** सफर या कहीं घूमने फिरने के दौरान हम अक्सर मिनरल वाटर या पैकेज्ड ड्रिंकिंग लेते हैं। हमारा मानते हैं कि ये पानी साफ सुथरा है और इससे हमें कोई नुकसान नहीं होगा, लेकिन ऐसा नहीं है। ये पानी आपकी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने सोमवार 2 दिसंबर को पैकेज्ड ड्रिंकिंग और मिनरल वाटर को ' हाई रिस्क खाद्य पदार्थ श्रेणी' के रूप में शामिल किया है। जिसके बाद अब इनका अनिवार्य निरीक्षण और थर्ड पार्टी ऑडिट किया जाएगा।

दरअसल यह घोषणा केंद्र सरकार द्वारा पैकेज्ड और मिनिरल वाटर उद्योग के लिए भारतीय मानक ब्यूरो से प्रमाणन प्राप्त करने की अनिवार्य शर्त को हटाने के बाद की गई है। ये फैसला पैकेज्ड पानी और मिनरल वाटर कंपनियों को बड़ा झटका माना जा रहा है। एफएसएसएआई द्वारा जारी किए गए नए नियम के मुताबिक अब सभी पैकेज्ड और मिनिरल वाटर



निर्माताओं को सालाना निरीक्षण का सामना करना पड़ेगा। किसी भी कंपनियों को लाइसेंस या पंजीकृत करने से पहले ये निरीक्षण किया जाएगा।

**थर्ड पार्टी करेगी ऑडिट**-एफएसएसएआई आदेश के मुताबिक पैकेज्ड के साथ ही हाई रिस्क वाले सभी खाद्य श्रेणियों के व्यवसायों को एफएसएसएआई द्वारा मान्यता प्राप्त थर्ड पार्टी खाद्य सुरक्षा एजेंसियों से सालाना ऑडिट कराना होगा। इस फैसले के पीछे सरकार का मकसद इन उत्पादों की

### हाई रिस्क कैटेगरी में डाला

सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों में सुधार करना है, ताकि जो लोग इन चीजों का इस्तेमाल करते हैं उन्हें सुरक्षित चीज मिल सके और उनकी सेहत ठीक रहे।

**कंपनियों को सर्टिफिकेट लेना जरूरी**-इससे पहले पैकेज्ड पेयजल उद्योग ने केंद्र सरकार से नियमों के सरलीकरण की मांग की थी। बीआईएस और एफएसएसएआई दोनों से दोहरे प्रमाणन की जरूरतों को हटाने का आग्रह किया था। पैकेज्ड पानी और मिनरल वाटर बनाने वाली कंपनियों को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण लाइसेंस के साथ ही भारतीय मानक ब्यूरो यानी बीआईएस का सर्टिफिकेट भी लेना अनिवार्य होता है। वहीं बाजार में बेची जा रही पानी की बोतलों पर बीआईएस मार्क होना जरूरी होता है।

# देश-विदेश

## दिल्ली में सांसों पर संकट बरकरार, एक्यूआई 300 पार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के लोगों को मंगलवार को भी प्रदूषण से राहत नहीं मिली है। दिल्ली के अधिकांश इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार रहा। लोगों में सांस लेने की समस्या, आंखों में जलन की शिकायत भी देखने को मिली है। हालांकि, दिल्ली में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार लगातार युद्ध स्तर पर काम कर रही है। दिल्ली सरकार के द्वारा एंटी स्मॉग गन चलाई जा रही हैं। जिससे डस्ट प्रदूषण को कम किया जा सके।

### शेख हसीना ने अंतरिम सरकार के मुखिया को घेरा

## बांग्लादेश में सामूहिक हत्याओं के मास्टरमाइंड हैं यूनुस

**न्यूयॉर्क, (एजेंसियां)।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मंगलवार को अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस पर 'सामूहिक हत्याओं का मास्टरमाइंड' होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूनुस देश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की साजिश रचने में शामिल है। न्यूयॉर्क में आवामी लीग के एक कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए हसीना ने यूनुस पर बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों, इस्कॉन स्थलों और अल्पसंख्यकों के अन्य धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। पूर्व पीएम ने कहा, आज मुझ पर सामूहिक हत्याओं का आरोप लगाया गया है। वास्तव में, यह मुहम्मद यूनुस ही हैं जो अपने छात्र समन्वयकों के साथ मिलकर एक सोची-समझी योजना के तहत सामूहिक हत्याओं के लिए जिम्मेदार हैं। वे ही मास्टरमाइंड हैं।'

**मुहम्मद यूनुस अल्पसंख्यकों पर हमलों की साजिश रचने में शामिल**

बांग्लादेश अवामी लीग (एएल) की अध्यक्ष और 'राष्ट्रपिता' बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की बेटी ने कहा, शिक्षकों और पुलिस पर हमला किया जा रहा है और उनकी हत्या की जा रही है। हिंदुओं, ईसाइयों और बौद्धों पर हमला किया जा रहा है। कई चर्चों और मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है। अल्पसंख्यकों पर हमला क्यों किया जा रहा है?'

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर अल्पसंख्कों के साथ भेदभाव बरतने, उन्हें, उनके घरों और धार्मिक स्थलों को पर्याप्त सुरक्षा न देने के आरोप लगते रहे हैं।

### हसीना ने चिन्मय की गिरफ्तारी की निंदा की

पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद एक बार फिर इन आरोपों की तरफ दुनिया का ध्यान गया है। कृष्ण दास को ढाका के हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह एक रैली में भाग लेने चटगांव जा रहे थे। पिछले हफ्ते अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया और जेल भेज दिया। शेख हसीना ने इस गिरफ्तारी की निंदा और पुजारी की तुरंत रिहाई की मांग की। इस साल 5 अगस्त को शेख हसीना को सत्ता छोड़ने और देश से भागने पर मजबूर होना पड़ा था। इसके बाद देश में अल्संख्यक वर्गों पर लगातार हमलों की खबरें आ रही है। अल्पसंख्यक धार्मिक स्थलों को भी निशाना बनाया गया है।

## दलित प्रेरणा स्थल से जबरन किसानों को गिरफ्तार किया

### करीब 200 किसानों को बसों में भरकर ले गई पुलिस, किसानों ने कहा था किसी के दबाव में नहीं होगी वार्ता



**नोएडा, देशबन्धु।** नोएडा में दलित प्रेरणा स्थल पर धरना दे रहे किसानों को पुलिस प्रशासन ने जबरन उठा दिया। इस दौरान पुलिस की किसानों से झड़प हो गई। जमकर धक्का-मुक्की भी हुई। पुलिस ने किसानों और धरने पर बैठी महिलाओं को उठाना शुरू कर दिया। कई किसानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इससे अन्य किसान भड़क गए। उनकी गाड़ियों को पुलिस ने क्रेन से उठवा लिया।

पुलिस की जबरन गिरफ्तारी के बाद 2 महिला किसान बेहोश हो गई हैं। साथी महिलाओं ने पानी की छींटें डालकर उन्हें होश में लाया गया। इसके बाद पुलिसकर्मी उन्हें रोडवेज बस तक लेकर पहुंची। करीब तीन-चार बसों में किसानों को भरकर सूरजपुर पुलिस लाइन ले जाया गया। जहां से सभी किसानों को पुलिस लुकसर जेल लेकर पहुंची है। इस दौरान कड़ी सुरक्षा रही। बसों के आगे पीछे पुलिस की गाड़ियां चलती रहीं। इस दौरान किसान बस में सरकार विरोधी नारे लगाते रहे। वहीं धरना स्थल राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह भी पहुंची।

**ऐसे दबाव में वार्ता नहीं करेंगे, जेल जाने को हम तैयार हैं**-इससे पहले मंगलवार सुबह धरना स्थल पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पवन खटाना ने किसानों को संबोधित किया। उन्होंने ने पुलिस प्रशासन पर दबाव डाल कर बात करने का आरोप लगाया है। किसानों का कहना कि प्रशासन की मंशा ठीक नहीं लग रही है। गांव में पुलिस फोर्स लगा रखी है। किसान, किसान नेताओं को हाउस अरेस्ट कर रखा है। कुछ लोगों को थाने पर बैठा रखा है। किसानों का कहना है कि ऐसे दबाव में वार्ता नहीं करेंगे। जेल जाने को हम तैयार हैं। हम यहां जेल जाने को ही आए हैं।

**नरेश टिकैत ने बुलाई पंचायत**- किसानों की गिरफ्तारी के वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए। जिसके अन्य किसान संगठनों ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ये जेल भरो आंदोलन है। या तो हमारी मांग मानी जाए अन्यथा हमें जेल भेज दिया जाए। इस बीच नरेश टिकैत के ने ट्विट और पत्र जारी करते हुए मुजफ्फरनगर के सिसौली में पंचायत का आह्वान किया। वही आगे की रणनीति तय की जाएगी।

**एक हफ्ते तक दिल्ली कूच नहीं करने का किया था फैसला**-सोमवार को किसानों ने दिल्ली कूच एक हफ्ते तक नहीं करेंगे ये फैसला लिया गया था। इस फैसले के बाद ही किसानों ने राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल में धरना शुरू किया। दरअसल यह फैसला किसान नेताओं की ग्रेटर नोएडा, नोएडा और यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद लिया गया था। इसके बाद नोएडा एक्सप्रेस-वे से बैरिकेडिंग हटा दी गई और आवाजाही शुरू हो गई थी। लेकिन पुलिस ने मंगलवार को किसानों को जबरन गिरफ्तार किया और राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल पर ताला लगा दिया ।

## हिंदुओं पर हमलों से तनाव के बीच बांग्लादेश ने भारत के राजदूत को किया तलब

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसक घटनाओं के बीच मोहम्मद यूनुस सरकार ने अगरतला मामले में भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया है। अगरतला में बीते दिनों बांग्लादेश के राजनयिक मिशन में तोड़फोड़ की घटना हुई थी। बांग्लादेश सरकार ने इस घटना को लेकर अपना विरोध दर्ज किया है। अंतरिम सरकार में कानूनी मामलों के सलाहकार ने विरोध दर्ज करते हुए कहा कि भारत को समझना चाहिए कि यह शेख हसीना का बांग्लादेश नहीं है।

दरअसल मामला यूं है कि हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी और बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हमलों के विरोध में पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में सोमवार को हजारों की संख्या में लोगों ने व्यापक प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग में कथित तौर पर घुस गए और कथित तौर पर तोड़फोड़ की। विदेश मंत्रालय ने इस घटना को बहुत खेदजनक बताया है। बांग्लादेश राजनयिक मिशन में तोड़फोड़ करने के आरोप में सात लोग गिरफ्तार हो चुके हैं और सात पुलिसकर्मियों पर लापरवाही के आरोप में ऐक्शन लिया जा चुका है।

मंगलवार को भारत और बांग्लादेश के बीच बढ़ रहे तनाव के बीच खबर आई कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापक और बहुआयामी संबंध हैं, जिन्हें किसी एक मुद्दे तक सीमित नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि भारत बांग्लादेश के साथ निरंतर, स्थिर और रचनात्मक संबंध बनाना चाहता है। उन्होंने विदेश मंत्रालय में कार्यवाहक विदेश सचिव रियाज हमीदुल्ला के साथ बैठक के बाद यह टिप्पणी की।

कानूनी मामलों के सलाहकार आसिफ नजरुल ने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा, "हम समानता और परस्पर सम्मान आधारित मित्रता में यकीन रखते हैं। शेख हसीना सरकार ने चुनावों के बिना सत्ता में बने रहने के लिए भारत समर्थक नीति का पालन किया, लेकिन भारत को यह समझना चाहिए कि यह शेख हसीना का बांग्लादेश नहीं है।"

## बंधकों को नहीं छोड़ा तो मिडिल ईस्ट में तबाही ला दूंगा- ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि- यदि गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए लोगों को उनके 20 जनवरी के शपथ ग्रहण से पहले रिहा नहीं किया गया तो मध्य पूर्व में तबाही मच जाएगी। इजरायली आंकड़ों के अनुसार पिछले साल इजरायल पर हुए हमले के दौरान हमास आतंकियों ने 250 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया था, जिसमें इजरायल-अमेरिकी नागरिक भी शामिल थे। अब भी गाजा में 101 विदेशी और इजरायली बंधकों में से लगभग आधे के जिंदा होने का अनुमान है।

ट्रंप ने अपने बयान में कहा, यदि बंधकों को 20 जनवरी 2025 तक रिहा नहीं किया जाता है तो मध्य पूर्व में तबाही मच जाएगी। उन लोगों पर सख्त एक्शन लिया जाएगा जो मानवता के खिलाफ यह अत्याचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जिन लोगों ने यह किया है, उन्हें अमेरिका के इतिहास की सबसे बड़ी सजा दी जाएगी। ट्रंप ने कहा कि अगर सही समय पर एक्शन नहीं लिया गया तो अमेरिका ऐसी सजा देगा जो आजतक किसी को नहीं मिली है।

वहीं, हमास ने बंधकों की रिहाई के बदले युद्ध खत्म करने और गाजा से इजरायल की पूर्ण वापसी की मांग की है। जबकि, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि जब तक हमास का पूरी तरह से खात्मा नहीं हो जाता तब तक युद्ध जारी रहेगा। बता दें कि इजरायल में भी बंधकों को छुड़ाने के लिए नेतन्याहू के खिलाफ विरोध के स्वर उठते रहे हैं। इसी बीच, सोमवार को हमास ने कहा कि गाजा में 33 बंधकों की मौत हो गई है, हालांकि उन्होंने उनकी राष्ट्रीयता का खुलासा नहीं किया। इजरायल ने 7 अक्टूबर 2023 को हमास नेतृत्व वाले आतंकवादियों द्वारा इजरायली समुदायों पर हमले के बाद युद्ध की शुरुआत की थी, जिसमें 1,200 लोगों की मौत हो गई थी। इजरायल की सैन्य कार्रवाई में अबतक 44,400 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं और गाजा की अधिकांश जनसंख्या विस्थापित हो चुकी है। गाजा के अधिकारियों के अनुसार, गाजा का विशाल क्षेत्र पूरी तरह से तबाह हो चुका है।

हमास के कार्यवाहक गाजा प्रमुख खलील अल-हय्या ने हाल ही में एक बयान में कहा था कि जब तक फिलिस्तीनी क्षेत्र में जंग खत्म नहीं हो जाती, तब तक इजरायल के साथ बंधकों के बदले कैदियों की अदला-बदली का कोई समझौता नहीं होगा।

## कश्मीर के ऊंचे इलाकों में हुआ हिमपात

**श्रीनगर।** सोनमर्ग सहित कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में ताजा हिमपात हुआ, जबकि कुछ मैदानी इलाकों में रात भर बारिश हुई। मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सोनमर्ग में मंगलवार को हल्की बर्फबारी हुई।


### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

**भवन नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित बर्राटोला देवधरा मंडला स्थित भवन क्र. ई.डब्ल्यू.एस. 55 श्रीमती अनीता धुर्वे पति श्री लक्ष्मी प्रसाद धुर्वे के नाम से आंवटित है एवं दिनांक 31.03.2018 को विक्रय विलेख निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन के आवंटी श्रीमती अनीता धुर्वे पति श्री लक्ष्मी प्रसाद धुर्वे की मृत्यु दिनांक 26.02.2020 को हो गयी है। आवंटी ने मण्डल के साथ निष्पादित अनुबंध एवं पंजीकृत विक्रय विलेख में उनके पति श्री लक्ष्मी प्रसाद धुर्वे पिता स्व. श्री शेर सिंह धुर्वे को नामिनी नियुक्त किया था। नामिनी श्री लक्ष्मी प्रसाद धुर्वे पिता स्व. श्री शेर सिंह धुर्वे के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथपत्र अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त भवन के नामांतरण हेतु आवेदन / दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं, उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

र.नं. 2219

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार पनागर जिला जबलपुर

रा.प्र.क. 1441 ) अ-6/24-25

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स आर.बी. ओवरसीज प्राइवेट डायरेक्टर नारयण प्रसाद पिता नथनदास राय निवासी एम.आई.जी. पुनीत नगर अधारताल जबलपुर ने ग्राम कटैया प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. पनागर स्थित भूमि खसरा नं. 82/2 रकवा 3.2400 हे. भूमि का फौती/ वसीयत/विक्रय पत्र/ दान/पत्र/ पारिवारिक व्यवस्था पत्र/आपसी बटवरा के आधार पर नामांतरण बटवारा/अभिलेख दुरुस्त/रकवा सुधार/ नक्शा बटांक हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है। अतः उक्त भूमि के नामांतरण बटवार/अभिलेख दुरूस्ती/ रकवा सुधार/ नक्शा बटांक जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति इश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिनो के अंदर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार आज दिनांक 2/12/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सुनवाई दिनांक 18/12/24

र.नं. 2213

नायब तहसीलदार
पनागर

### इश्तहार

सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार नारायण प्रसाद उईके तनय सुखलाल उईके निवासी ग्राम केवलारी थाना माहूलझिर जिला छिन्दवाड़ा हाल ग्राम हरकपुरा थाना माहूलझिर जिला छिन्दवाड़ा के द्वारा वर्ष 2018 में एक वाहन क्रमांक- एमपी-28-सीए-8508 बोलेरो कार को महिन्द्रा एंड महिन्द्रा फाइनेंस कंपनी छिन्दवाड़ा से फाइनेंस करवाया था जिसकी मुव राशि 6,80,000/- ( 6 लाख अस्सी हजार ) रूपये फाइनेंस करवाया था जिसकी पूरी किस्तें जमा कर चुका है इसकी एन.ओ.सी. दिनांक 02.09.2021 को महिन्द्रा एंड महिन्द्रा फाइनेंस कंपनी छिन्दवाड़ा से जारी होकर प्राप्त की थी जो मेरे पक्षकार के घर ( हरकपुरा ) में कहीं गुम हो गई है बहुत खोजने पर भी प्राप्त नहीं हो रही मेरे पक्षकार ने अपना वाहन एमपी-28-सीए-8508 बोलेरो कार किसी अन्य कंपनी से फाइनेंस नहीं करवाया है। मेरे पक्षकार को उक्त वाहन विक्रय हेतु एनओसी की आवश्यकता है इस कारण महिन्द्रा एंड महिन्द्रा फाइनेंस कंपनी छिन्दवाड़ा से कार्बन प्रति ( द्विितीय प्रति ) प्राप्त करने हेतु आम सूचना ( इश्तहार ) आज दिनांक-03-12-2024 को प्रकाशित किया जा रहा है।

### नाम सुधार सूचना

मैं लीलाबाई पति शिवराज सिंह उम्र-63 वर्ष निवासी 1281/12 जयप्रकाश नगर अधारताल जबलपुर निम्नलिखित कथन करती हूँ-

1 यह कि मैं जबलपुर ( म.प्र ) की निवासी हूँ। जिसमें जन्म से निवासरत हूँ।

2. यह कि मेरे दो नाम क्रमशः लीलाबाई और लीलावती सिंह है।

3 यह कि अब मुझे केवल लीलाबाई के नाम से जाना जाये।

4 यह कि मेरे आधार तथा पेनकार्ड में लीलाबाई लिखित है।

5. यह कि उपरोक्त मेरे द्वारा सत्यापित है । जिस हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया है।

र.नं. 2220

शपथकर्ती
लीलाबाई

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

In The Court of VIII Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur
presiding Officer:
अंकिता शाही

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000182/2024)

किरण लखेरा उर्फ निशा लखेरा..........आवेदक
Vs
एच.डी.एफ.सी. स्टेंडर्ड लाईफ इंश्यो. कं. लि.....अनावेदक

Process Id- /2024
पेशी दिनांक:-12/01/2025

प्रेषिती-
( 1 ) आम जनता पता - जबलपुर मध्यप्रदेश
( 2 ) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक किरण लखेरा उर्फ निशा लखेरा पता निवासी- म.नं. 186 गढ़ा वार्ड, बाजार रोड, राधा कृष्ण मंदिर के पास, गढ़ा पुरवा, जबलपुर ने मृतक राजकुमार लखेरा निवासी- 186 मनडपम् गढ़ा जबलपुर की एच.डी.एफ.सी. स्टेंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. द्वारा प्रबंधक प्रथम तल 123 मनुकला रामेश्वर निलय नेपियर टाउन में जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 12 जनवरी 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 12 जनवरी 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 21 नवम्बर 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन एवं उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(श्रीमती अंकिता शाही)
अष्टम सिविल न्यायाधीश
(वरिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र.)

In The Court Of III Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur
Presiding Officer: रिशा अहमद कुरैशी
( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु।
( RCS A /0001219/2024)

सरोज बाई......................................................वादी
Vs
आम जनता.....................................................प्रतिवादी

Process Id-/2024
पेशी दिनांक - 23/12/2024

प्रेषिती-
( 1 ) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी सरोज बाई ने आपके विरूद्ध आरसीएसए दावा वास्ते वाद सिविल हेथ की घोषणा वास्ते वाद मूल्यांकन 1000 रुपये के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर ( अधिवक्ता ) द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 02 दिवंबर 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा-

टिप्पणी:-पेपर प्रकाशन एवं उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ दावा वास्ते वाद सिविल हेथ की घोषणा वास्ते वाद मूल्यांकन 1000 रुपये के प्रथम दो पृष्ठों की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

( रिशा अहमद कुरैशी )
तृतीय सिविल न्यायाधीश ( कनिष्ठ खण्ड )
र.नं. 2214 जबलपुर, ( म.प्र. )

### बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा,
गौ माता चौक, राईट टाउन, जौहरी हॉस्पिटल के बाजू में, जबलपुर- 482002
Phone - +91-761-2409255
Email - sarjab@bankofbaroda.com

**ई- नीलामी विक्रय सूचना**

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु नोटिस**

परिशिष्ट- IV क (नियम 6 (2) एवं 8(6) का परन्तुक देखें)

SCAN HERE For Detailed Terms & Conditions

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6 (2) एवं 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्यामूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियॉं जो **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित हैं, जिसका **भौतिक कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है को **"जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है"** एवं **"दायित्व रहित के आधार पर"** के आधार पर निम्न वर्णित ऋणियों से **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार को निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई- नीलामी द्वारा बेची जाएगी।

| क्र. | शाखा का नाम | शाखा/ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | चल एवं अचल संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम/संपत्ति का प्रकार (भौतिक/सांकेतिक) | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि | ई-नीलामी की दिनांक एवं समय | डिमांड नोटिस तिथि / कब्जे की तिथि / बकाया राशि | कब्जा की स्थिति रचनात्मक/ भौतिक | संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ROSARB JABALPUR | 1. श्रीमती शीतल कौर अलघ पत्नी श्री तरणजीत सिंह अलघ 2. श्री तरणजीत सिंह अलघ पुत्र श्री गुरुचरण सिंह अलघ दोनों पते पर: (1) 83/5, मेन्स विहार सगड़ा, पुराने नागपुर रोड से सटे, जबलपुर (म.प्र.) 482003 (2) ब्लॉक नं. 5बीबी/एच, कोकिला रिज़ॉर्ट के सामने सगड़ा, जबलपुर (म.प्र.)482003 | निर्माण हेतु मशीन - अगरबत्ती (10), ड्रायर (1) एवं मिश्रण (1) | Rs. 2,80,000/- / Rs. 28,000/- / Rs. 10,000/- | 24/12/2024 2.00 pm to 6.00 pm | 18/09/2018 / 14/10/2022 / Rs. 28,52,048.83/- + ब्याज से एवं अन्य खर्चे | Symbolic | 21/12/2024 |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://auctiontiger.in पर दिए गए लिंक को देखें। इसके अलावा, संभावित बोलीदाता अधिकृत अधिकारी फोन नंबर-9109440686 से संपर्क कर सकते हैं।

स्थान: जबलपुर, दिनांक: 04.12.2024

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

### कार्यालय कलेक्टर, जिला सतना एवं पदेन उपसचिव मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग सतना

क्र. 2582/भू-अर्जन/2024 सतना, दिनांक 26.11.2023

**अधिसूचना**

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद ( 1 ) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के पद ( 2 ) में उल्लिखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। अतः भू-अर्जन अधिनियम 2013, संशोधन ( क्र. एक, सन् 2013 ) की धारा 19 के अंतर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता है:-

अनुसूची

( 1 ) भूमि का वर्णन: ( म.प्र. शासन / निजी खाता )
( क ) जिला सतना ( ख ) तहसील- नागौद
( ग ) नगर / ग्राम - वसुधा ( घ ) क्षेत्रफल 1.859 हे.

| क्र. | भूस्वामी का नाम/पिता का नाम | खसरा नं. | अर्जित रकवा हे. में |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | छोटेलाल पिता बाबूलाल बागरी पता वसुधा नागौद सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 1052/2 | 0.051 |
| 2 | शकुन्तला पत्नी नत्थूलाल सेन सा.देह भूमि स्वामी | 1047 | 0.106 |
| 3 | धरमदास पिता रामदीन सा.टिकुरी जाति बढ़ई भूमि स्वामी | 1046 | 0.206 |
| 4 | प्रकाश सिंह बागरी पिता रामनरेश बागरी पता सा. देह नागौद सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 1044 | 0.042 |
| 5 | रामराज पिता रामभगत बागरी पता वसुधा नागौद सतना मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 1045 | 0.252- |
| 6 | लालजी पिता बाबूलाल बागरी पता वसुधा नागौद सतना मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 1033 | 0.192 |
| 7 | ओमप्रकाश पिता वृन्दावन ब्रा पता वसुधा नागौद सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 1034/1/10/1/10 | 0.200- |
| 8 | प्रदीप पुत्र गजाधर प्रसाद बागरी पत्ता सा.वसुधा तहसील नागौद सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 1034/1/10/2/1/1 | 0.008- |
| 9 | बृजमोहन पिता बन्दी प्रसाद उर्फ राममसुजान बागरी पता वसुधा नागौद सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 1034/1/10/2/1/2 | 0.100- |
| 10 | प्रदीप कुमार पिता गजाधर प्रसाद बागरी पता वसुधा नागौद सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 1034/1/10/2/2 | 0.091- |
| 11 | प्रदीप कुमार पिता गजाधर प्रसाद बागरी पता वसुधा नागौद सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 1035/1/23/1 | 0.022- |
| 12 | फूलचन्द्र पिता भागीरथी बागरी पता हिलौंधा तहसील नागौद सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 1021/1 | 0.124 |
| 13 | रामलाल पिता भागीरथी बागरी पता हिलौंधा तहसील नागौद सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 1021/2 | 0.124 |
| 14 | शत्रुधन प्रसाद पिता श्यामसुन्दर ब्रा पता वसुधा नागौद सतना मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 1018/3 | 0.006 |
| 15 | शत्रुधन प्रसाद पिता श्यामसुन्दर ब्रा पता वसुधा नागौद सतना मध्य प्रदेश भूमिस्वामी | 1019/1074 | 0.206 |
| 16 | शत्रुधन प्रसाद पिता श्यामसुन्दर ब्रा पता वसुधा नागौद सतना मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 1019/2 | 0.012 |
| 17 | इन्द्रवती बेवा गयाप्रशाद बागरी पता वसुधा नागौद सतना मध्य प्रदेश भूमिस्वामी | 1003 | 0.117 |
| | | कुल रकबा | 1.859 हे. |

( 2 ) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिये अर्जन आवश्यक है-कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-7 नागौद म.प्र. द्वारा बरगी व्यपवर्तन परियोजना में बरगी व्यपवर्तन परियोजना अन्तर्गत नागौद सतना शाखा नहर के अन्तर्गत उमरहट वितरिका के उमरहट माइनर नहर के निर्माण हेतु।
( 3 ) भूमि के नक्शे ( प्लान ) का निरीक्षण कलेक्टर ( भू-अर्जन ) जिला सतना के न्यायालय में किया जा सकता है।

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

G-19786/24

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(अनुराग वर्मा) कलेक्टर जिला सतना (म.प्र.)
एवं पदेन उप सचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग

### कार्यालय नगर परिषद नौरोजाबाद जिला उमरिया म.प्र.

Email Id-cmonorojabad@mpurban.gov.in

**//निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_385728_1 03.12.2024 | Inviting Rate of ISI Certified SANITAION Material for Financial Year 2024-25 in Nagar Parishad Nowrozabad | 2024-25 9,99,000.00 | 2000.00 10,000.00 | 18-Dec-2024 05:30 PM |
| 2 | 2024_UAD_385715_1 03.12.2024 | Inviting Rate of FLEX PRINTING AND OTHER ITEM for Financial Year 2024-25 in Nagar Parishad Nowrozabad As Per Attached List | 2024-25 9,99,000.00 | 2000.00 10,000.00 | 18-Dec-2024 05:30 PM |
| 3 | 2024_UAD_385700_1 03.12.2024 | Inviting Rate of CHEEP, DASA AND OTHER ITEM for Financial Year 2024-25 in Nagar Parishad Nowrozabad As Per Attached List | 2024-25 9,99,000.00 | 2000.00 10,000.00 | 18-Dec-2024 05:30 PM |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन वेबसाईड **https://mptenders.gov.in** पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में नही किया जावेगा। निविदा से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय में संपर्क कर सकते है।


(ज्योति सिंह)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद नौरोजाबाद जिला उमरिया (म.प्र.)

# देश-प्रदेश

**उवाच**

## कश्मीरी पंडित तय करें उन्हें कब वापस आना है-फारूक अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि केंद्र को देश में सांप्रदायिक तनाव फैलाने वाली गतिविधियों पर रोक लगानी चाहिए और मुसलमानों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, संभल जैसी घटनाएं रोकने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोई भी कश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी के खिलाफ नहीं है। अब्दुल्ला ने कहा, जब मैं सीएम था और जब अनुच्छेद 370 था- मैंने उनके (कश्मीरी पंडितों) पुनर्वास की कोशिश की, लेकिन उन दिनों स्थिति खराब थी। कश्मीरी पंडितों को यहां आने से कौन रोकता है हर राजनीतिक दल ने कहा है कि उन्हें वापस लौटना चाहिए।



मुख्यमंत्री ओंकारेश्वर में आयोजित अमृतस्य मां नर्मदा पद परिक्रमा कार्यक्रम में हुए शामिल

## नर्मदा परिक्रमा पथ को बेहतर तरीके से विकसित किया जाएगा




**भोपाल, देशबन्धु।** संत और भगवा की अपनी एक विशेषता होती है। संतजन समाज और हजारों जीवन को सद मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हुए ऊर्जा प्रदान करने का कार्य करते हैं। जिस प्रकार से सूर्य और दीप हमें ऊर्जा प्रदान कर अंधकार से मुक्त कराते हैं, वैसे ही संत जन हमारे जीवन को ज्ञान रूपी प्रकाश की नई ज्योति प्रदान करते हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज ओंकारेश्वर में ब्रह्मपुरी घाट पर आयोजित अमृतस्य मां नर्मदा पद परिक्रमा कार्यक्रम में कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ब्रह्मपुरी घाट पर मां नर्मदा का पूजन कर आरती की।

उन्होंने कहा नदी, पर्वत, पहाड़ हम मनुष्यों को प्रकृति की एक देन है। इसके संरक्षण के लिए हम सभी को प्रयास करने की आवश्यकता है। हमें अपनी संस्कृति पर गर्व है और सभी को होना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्रत्येक देवस्थान पर बेहतर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने कहा प्रदेश में पूरे नर्मदा परिक्रमा पथ को बेहतर तरीके से विकसित करते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएंगी, जिससे नर्मदा परिक्रमा यात्रियों को सुविधा होगी। उन्होंने कहा इसके लिए 5 सदस्यीय मंत्रियों की समिति भी बनाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व में एक विशेष पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा हम सभी को भारतीय संस्कृति पर गर्व और अभिमान हैं। मां नर्मदा अमरकंटक से निकलकर खंभात की खाड़ी में मिलती है। मां नर्मदा इस पूरे मार्ग में लंबी यात्रा तय करती है। पतित पावनी सलिल मां नर्मदा की धारा जिस भी मार्ग से गुजरती है वहां जीवन का सृजन और प्रकृति जीवंत होती है। मां नर्मदा के दर्शन में जीवन का दर्शन समाहित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा पूरे नर्मदा पद पर विभिन्न विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा का ऐप से परिक्रमा कर रहे लोगों को परिक्रमा मार्ग में मदद मिलेगी, साथ ही स्थानीय लोगों के लिये रोज़गार के अवसरों में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि रोज़गार के अवसर लोगों को अपने ग्राम और शहर से जोड़े रखेंगे। डिजिटल क्रांति से स्थानीय लोगों को रोज़गार देने का प्रयास नर्मदा जी के खंड में नूतन अध्याय लिखेगा। इस एप से परिक्रमा कर रहे लोग स्थानीय संस्कृति से भी परिचित होंगे। परिक्रमा मात्र साधना नहीं भारत की संस्कृति की यात्रा भी होगी और मध्यप्रदेश से आरंभ होने वाली यात्रा पूरे भारत में ऐसे और अध्यायों को लिखेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माँ नर्मदा के पावन स्वरूप को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिये परिक्रमा करने वाले श्रद्धालु तट पर 5-5 पौधे (सीड बाल्स) रोपने का पुनीत कार्य करें। इस प्रकार जब सरकार और समाज दोनों समन्वित रूप से प्रयास करेंगे तो माँ नर्मदा का आदि स्वरूप अनादि काल तक अक्षुण्ण बना रहेगा।

गुरुदत्त जन्मशती समारोह संपन्न

## गुरुदत्त फिल्म से जुड़ी हर तकनीक के पारंगत थे : गोहिल



**भोपाल, देशबन्धु।** गुरुदत्त जन्मशती समारोह के दूसरे दिन दिनभर गुरुदत्त के निजी और प्रोफेशनल जिंदगी के विभिन्न पहलुओं पर नजर डाली गई।

मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन और सिने क्लासिक के तत्वावधान में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरुआत करते हुए वरिष्ठ फिल्ममेकर एवं सिनेमेटोग्राफर राजीव शंकर गोहिल ने अपने वक्तव्य में गुरुदत्त की फिल्मोग्राफी और फिल्म क्राफ्ट एवं बतौर डायरेक्टर गुरुदत्त की मनोरचना पर बात की। गोहिल ने कहा कि वसंत कुमार शिवशंकर पादुकोण उस शख्स का नाम था, जिसे हम गुरुदत्त के नाम से जानते थे। उन्होंने महज दसवीं कक्षा तक पढ़ाई करने के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। वे अल्मोड़ा जाकर उदयशंकर जी के स्कूल में बैले सीखने लगे। उनसे जुड़े लोग बताते हैं कि गुरुदत्त को नाचना नहीं आता था लेकिन वे बैले की तकनीकियों में पारंगत थे। उन दिनों इपटा की बुनियाद पड़ रही थी। उन बैठकों में उनके ऊपर वामपंथी प्रभाव पड़ा और इसकी छाप उनकी निर्देशित फिल्मों में देखी जा सकती है। देवानंद ने उन्हें निर्देशन का पहला अवसर दिया फिल्म बाजी के जरिए। सन् 57 में 32 साल की उम्र में उन्होंने प्यासा बनाई थी। वैसे तो साहेब बीवी और गुलाम अबरार अल्वी के हिस्से आती है लेकिन फिल्म जगत के लोगों को पता है कि इसके पीछे गुरुदत्त ही थे। उन्हें हर चीज में परफेक्शन की आदत थी। वे इतने रिटेक्स करते थे कि एक बार खुद का 78वां रीटेक किया था।

इसके बाद, एक्टर राजेंद्र गुप्ता ने सुदीप सोहनी की गुरुदत्त पर लिखी कविता का ऑनलाइन पाठ किया। इस कविता के माध्यम से सुदीप ने गुरुदत्त को समझने और समझाने की कोशिश की है। फिल्म नानक शाह फकीर जैसी फिल्मों के निर्देशक निमिष गौर ने गुरुदत्त के सिनेमाई शिल्प को उनकी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज 55 के माध्यम से समझाया। उन्होंने अपने दृश्य श्रव्य में फिल्म डायरेक्शन से जुड़ी बारीकियों पर भी बात की। उन्होंने बताया कि ये गुरुदत्त की छवि से अलहदा एक रूमानी मूवी थी और उनके करियर की पांचवीं फिल्म थी। इस फिल्म की कहानी के जरिए उन्होंने फेमिनिज्म जैसे एक गंभीर विषय को हंसते हंसते अपने नजरिए से पेश किया है। उन्होंने फिल्म के किरदारों के बारे में भी विस्तार से बात की। फिल्म के दृश्यों का उपस्थित दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया। सम्मेलन के महामंत्री अभिषेक वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। शाम को अनुभूति बैंड ने मायाराम सुरजन स्मृति भवन में गुरुदत्त की फिल्मों के गीतों की खूबसूरत प्रस्तुति दी।

कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर लगाया वादे पूरे न करने का आरोप

## प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग




**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार ने पिछले एक साल में जनता से किए एक भी वादे को पूरे नहीं किए हैं। मध्य प्रदेश में हर दिन कर्ज़ बढ़ता जा रहा है। महिलाओं, आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। पार्टी ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मीडिया से चर्चा करते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था के मुद्दे पर पूरी तरह विफल रही है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में तबादला उद्योग चल रहा है। राज्य में भ्रष्टाचार व्याप्त है। प्रदेश का प्रमुख प्रशासनिक मुख्यालय वल्लभ भवन से प्रारंभ होकर निचले स्तर तक करप्शन की धुरी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में क्राईम, कर्ज और करप्शन की सरकार चल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के राज में करप्शन की कोई सीमा नहीं है।

प्रदेश अध्यक्ष श्री पटवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार कर्ज लेने में शिवराज सरकार से भी आगे है। आज प्रदेश का प्रत्येक नागरिक 50 हजार रुपए के कर्ज में है। भाजपा ने एक साल पहले जनता से अपने संकल्प पत्र में कई वादे किए थे, जिसे वह भूल गई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 3000 देने की बात हो, किसानों को गेहूं और धान के 2700 और 3100 रू. देने की बात हो, युवाओं को रोजगार देने की बात हो या पत्रकार साथियों को 60 साल की आयु के बाद 20 हजार रूपये पेंशन देने की बात हो भाजपा ने सभी के साथ धोखा किया है। उन्होंने बताया कि भाजपा को अपने संकल्प पत्र के वादे

### 16 को होगा विधानसभा का घेराव

याद दिलाने के लिए कांग्रेस 16 दिसम्बर को प्रदेशव्यापी महामार्च निकालकर विधानसभा का घेराव करेगी। जिला और ब्लाक स्तर पर बैठकें आयोजित होगी और घेराव कार्यक्रम के लिए रणनीति बनेगी।

### सड़क से सदन तक संघर्ष करेंगे : सिंघार

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि प्रदेश का किसान खाद के लिए परेशान हैं महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं, आदिवासी और दलितों को परेशान किया जा रहा है, जल जीवन मिशन में भारी भ्रष्टाचार है और गाँव में लोगों के पास पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने अपना कोई भी वादा जो अपने संकल्प पत्र में किया था वो नहीं निभाया है इसलिए सड़क से लेकर सदन तक हम जनता की आवाज़ उठाएंगे है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव लंदन के बजाए मैक्सिको, ब्राजील, चायना, अमेरिका जाते जहां से हम लोग हमेशा खाद को आयात करते आए हैं। लेकिन, किसानों की बात नहीं करना चाहते। वे यूक्रेन की बात करते हैं कि यूक्रेन के युद्ध के कारण खाद की दिक्कत है। श्री सिंघार ने कहा कि कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। इसी क्रम में 16 को विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

पत्रकार वार्ता में मध्य प्रदेश विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे पूर्व मंत्री एवं मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, सेवादल अध्यक्ष योगेश यादव, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मीतेन्द्र दर्शन सिंह, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, मप्र कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी राजीव सिंह भी उपस्थित थे।

सारंग ने कांग्रेस पर किया पलटवार, बोले- आरोप निराधार

## भाजपा सरकार हर संकल्प को करेगी पूरा, 50 से अधिक संकल्प पूर्ण हुए



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा की ओर से कांग्रेस के आरोपों पर सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने पलटवार किया। उन्होंने कांग्रेस नेताओं द्वारा लगाए गए आरोपों को असत्य, निराधार और तथ्यहीन बताया। उन्होंने कहा कि वह सिर्फ झूठ का पुलिंदा है। कांग्रेस नेताओं की मंशा मध्यप्रदेश को बदनाम करने की है। श्री सारंग ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में सभी संकल्पों को पूरा करने की दिशा में काम कर रही है और अब तक 50 संकल्प पूर्ण किए जा चुके हैं।

उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि जीतू पटवारी और उमंग सिंघार की यह पत्रकार-वार्ता क्या कांग्रेस पार्टी की आपसी गुटबाजी को छिपाने के लिए थी? मंत्री श्री सारंग ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने आज दिल्ली स्थित अपने आकाओं को खुद की प्रासंगिकता साबित करने के लिए यह निराधार पत्रकार-वार्ता की है। जल्दबाजी में कांग्रेस नेताओं ने गलत तथ्य जनता के सामने प्रस्तुत कर दिए। ऐसा लगता है कि जीतू पटवारी और उमंग सिंघार ने मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पर झूठे आरोप लगाकर कांग्रेस पार्टी की कमलनाथ सरकार के तबादला उद्योग और कर्ज की स्थिति को जनता के सामने लाना चाहते थे। कांग्रेस नेताओं को इस तरह के झूठे आरोप लगाकर जनता को भ्रमित नहीं करना चाहिए। श्री सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश की जनता समझदार है और कांग्रेस के इस तरह के आरोपों से भ्रमित होने वाली नहीं है। भाजपा सरकार ने संकल्प-पत्र के 456 बिंदुओं में एक साल के अंदर ही 50 घोषणाओं को पूरा करने के साथ 310 पर सुचारू रूप से कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार प्रदेश में विकास व जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रही है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नतृत्व में भाजपा सरकार महिला अपराध, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति को लेकर जीरो टॉलरेंस पर कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश में बीते एक वर्ष में अपराधों में 7.91 प्रतिशत की कमी आई है। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छह हजार से अधिक अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और 29 अपराधियों की 115 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई है।

### साढ़े 3 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए, 4लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

श्री सारंग ने कहा कि वर्ष 2003 से पहले मध्यप्रदेश की सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर क्या स्थिति थी यह मध्यप्रदेश की जनता से छिपा नहीं है। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया था। 2003 में भाजपा की सरकार बनने के बाद मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य से बाहर निकालकर विकासशील राज्य बनाया। मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है और आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देश और दुनिया से निवेश लाने का कार्य कर रहे हैं। मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जहां संभाग स्तर पर रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव हर जिले और हर गांव तक विकास को पहुंचाने के लिए किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कोलकाता, मुंबई, बेंगलुरू, कोयंबटूर में रोड शो और उज्जैन, ग्वालियर, रीवा, सागर व ग्वालियर में रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में 2 लाख 76 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को ब्रिटेन और जर्मनी की यात्रा के दौरान भी 78 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

### भोपाल की पहचान टाइगर राजधानी के रूप में होगी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल और मार्गदर्शन पर 2 दिसम्बर, 2024 को रातापानी को प्रदेश का आठवाँ टाइगर रिजर्व घोषित कर दिया गया है। राज्य शासन द्वारा इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है। प्रस्तावित रातापानी टाइगर रिजर्व के कोर एरिया का रकबा 763.812 वर्ग किलोमीटर तथा बफर एरिया का रकबा 507.653 वर्ग किलोमीटर है। इस प्रकार टाइगर रिजर्व का कुल रकबा 1271.465 वर्ग किलोमीटर होगा। टाइगर रिजर्व में भौगोलिक रूप से स्थित, उक्त 9 ग्राम अभयारण्य की अधिसूचना में कोर क्षेत्र में शामिल नहीं हैं।



*भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को सोमवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने संसद भवन में जन्मदिन की बधाई दी।*

मंत्री शाह ने अधिकारियों की बैठक में कहा-

## जनजातीय संस्कृति संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किये जाएंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने सोमवार को मंत्रालय में जनजातीय कार्य विभाग कीसंचालित योजनाओं और गतिविधियों की गहन समीक्षा की। मंत्री डॉ. शाह ने विभागीय योजनाओं के डिलेवरी सिस्टम को और अधिक प्रभावी और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। प्रदेश के प्रत्येक जनजातीय विकासखंड में जनजातीय संस्कृति संरक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि जनजातीय संस्कृति संरक्षण केंद्र में प्रदेश के सभी जनजातियों की देशज संस्कृति, पारम्परिक रहन-सहन, भाषा-बोली,खान-पान, आचार-विचार, पहनावा,लोकगीत और लोकनृत्य की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इस केन्द्र के जरिये शोधकर्ताओं को जनजातीय समुदाय के अतीत में हुए क्रमिक विकास से जुड़ी साहित्य सामग्री और आवश्यक होने पर प्रशिक्षण आदि भी दिया जा सकेगा।

यहां जनजातियों की पारम्परिक व्यंजन विधि और सांस्कृतिक विविधताओं को भी संरक्षित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। मंत्री डॉ. शाह ने जनजातीय कार्य विभाग के अधीन सभी प्रकार की छात्रावासों के सुचारू संचालन के लिए छात्रावास अधीक्षकों का अलग से कैडर बनाने की मंशा व्यक्त की। उन्होंने बताया कि जल्द ही बड़ी संख्या में छात्रावास अधीक्षकों के नये कैडर के अनुसार सभी रिक्त एवं नये पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जल्द ही विभाग के सभी छात्रावासों में स्थायी अधीक्षक होंगे। मंत्री डॉ. शाह ने समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पीएम जन-मन में मध्यप्रदेश में देश के दूसरे प्रदेशों की तुलना में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं।

## सुखबीर बादल को अकाल तख्त ने सुनाई सजा



**अमृतसर, एजेंसी।** सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था अकाल तख्त ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल को साल 2015 में गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम का पक्ष लेने के लिए गुरुद्वारे में रसोई और वॉशरूम की सफाई की सजा सुनाई है।

सुखबीर बादल और साल 2015 में उनके कैबिनेट के सदस्य रहे अकाली दल के नेता 3 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से एक बजे तक स्वर्ण मंदिर में शौचालय साफ करेंगे। इसके बाद स्नान करेंगे और लंगर चलाएंगे। एक घंटा बर्तन साफ करेंगे और एक घंटा गुरबाणी सुनेंगे। साथ ही जूते साफ करने की भी उनको सजा सुनाई गई है। उनके गले में तख्ती डाली जाएगी। अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह की ओर से बुलाई गई पांच सिंह साहिबानों की बैठक के बाद यह धार्मिक सजा सुनाई गई है। दो महीने पहले सुखबीर सिंह बादल को अकाल तख्त ने 'तनखैया' (धार्मिक दुराचार का दोषी) घोषित किया था। सुखबीर सिंह बादल के पैर में चोट लगे होने के कारण वह दरबार साहिब के बाहर चोला डाल कर व्हीलचेयर पर बैठ कर पहरेदारी करेंगे। सिरसा डेरा को माफी देने के समय प्रकाश सिंह बादल मुख्यमंत्री थे, इसलिए उनको दिया गया 'फखर ए कौम' खिताब वापिस ले लिया गया।

उप्र के कौशल विकास मंत्री अग्रवाल ने ग्लोबल स्किल पार्क का भ्रमण किया, विद्यार्थियों से मिले, अधिकारियों के साथ की बैठक

## मप्र और उप्र में कौशल विकास के लिये समन्वित होंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजनरी नेतृत्व में स्किल इंडिया के तहत युवाओं को कौशल की आधुनिक तकनीकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। युवाओं को प्रशिक्षण के लिये सिंगापुर के सहयोग से एशिया के एकमात्र विश्वस्तरीय संत शिरोमणी रविदास ग्लोबल स्किल पार्क का निर्माण किया गया। यहॉ वैश्विक मानकों के अनुरूप एडवांस्ड तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाता है।

कौशल विकास एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में नवाचारों एवं एडवांस्ड ट्रेड्स की जानकारी लेने उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री कपिल देव अग्रवाल ने कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल के साथ संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में के अधिकारियों के साथ चर्चा की। कौशल विकास एवं रोजगार सचिव राजेन्द्रन रघुराज एवं अधिकारियों ने जीएसपी की कार्यप्रणाली और नवाचारों की विस्तृत जानकारी दी। मंत्री श्री टेटवाल एवं मंत्री श्री अग्रवाल एवं ने जीएसपी की विश्वस्तरीय प्रयोगशालाओं, क्लास रूम्स, ऑडिटोरियम सहित पूरे संस्थान का भ्रमण किया। मंत्री द्वय ने क्लास रूम में पहुँचकर विद्यार्थियों से संवाद किया। विद्यार्थियों ने अपनी शिक्षण पद्धतियों और अनुभवों को साझा किया। मंत्री द्वय ने विद्यार्थियों को निरंतर प्रगति के लिये प्रेरित किया। मंत्री श्री अग्रवाल जीएसपी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उ.प्र. के विद्यार्थियों से मिले और सबके साथ ग्रुप फोटो खिंचवाया।

देशबन्धु

सतना, बुधवार 04 दिसम्बर 2024

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# महाराष्ट्र में लोकतंत्र का मजाक

महाराष्ट्र चुनावों के नतीजों में बड़ी गड़बड़ी की आशंकाओं और सवालों के बीच 3 दिसम्बर को चुनाव आयोग के सामने एक सुनहरा मौका आया था कि वह अपनी साख को सुधार ले। यह मौका दिया था कि मालशिरस विधानसभा क्षेत्र के मरकरवाड़ी गांव के लोगों ने। लेकिन चुनाव आयोग ने यह अवसर अपने हाथ से गंवा दिया। दरअसल मालशिरस विधानसभा क्षेत्र से शरद पवार की एनसीपी के उम्मीदवार उत्तम जानकर को जीत हासिल हुई है, उन्होंने भाजपा के राम सातपुते को 13,147 वोटों से हराया है, लेकिन मरकरवाड़ी गांव में राम सातपुते को उत्तम जानकर से अधिक वोट मिले। श्री जानकर को 843 और श्री सातपुते को 1003 वोट मिले, जबकि यहां के लोगों को दावा था कि राम सातपुते को सौ, दो सौ वोटों से अधिक नहीं मिल सकते, इसमें ईवीएम की गड़बड़ है। अपने संदेह को दूर करने के लिए ग्रामीणों ने ऐलान किया कि हम अपने खर्च और व्यवस्था से मतपत्रों से फिर से चुनाव कराएंगे, इसके लिए उन्होंने मालशिरस के तहसीलदार को अनुमति के लिए आवेदन दिया था। लेकिन अनुमति देने की जगह प्रशासन ने यहां न केवल वोट डालने वालों पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी, बल्कि धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी ताकि एक साथ पांच लोग इकट्ठा न हो पाएं। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पांच दिसंबर तक निषेधाज्ञा लागू करने का ऐलान किया गया है। पुलिस की सख्ती और नागरिकों के मतदान की मांग के कारण अराजकता उत्पन्न न हो इस वजह से फिलहाल ग्रामीण अपनी मांग से पीछे हट गए हैं, हालांकि इस मुद्दे को आगे चुनाव आयोग और न्यायपालिका तक ले जाने का उनका फैसला अटल है, क्योंकि सवाल लोकतंत्र की रक्षा का है।

मालशिरस के एक गांव में अगर फिर से मतदान होता, तो जाहिर है उसका कोई कानूनी आधार नहीं होता, न ही उन नतीजों से महाराष्ट्र के नतीजे प्रभावित होते, लेकिन जिस तरह पूरे राज्य में ईवीएम को लेकर सवाल उठे हैं और पूरे महाविकास अघाड़ी के बीच यह आशंका बलवती है कि उन्हें छल कपट से हराया गया, इस मतदान से कम से कम उन सवालों के जवाब मिल जाते। मरकरवाड़ी गांव के लोगों का कहना है कि यहां 2009, 2014, 2019 और पांच महीने पहले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को इतने वोट नहीं मिले थे, तो इस बार उत्तम जानकर को कम और राम सातपुते को ज्यादा वोट कैसे मिल सकते हैं। ग्रामीणों की यह आशंका मतपत्रों से चुनाव से दूर हो सकती थी और तब भी नतीजे अगर 23 तारीख को आए नतीजों की तरह रहते, तो ऐसे में चुनाव आयोग का दावा पुख्ता हो जाता कि ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं की गई। लेकिन मात्र 2 हजार की आबादी वाले एक गांव में मतपत्रों से चुनाव की एक छोटी सी कवायद पर अनावश्यक सख्ती दिखाकर चुनाव आयोग और भाजपा दोनों ने अपने चारों तरफ बन चुके संदेह के घेरे को और गाढ़ा कर लिया है। इधर महाराष्ट्र में जिस तरह सरकार बनाने में देरी हो रही है, उससे भी कई सवाल उपज रहे हैं।

गौरतलब है कि महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान हो गया था, 23 तारीख को नतीजे आ गए और नतीजों में भाजपानीत महागठबंधन को पूर्ण बहुमत हासिल हो गया है, इसके बावजूद अब तक सरकार गठन का काम लटका हुआ है। निवर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कभी हां, कभी ना और भाजपा की दबाव बनाकर सत्ता को मुट्ठी में रखने की राजनीति ने महाराष्ट्र की जनता के भविष्य को अधर में लटका दिया है। 70 सालों में शायद ही ऐसा मौका किसी राज्य में आया होगा कि किसी दल या गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिलने के बावजूद सरकार गठित करने और मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा करने में 10 दिन से ऊपर लग जाएं। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो चुका है और अगर किसी की भी तरफ से सरकार बनाने का प्रस्ताव न जाए तो कायदे से राज्यपाल को स्वत: कार्रवाई कर लेनी चाहिए। लेकिन महाराष्ट्र में कायदा भी शायद दिल्ली से और दिल्ली का ही चल रहा है, इसलिए महायुति की बैठक के लिए तारीख पर तारीख घोषित हो रही है और इन पंक्तियों के लिखे जाने तक न कोई बैठक हुई, न कोई फैसला हुआ। 23 नवंबर को नतीजे आने के बाद 25 तारीख से दिल्ली और मुंबई के बीच महायुति के नेताओं के आने-जाने का सिलसिला शुरु हो गया। यह तय हो गया कि एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे, अजित पवार उपमुख्यमंत्री पद के लिए फिर से मान गए हैं, लेकिन भाजपा ने यह स्पष्ट ही नहीं किया कि उसकी तरफ से देवेंद्र फड़नवीस का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए सामने आएगा या किसी अन्य को इस बार महाराष्ट्र की गद्दी सौंपी जाएगी। एकनाथ शिंदे अपनी कुर्सी छोड़ने के लिए तो राजी हो गए, लेकिन इसके बदले उन्हें क्या चाहिए, इस पर भी मामला अटका रहा। श्री शिंदे का सरकार गठन की चर्चा से दूर दो दिन तक अपने गांव जाकर बैठना और बार-बार बीमार पड़ना भी इस बात की तरफ इशारा करता है कि महायुति के बीच कोई बड़ी सौदेबाजी के अटके होने के कारण सरकार गठन का काम भी लटका हुआ है। हालांकि भाजपा ने 5 दिसंबर को आजाद मैदान में शपथ ग्रहण की तैयारी जोर शोर से शुरु कर दी है।

जब भाजपा के पास संख्याबल कम था, तब उसने शिवसेना और राकांपा को तोड़कर सत्ता बना ली और अवैध तरीके से बनी सरकार को ढाई साल तक चला भी लिया, तो अब पूर्ण बहुमत पाने के बाद सरकार बनाना और चलाना उसके लिए कठिन नहीं होगा। लेकिन जिस तरह की परिपाटी महाराष्ट्र में भाजपा ने डाली है, उसमें लोकतंत्र के लिए हालात कितने कमजोर हो गए हैं, यह देखकर चिंता होती है। मुख्यमंत्री का नाम तय न करना, सरकार गठन के लिए राज्यपाल को पत्र सौंपे बिना शपथ ग्रहण का इंतजाम करना और ग्रामीणों की लोकतंत्र बचाने की शांतिपूर्ण मुहिम को कुचलना यह सब चुनाव प्रक्रिया का मजाक उड़ाने जैसा लग रहा है।

# एक नए राजनैतिक नक्षत्र का उभार

झारखंड के विधायकों द्वारा मुख्यमंत्री चुन लिए जाने के बाद जब हेमंत सोरेन जब दिल्ली आकर अपने शपथ ग्रहण समारोह का न्यौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को देने आए तो कई लोगों को हैरानी हुई क्योंकि उनकी पिछली पारी में इसी जोड़ी ने उनका राज करना मुश्किल कर दिया था और आखिर में लंबी जेल भी काटने को मजबूर किया था। चुनावी लड़ाई में भी चंपई सोरेन और सीता सोरेन जैसे करीबी लोगों को तोड़कर भाजपा ने अपनी राजनैतिक लड़ाई को काफी हद तक सोरेन परिवार के खिलाफ निजी खुंदक जैसा बना लिया था। जो लोग हेमंत सोरेन और झारखंड के आम आदिवासियों का स्वभाव जानते थे उनके लिए यह न्यौता न तो महज औपचारिकता थी ना ही भाजपा के जले पर नामक छिड़कने की कोशिश। न ही इसमें यह जताने का भाव था कि आपने जितना परेशान किया मुझे आदिवासियों और झारखण्डियों का उतना ही पक्का समर्थन मिला। बताना न होगा कि मोदीजी और शाह की अनुपस्थिति के बिना भी हेमंत सोरेन का शपथ ग्रहण समारोह ग्रैंड था और उन्होंने चुनावी वायदों को पूरा करने का भरोसा दिया।

हेमंत ने इस अवसर पर ही नहीं अपनी सरकार को गिराने की भाजपाई कोशिश के पूरे पांच साल के दौर में बहुत ही मैच्योर पॉलिटीशियन होने का प्रमाण दिया, जो उनके पिता शिबू सोरेन अर्थात गुरुजी समेत कोई आदिवासी नेता नहीं देता था। आम स्वभाव में अन्याय का तगड़ा प्रतिरोध करने वाला आदिवासी अक्सर ऐसी स्थितियों में काफी उग्र प्रतिक्रिया देता रहा है जबकि उसके नेता लोभ और दबाव में टूट जाते रहे हैं। यह बात देश भर पर लागू होती है लेकिन झारखंड पर खास तौर से। वहां नेता बार-बार 'बाइक' हैं लेकिन जनता का बगावती तेवर मद्धिम नहीं पड़ा है। हेमंत ने इसी स्वभाव को पहचान कर उसे अपनी लड़ाई का मुख्य हथियार बनाया। उन्होंने झारखंड और आदिवासियों से भेदभाव का सवाल केन्द्रीय रखा और अपना दावा कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया। और जब जेल जाने की स्थिति बनी तो सीधी टकराहट (जैसा दिल्ली में अरविन्द केजरीवाल ने दिखाया) या अपने परिवार के किसी को कुर्सी सौंपने की जगह कोलहान टाइगर नाम से मशहूर चंपई सोरेन को गद्दी सौंप दी। जेल से छूटने के बाद उन्होंने गद्दी वापस ली तो भाजपा ने उसे भी मुद्दा बनाकर और कुछ लोभ देकर चंपई को अपने पक्ष में किया। माना जाता है कि अगर उनके निर्वाचन क्षेत्र में आदित्यपुर और गमरिया जैसे जमशेदपुर के शहरी हिस्से न होते तो उनको भी आदिवासी नकार चुके होते।



अरविन्द मोहन

> हेमंत की सफलता दो को छोड़कर सारे आदिवासी ठिकानों से अपने अर्थात झामुमो और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जिताना नहीं है। उसे इनसे या अधिकांश आदिवासी वोट पाने भर से ठीक से समझा ही नहीं जा सकता। सारी रिजर्व सीटों पर तो भाजपा पिछली बार भी हारी थी। हेमंत का असली बड़ा काम है अलग-अलग कबीलों में अब तक बंटे रहे झारखंड के आदिवासी समाज को एकजुट करना।

चंपई हों या सीता सोरेन उनका व्यवहार पहले कांग्रेस या भाजपा या कहें सत्ता के प्रलोभनों और दबाव में टूटे अन्य आदिवासी नेताओं जैसा ही रहा। जबकि हेमंत ने तब भी दो पावर सेंटर न बनने देने की जबरदस्त व्यावहारिक सोच दिखाते हुए (कहा जाता है कि यह सुझाव सोनिया गांधी का था) मुख्यमंत्री की कुर्सी वापस ले ली। और देखा कि उन्होंने कितनी मुश्किल लड़ाई को किस आसानी से जीत लिया। शिवराज सिंह चौहान और हेमंत बिस्वा सरमा जैसों की महीनों की कवायद और भाजपा का सारा संसाधन धरा रह गया। घुसपैठ का मुद्दा बनाने के लिए भाजपा ने (जिसके असली सूत्रधार मोदी-शाह ही रहे) आखिरी दिन तक छापा, गिरफ्तारी, कथित मनी-ट्रेल बनाने जैसी सारी तैयारियां पूरी कर ली थी, लेकिन कुछ काम न आया। बल्कि उसे अब तक आराम से मिलने वाला ओबीसी वोट भी इस बार पहले से कम हुआ और उसे सिर्फ शहरी और अगड़ा वोटरों का सहारा रह गया। आदिवासी वोट तोड़ने की सारी कवायद फेल हो गई और अंतिम समय अपनी पार्टी का विलय करके भाजपा अध्यक्ष बने बाबूलाल मारांडी को भूमिहार वोट के सहारे जीतना पड़ा। इसके लिए नाराज पूर्व सांसद रवींद्र राय को मनाना और बागी नित्यानंद राय को बैठाने में जोर लगाना पड़ा। उल्लेखनीय है कि भाजपा की तरफ से सिर्फ बाबूलाल मारांडी और चंपई सोरेन ही जीत पाए थे। हेमंत की सफलता दो को छोड़कर सारे आदिवासी ठिकानों से अपने अर्थात झामुमो और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जिताना नहीं है। उसे इनसे या अधिकांश आदिवासी वोट पाने भर से ठीक से समझा ही नहीं जा सकता। सारी रिजर्व सीटों पर तो भाजपा पिछली बार भी हारी थी। हेमंत का असली बड़ा काम है अलग-अलग कबीलों में अब तक बंटे रहे झारखंड के आदिवासी समाज को एकजुट करना। आपको याद होगा कि मुख्यमंत्री रहते हुए भी शिबू सोरेन उरांव प्रभुत्व के तमाड़ इलाके में जाकर अनजान पीटर से हार गए थे। आदिवासियों की नई एकजुटता तो भाजपा द्वारा पहला गैर-आदिवासी मुख्यमंत्री (रघुवर दास) बनाने से ही शुरू हुई थी लेकिन उसे एक अंजाम तक लाना आसान न था। हेमंत ने यह काम किया और आज वे शिबू सोरेन समेत किसी भी आदिवासी नेता की तुलना में बड़ा और ज्यादा ताकतवर बन चुके हैं। इसलिए अब उनकी जवाबदेही ज्यादा बड़ी है-झारखंड के साथ मुल्क भर के आदिवासियों की आवाज बनाना और देश की राजनीति में आदिवासी स्वर को अधिक प्रमुख स्थान दिलाना। हेमंत ने अपना कौशल इंडिया गठबंधन के साथी दलों के दावों और उम्मीदवारों को संभालने में भी दिखाया। यह जरूर है कि राहुल गांधी ने उनको फ्री-हैंड दिया लेकिन झारखंड चुनाव अभियान लगभग पूरी तरह हेमंत के कंधों से ही चला।

अगर कोई श्रेय में दावेदारी कर सकता है तो वह उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ही हैं जिन्होंने घटक दलों की पंचायत या सरकारी कामकाज भी निपटाने जैसे जिम्मों से मुक्त होकर हेमंत से भी ज्यादा चुनावी सभाएं कीं। वे अच्छा बोलती हैं तथा कार्यकर्ताओं और खास तौर से महिलाओं के बीच अच्छे व्यवहार से असर छोड़ती हैं। बिना किसी राजनैतिक प्रशिक्षण के एक बार में ऐसी भूमिका निभाकर उन्होंने सबको हैरान किया है। भाजपा ने चाहे जिस रणनीति से हेमंत को जेल भेजा हो पर उसने कल्पना न की थी कि इस संकट से कल्पना सोरेन जैसी नेता उभर कर आएंगी। झारखंड के आदिवासियों में औरतों का स्थान आम हिन्दुस्तानी परिवार से ऊंचा है, उनकी आर्थिक कामकाज में भी हिस्सेदारी ज्यादा होती है लेकिन विधायक-सांसद होकर भी आदिवासी महिलाएं पार्टी के नेतृत्व में या राज्य की राजनीति नेतृत्व नहीं करती थीं। कल्पना सोरेन के रूप में इस बार उन्हें एक नया नेता मिला है तो हेमंत सोरेन को बोनस। और हैरानी नहीं कि दो हेमंतों की लड़ाई में हेमंत सोरेन ने इस सहारे से हिमंत बिस्वा सरमा को उनके राजनैतिक कैरियर का सबसे बड़ा झटका दिया है।

# नकली भारतीय मुद्रा की बढ़ती संख्या से अर्थव्यवस्था के अस्थिर होने का खतरा

■ नन्तू बनर्जी

अह गंभीर चिंता का विषय है कि महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 500 रुपये के नकली नोटों की संख्या 2018-19 और 2023-24 के बीच लगभग चार गुना, और 2020-21 से 2,000 रुपये के नकली नोटों की तीन गुना हो गयी है। ध्यान रहे कि 2,000 रुपये के नोट वैध मुद्रा बने हुए हैं और इन्हें रिजर्व बैंक के कार्यालयों में बदला जा सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, मई 2023 में 2000 के मुद्रा नोटों को वापस लेने के कदम के बाद से इनमें से 98 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं। लेकिन 500 और 200 रुपये के नकली नोटों का तेजी से बढ़ता प्रचलन चिंता का विषय बन गया है। 500 रुपये के नोट रोजमर्रा के लेन-देन की रीढ़ बन गये हैं और पिछले कुछ सालों में इसके प्रचलन में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। सरकार और रिजर्व बैंक दोनों ही इस बात से चिंतित हैं। पिछले हफ्ते केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने देश में नकली नोटों के बढ़ते प्रचलन को लेकर लोकसभा में चिंता जताई थी।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2018-19 में 2,18,650 लाख पीस नकली नोट पकड़े गये थे। 2022-23 में यह 9,11,100 लाख के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो 2023-24 में थोड़ा कम होकर 8,57,110 लाख हो गया। यह 2018-19 में पकड़े गये 2,18,650 लाख पीस से काफी अधिक है। हालांकि, पकड़े नहीं गये नकली नोटों की संख्या का अंदाजा लगाना मुश्किल है। आमतौर पर ये ग्रामीण या अर्ध-शहरी बाजारों में प्रचलन में होते हैं। संचालक और ग्राहक पहचान से बचने के लिए बैंकों से बचते हैं।

> नकली मुद्राएं वैश्विक समस्या उत्पन्न करती हैं। यू.एस. डॉलर को दुनिया की सबसे ज़्यादा जाली मुद्रा कहा जाता है। कुछ नकली यू.एस. डॉलर बहुत उच्च गुणवत्ता के बताये जाते हैं। धोखेबाज़ उन्हें वैध मुद्रा के रूप में बेचने की कोशिश करते हैं, या उनका उपयोग ऋण या क्रेडिट लाइन प्राप्त करने के लिए करते हैं। 2002 में मुद्रा लॉन्च होने के बाद से दूसरा सबसे लोकप्रिय नकली बैंक नोट यूरो है।

नकली भारतीय मुद्रा नोटों का उपयोग मुख्य रूप से देश की अर्थव्यवस्था को पंगु बनाने और आर्थिक आतंक पैदा करने के लिए आतंकवादी गतिविधियों में किया जाता है। माना जाता है कि पश्चिम बंगाल और असम की सीमाएं बांग्लादेश, पाकिस्तान और नेपाल से नकली भारतीय मुद्रा के प्रमुख प्रवेश बिंदु हैं। कहा जाता है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान दोनों ही देश के पूर्वी हिस्से में नकली भारतीय मुद्रा भेजने के लिए नेपाल का उपयोग कर रहे हैं।

हाल ही में, पुलिस द्वारा नकली मुद्रा संचालन पर एक बड़ी कार्रवाई में, असम के गोलाघाट शहर के गुलाम पट्टी क्षेत्र से चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अत्याधुनिक मुद्रा मुद्रण उपकरण और विभिन्न मूल्यवर्ग के नकली नोट जब्त किये और प्रमुख संचालकों के रूप में ब्रांडेड दुदु अली और राजीबुद्दीन अहमद सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया। हालांकि, सरगना गिरफ्तारी से बचे रहने में कामयाब रहे।

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक के एक अनुमान से पता चला है कि देश में जब्त किये गये कुल नकली नोटों का लगभग 80 प्रतिशत मालदा, मुर्शिदाबाद और नादिया के तीन भारत-बांग्लादेश सीमावर्ती जिलों से आता है। इन तीन जिलों से भेजी जाने वाली नकली नोटों की सबसे ज़्यादा मात्रा मालदा से आती है। बांग्लादेश न सिर्फ़ नकली भारतीय नोटों के लिए एक अहम ज़रिया है, बल्कि वहां नकली नोट भी छापे जा रहे हैं। बांग्लादेश की सीमा से लगे पश्चिम बंगाल के इन तीन मुस्लिम बहुल जिलों के ज़रिये इन्हें देश में भेजा जाता है। इन जिलों के युवाओं का एक बड़ा हिस्सा गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में ठेके पर मज़दूरी करके अपनी आजीविका चलाता है। कहा जाता है कि उनमें से कई बांग्लादेश के ज़रिये तस्करी करके लाये गये नकली भारतीय नोटों के कूरियर के तौर पर इस्तेमाल किये जाते हैं।

हाल ही में, बांग्लादेश में नकली भारतीय नोटों की आपूर्ति और वितरण नेटवर्क काफ़ी बढ़ गया है। हाल ही में सीमा के ज़रिये भारत में जाली भारतीय मुद्रा के अवैध प्रेषण में तेज़ी आई है, जो चिंता का विषय बन गया है। कुछ समय पहले ही ढाका में पुलिस ने बड़ी संख्या में जाली भारतीय मुद्रा नोटों से भरी बोरियां जब्त की थीं। ढाका में स्थानीय मीडिया ने बांग्लादेश पुलिस के हवाले से कहा कि पाकिस्तान में लाहौर स्थित एक सिंडिकेट ऐसे जाली नोट छापता है, जिन्हें फिर संगमरमर के पत्थरों से भरे कंटेनरों में श्रीलंका के ज़रिये बांग्लादेश ले जाया जाता है। भारत में तस्करी से पहले सिंडिकेट के सदस्यों के घरों में 'विशेष कक्षों' में खेप छिपाई जाती है। बांग्लादेश में जाली भारतीय मुद्रा नोटों के उछाल का पता भारतीय पुलिस ने एक जांच के बाद लगाया था।

यह पाया गया कि उन अवैध मुद्रा नोटों को पाकिस्तान में छापा गया था और फिर उन्हें नेपाल और बांग्लादेश की सीमा के ज़रिए या दुबई, बैंकॉक, हांगकांग और कोलंबो को जोड़ने वाले दूसरे मार्गों से अवैध रूप से भारत में आयात किया गया था। पाकिस्तान और बांग्लादेश जाली भारतीय मुद्रा नोटों के दो प्रमुख उत्पादक और वितरक हैं। इसका लक्ष्य आतंकवाद को फ़ंड देना, भारत में मुद्रास्फीति दर बढ़ाना और मुद्रा में विश्वास को कम करना है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (इंटरपोल) के अनुसार, जालसाजी वित्तीय साधनों से भूमिगत अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है और संगठित आपराधिक तथा आतंकवादी नेटवर्क की गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। जाली मुद्रा की मात्रा का सही आकलन करने के लिए पार्ट्स पर मिलियन (पीपीएम) माप का उपयोग किया जाता है।

नकली मुद्राएं वैश्विक समस्या उत्पन्न करती हैं। यू.एस. डॉलर को दुनिया की सबसे ज़्यादा जाली मुद्रा कहा जाता है। कुछ नकली यू.एस. डॉलर बहुत उच्च गुणवत्ता के बताये जाते हैं। धोखेबाज़ उन्हें वैध मुद्रा के रूप में बेचने की कोशिश करते हैं, या उनका उपयोग ऋण या क्रेडिट लाइन प्राप्त करने के लिए करते हैं। 2002 में मुद्रा लॉन्च होने के बाद से दूसरा सबसे लोकप्रिय नकली बैंक नोट यूरो है। हालांकि, दुनिया के कई हिस्सों में केंद्रीय बैंक नवीनतम तकनीक का उपयोग करके नकली-प्रूफ़ मुद्राएं बनाने के लिए काम कर रहे हैं, जिसमें ऐसी विशेषताएं हैं जिनके नकली बनाना मुश्किल है।

ऐसी विशेषताओं में बिलों पर उभरी हुई इंटाग्लियो प्रिंटिंग, सीरियल नंबर, वॉटरमार्क और सुरक्षा धागे और सिक्कों पर मिल्ड या पीछे हटने वाले किनारे शामिल हैं। प्रशिक्षित आंखों के लिए, नकली भारतीय मुद्रा नोटों की पहचान करना बहुत मुश्किल नहीं है। असली भारतीय मुद्रा नोटों में नोट में एक सुरक्षा धागा लगा होता है। जांच करने के लिए, किसी को लेबल को पारदर्शी रखना होगा और उसे थोड़ा घुमाना होगा। हालांकि, स्मार्ट करेंसी जालसाजों के भी नवीनतम तकनीक तक पहुंच हैं। यह केंद्रीय बैंकिंग प्रणाली के सामने एक बड़ी समस्या खड़ी कर रहा है। धोखाधड़ी करने वाले समूह या व्यक्ति दुनिया भर में नकली बैंक नोट और अन्य वित्तीय साधनों के लिए उभरती हुई तकनीक का उपयोग कर रहे हैं।

दुनिया के सबसे ज़्यादा नकली नोटों में शामिल हैं: अमेरिकी डॉलर, ब्रिटिश पाउंड, यूरो, ऑस्ट्रेलियाई डॉलर, फिलीपीनपेसो, कनाडाई डॉलर, दक्षिण अफ्रीकी रैंड, न्यूजीलैंड डॉलर और मलेशियाईरिंगिट। संयोग से, ये सभी परिवर्तनीय मुद्राएं हैं। दूसरी ओर, भारतीय रुपया केवल आंशिक रूप से परिवर्तनीय है। जबकि इसे वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार के लिए स्वतंत्र रूप से विदेशी मुद्रा में और इसके विपरीत परिवर्तित किया जा सकता है, यह पूंजी खाते में पूरी तरह से परिवर्तनीय नहीं है जिसका अर्थ है कि इसे केवल सीमित कारणों से विदेशी मुद्राओं में और इसके विपरीत बदला जा सकता है। इस प्रकार, नकली भारतीय मुद्रा ज्यादातर भारतीयों की समस्या बनी हुई है।

## आपके पत्र

### जागरुकता से उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा

उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए सरकार अभियान चलाती आई है इससे लोगों में होशियारी बढ़ी जरूर है मगर फिर भी उपभोक्ता ठगने से पूरी तरह नहीं बच पाता। ऐसा होता ही है कि जागरूक उपभोक्ता न क्वालिटी में ठगाता है न दाम में। आज बाजार में भी दुकानदारों की होशियारी का आलम है। दुकानदार बड़ी चतुराई से मनमाफिक दाम वसूल लेता है और मजबूर उपभोक्ता समझते हुए भी विरोध नहीं करता इसी वजह से उनका शोषण भी होता है। लेकिन हिम्मत वाले उपभोक्ता का साहस अपराधियों को दंड दिलाने का काम करता है। चवन्नी/अठन्नी भले ही आज बाजार में व्यवहारिक रूप से चलन में नहीं हो पर ऑनलाइन खरीदी, बिक्री में उसका लेन-देन बरकरार है। देखने में आता है कि बाजार में अब ?5 से ऊपर के ही बाकी बचे पैसे देने का रिवाज बनता जा रहा है। एक/दो रुपए के सिक्के चलन में होने के बावजूद दुकानदार बड़ी होशियारी से इनके नहीं चलने या बंद होने का हवाला देकर टॉफी आदि देकर और ज्यादातर राउंड फिगर में दाम वसूल लेता है। उपभोक्ता भी फालतू की टसल की बजाय उसे स्वीकार कर लेता है लेकिन प्रतिदिन का यह आंकड़ा सालाना लाखों/करोड़ों में पहुंच जाता है जो उपभोक्ता की जेब पर सीधे-सीधे डाका है। बाकी नहीं देने या सिक्के नहीं लेने की शिकायत का माद्दा बहुत कम लोग ही रखते हैं और जो उपभोक्ता फोरम तक पहुंचता है उसे भरपूर मुआवजे के साथ ही धोखाधड़ी करने वाली संस्थाओं/ दुकानदारों को उचित दंड भी मिलता है। कुछ समय पहले चेन्नई के उपभोक्ता को डाक विभाग द्वारा मात्र अठन्नी कम दिए जाने के मामले में 15 हजार के मुआवजे से दंडित किया गया था उससे सबक लेकर उपभोक्ताओं को जागृत होना चाहिए। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण कई मामले उपभोक्ता की सजगता से न केवल उजागर हुए हैं बल्कि लापरवाही और बेइमानी दंडित भी हुई है। उपभोक्ताओं को चाहिए कि वे एक एक पैसे का पूरा हिसाब दुकानदार से ले। कम से कम दुकानदार भी इमानदारी का परिचय दे। दोनों हाथ से ताली बजेगी तो अधिक उचित रहेगा।

**अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र**



## ललित सुरजन की कलम से

### हाथी, टमाटर और आदिवासी

*छत्तीसगढ़ में हाथियों का आना क्यों शुरू हुआ? यह सवाल सबसे पहले उठना चाहिए। झारखंड तथा उड़ीसा के सीमावर्ती जंगलों में हाथियों की रिहाइश लंबे समय से रही है। वह अब उजड़ती जा रही है। उन जंगलों में कोयला, लौह, अयस्क आदि खनिजों के भंडार हैं जिनका दोहन पिछले कुछ वर्षों में बहुत तेजी के साथ बढ़ा है। इसके कारण पहले तो साल और अन्य बेशकीमती वृक्षों की अंधाधुंध कटाई प्रारंभ हुई। हाथी शाकाहारी प्राणी है। जंगलों के कटने से उसके भोजन के स्रोत धीरे-धीरे करके खत्म होने लगे। फिर जंगल इलाके में बुलडोजर, डम्पर, एक्सकेवेटर, ट्रक इत्यादि की आवाजाही के लिए सडक़ बनना शुरू हुई। इससे हाथी भयभीत होकर यहां-वहां भागने लगे। भारी मशीनों के नीचे दबकर इनकी मौतें भी हुईं। इसके बाद खदानें खुदने से बड़े-बड़े दैत्याकार गड्ढे निर्मित होने लगे, ये भी हाथियों की मृत्यु का कारण बने। ऐसे में हाथियों का भागकर छत्तीसगढ़ आना शुरू हुआ। जब तक संख्या कम थी तब तक किसी का ध्यान नहीं गया, अब परेशानी ही परेशानी है। पर्यावरण का विनाश करने की कीमत इस रूप में चुकाना पड़ेगी यह किसी ने नहीं सोचा था। शायद आज भी नहीं सोच रहे हैं। पहले किसी परियोजना के लिए पर्यावरण स्वीकृति के कठोर नियम थे, वे लगातार शिथिल किए जा रहे हैं। आज समस्या यह है कि एक तरफ हनुमान जी का अवतार माने जाने वाले बंदरों के उत्पात से दिल्ली तक की जनता त्रस्त है, तो दूसरी तरफ गणेश जी के अवतार हाथी के साथ संघर्ष का दौर प्रारंभ हो गया है।*

*(देशबन्धु में 15 दिसम्बर 2016 को प्रकाशित)*

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/12/blog-post_14.html

## पावन प्रसंग

### सेवाभावी नेतृत्व

नेतृत्व का अर्थ है- वह वर्चस्व जिसके सहारे परिचितों और अपरिचितों को अंकुश में रखा जा सके, अनुशासन में चलाया जा सके। आमतौर से मनुष्य अनगढ़ होते हैं। छोटे बच्चे जागने से लेकर सोने तक ऐसे ही उछल-कूद करते रहते हैं। उनकी भाग-दौड़ का न कोई प्रयोजन होता है और न लाभ। मनमरजी चलाने में उन्हें मजा आता है। इशारे से समझाने पर मानते नहीं। उन्हें काबू में रखना, शिष्टाचार बरतने के लिए सहमत करना, पढ़ने जैसे किसी उपयोगी काम में लगाना तभी संभव होता है, जब उनके पीछे व्यवहार कुशल अध्यापक या अभिभावक लगें। यही नेतृत्व है।

आत्मानुभूति यह भी होनी चाहिए कि सबसे बड़ी पदवी इस संसार में मार्गदर्शक की है। नाविक और अध्यापक जो स्नेह, सम्मान पाते हैं; अगणितों को कृतज्ञ बनाते और पार लगाते हैं; वह साधारण नहीं, असाधारण बात है। उतना कर पाना आत्मसंतोष के लिए सबसे बड़ा आधार है। लोकश्रद्धा इसी के सहारे अर्जित होती है। संसार में जो भी महामानवों की श्रेणी में पहुंचे हैं, उन सभी को जनसमर्थन- जन- सहयोग निश्चित रूप से मिला है। यह किस प्रकार सुलभ-संभव है, उसकी विद्या अनुभव- अभ्यास में उतार लेना महती सफलताओं में एक गिनी जा सकती है।

अपने दुर्गुण, कुविचारों एवं हेय कार्यों पर कड़ी नजर रखी जाए, उनका विरोध-असहयोग जारी रखा जाए तो कोई कारण नहीं कि जीवन को उच्चस्तरीय बनाने वाली सत्प्रवृत्ति अपने अभ्यास में न उतर सके। यह बहुत बड़ी बात है। नम्रता, सज्जनता, शिष्टता, उदारता, सेवा- भावना के बलबूते कोई भी व्यक्ति लोकप्रिय एवं श्रद्धास्पद बन सकता है। साथ ही उस समर्थन के कारण हर क्षेत्र में प्रगति के लिए अवसर मिलते रहने का सिलसिला अनायास ही चल पड़ता है।

वरिष्ठ व्यक्तियों को समझदारी, ईमानदारी, जिम्मेदारी और बहादुरी को अपने व्यक्तित्व में समाविष्ट करना पड़ा है। इससे कम में सस्ते मोल खरीदी गई नेतागीरी एक धूर्तता है, जिसकी कलई खुले बिना रह नहीं सकती। बिना जड़ का खोखला पेड़ कब तक खड़ा रह सकता है। वाणी की वाचालता और शेखीखोरी किसी को क्षण भर के लिए प्रभावित कर सकती है, किंतु उसे जनसाधारण के अंतराल में श्रद्धाभरा स्थान नहीं दिला सकती और इसके बिना नेतृत्व गहरा एवं चिरस्थायी नहीं हो सकता।

श्रमशीलता, मितव्ययता, स्वच्छता, सुव्यवस्था, सज्जनता, शिष्टता, सहकारिता, उदारता, संयमशीलता, मिलनसारी जैसे गुणों को परिजनों के स्वभाव में उतारने के लिए उनका कार्यक्रम ऐसा बनाना चाहिए, जिसके सहारे इन प्रवृत्तियों को दैनिक क्रियाकलापों में सम्मिलित रखकर चलना पड़े। यह वस्तुत: बहुत बड़ा उपार्जन या अनुदान है।

**-युग निर्माण योजना**

# आधी रात रेलवे स्टेशन क्षेत्र में फिर हुई गुंडागर्दी की वारदात

## पत्रकारों के साथ हुई घटना ○ रेल पुलिस अधीक्षक की जानकारी में मामला आने के बाद दर्ज हुआ अपराध

**सतना, देशबन्धु।** जिले में अपराधिक घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। बीते चंद दिनों में जिले के अलग- अलग थानों में कई किस्म की वारदातें हो चुकी हैं। बीती रात राजकीय रेल पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन परिसर में गुंडागर्दी की फिर एक वारदात हुई है। जिसमें एक पत्रकार संगठन के जिला अध्यक्ष और महासचिव को निशाना बनाया गया है। लगातार, दिन और रात हो रही वारदातों से बड़ा सवाल काबिज हो गया है कि क्या अब सतना में कोई सुरक्षित नहीं रहा? क्या गुंडे बदमाशों में खाकी का खौफ बिल्कुल खत्म हो चुका है। बेहद शर्मनाक है कि गुंडे बदमाश दहशत फैलाकर इस जिले में शांति व्यवस्था को भंग करने की कोशिश में अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

### जीआरपी ने नहीं कराई नाकाबंदी

वरुण शर्मा के मुताबिक काले रंग की गाड़ी में सवार सभी लोग 20 से 25 साल उम्र के बीच के थे। स्टेशन परिसर में वारदात के बाद यह लोग गाड़ी लेकर स्टेशन रोड होते हुए मुख्तियार गंज स्वामी चौक तक पहुंच गए। वरुण ने बताया कि विवाद के दौरान उन्होंने मुख्तियार गंज में रहने वाले अंकित सिंह गब्बू को फोन पर घटना की सूचना दे दी थी, लिहाजा अपने साथ मोहल्ले के अन्य लोगों को लेकर स्वामी जी चौक पर वे मौजूद थे। स्टेशन से इस काली गाड़ी का पीछा करते हुए वरुण और मुकेश भी वहां पहुंच गए थे। जब इनके द्वारा गाड़ी को रोकने का प्रयास किया गया तो गाड़ी के ड्राइवर ने स्कूटी पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की और तेज रफ्तार गाड़ी लेकर डायवर्सन रोड की ओर निकल गया। इस बीच जीआरपी के लोग भी स्वामी जी चौक पर पहुंचे, लेकिन आरोपी वाहन को नाकाबंदी के जरिए रोक नहीं सके। बड़ा सवाल है कि अगर जीआरपी इन आरोपियों को तत्काल पकड़ना चाहती तो क्या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देकर अन्य पुलिस कर्मचारियों, अधिकारियों एवं पेट्रोलिंग मोबाइल की मदद से चौतरफा नाकाबंदी कर इस वाहन को आरोपियों सहित पकड़ लेना मुमकिन नहीं होता?

### रेल एसपी से करनी पड़ी बात

पत्रकार संगठन के जिला अध्यक्ष और जिला महासचिव ने आधी रात के वक्त हुई वारदात की सूचना घटना के बाद रात को ही जीआरपी को दी थी। जीआरपी ने उसी समय आरोपियों को पकड़ने के कोई प्रयास नहीं किए और तो और, अपराध भी पंजीबद्ध नहीं किया। शिकायती आवेदन पत्र लेकर अगली दोपहर 2 बजे का वक्त फरियादियों को थाने आने के लिए दिया।



### फरियादी की जुबानी रात की कहानी

*सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मुख्तियार गंज बरदाडीह चौक निवासी वरुण शर्मा पिता जोगेंद्र शर्मा (45) एक पंजीकृत पत्रकार संगठन के जिला अध्यक्ष हैं। पौराणिक टोला निवासी मुकेश मिश्रा पिता प्रेमनाथ मिश्रा (42) इस संगठन में जिला महासचिव हैं। वरूण के परिवार में वैवाहिक कार्यक्रम था, जिससे संबंधित किसी आवश्यक कार्य से 2-3 दिसंबर की दरमियानी रात उन्हें रेलवे स्टेशन जाना पड़ा। एमपी 19 एमआर 0524 नंबर की स्कूटी से वरुण शर्मा और मुकेश मिश्रा रेलवे स्टेशन परिसर स्थित पन्ना कैंटीन पहुंचे। वरुण शर्मा ने बताया कि उसी वक्त पीछे से डीएल 1 सीटी 0809 नंबर का चार पहिया वाहन आया, जिसमें 5 - 6 लोग सवार थे। स्कूटी उस स्थान से हटाने की बात को लेकर गरमा गरम बहस करने लगे। माहौल बिगड़ता देख मुकेश मिश्रा ने पुलिस को सूचना देने के लिए जैसे ही मोबाइल में नंबर डायल किया वैसे ही कथित आरोपी गाड़ी में बैठ गए। मुकेश मिश्रा ने आगे बढ़कर इन्हें पुलिस के आने तक रोकने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। वरुण शर्मा ने बताया कि आरोपियों के पास कट्टा था और वे लोग नशे में भी थे।*

फरियादी जो पेशा से पत्रकार हैं, दूसरों के हक के लिए लड़ते हैं उन्हें अपने साथ हुई घटना का अपराध पंजीबद्ध कराने के लिए रेल पुलिस अधीक्षक जबलपुर को घटना से अवगत कराना पड़ा। दरअसल, वरुण और मुकेश जब अपराध दर्ज कराने पूर्व निर्धारित समय में जीआरपी थाना पहुंचे तब वहां थाना प्रभारी मौजूद नहीं थे। स्टाफ ने कहा कि चोर पकड़ने गए हैं। काफी देर इंतजार के बाद जब मुकेश मिश्रा ने घटना के संबंध में रेल पुलिस अधीक्षक जबलपुर शिमाला प्रसाद को मोबाइल कॉल करके अवगत कराया तब जीआरपी थाना प्रभारी आए और उन्होंने अपने स्टाफ को कार्यवाही के निर्देश दिए।

हालांकि इसमें भी ऊहापोह की स्थिति बनी रही। इसकी वजह कट्टा था। असल में, घटना के बाद रात को मुकेश मिश्रा की ओर से जो आवेदन जीआरपी को दिया गया था उसमें कट्टे से फायर करने और मिस हो जाने की बात कही गई थी। यह आवेदन सोशल मीडिया में भी दौड़ा था। लिहाजा इसी आवेदन पर अपराध दर्ज करने में हिचक रही जीआरपी का अपना सवाल था कि कट्टे से अगर फायर हुआ है तो गोली चलना कैसे प्रमाणित करेंगे, खाली खोखा कहां मिलेगा? बहरहाल, जब फरियादी और पुलिस के बीच यह तय हो गया कि कट्टे से फायर नहीं हुआ था लेकिन आरोपी कट्टा लिए थे तब फरियादी की शिकायत पर अपराध दर्ज करने का मौखिक आदेश थाना प्रभारी ने इस आशय के साथ दिया कि सतना जीआरपी में कंप्यूटरीकृत एफआईआर की व्यवस्था नहीं है, इसलिए शिकायत को रीवा जीआरपी भेज दिया जाए।

हालांकि कुछ देर बाद मैन्युअल रिपोर्ट दर्ज की गई। सवाल यह हो रहा है कि अगर मुकेश मिश्रा ने रेल पुलिस अधीक्षक को घटना से अवगत नहीं कराया होता तो क्या सतना जीआरपी अपराध दर्ज नहीं करती। दूसरा सवाल यह है कि क्या जीआरपी आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सकेगी। यहां उल्लेखनीय है कि विगत 1 दिसंबर को इसी जीआरपी के क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन पार्किंग के कर्मचारी और मैनेजर के साथ दिनदहाड़े मारपीट की वारदात हुई है, जिसके आरोपी गिरफ्तार नहीं हो सके हैं। जबकि आरोपियों ने पार्किंग मैनेजर को बुरी तरीके से जख्मी कर दिया था। फरियादी मुकेश मिश्रा ने बताया कि उनकी शिकायत पर जीआरपी सतना में अपराध क्रमांक 0172 बीएनएस की धारा 115 (एक) 296, 351, 27, 3/5 के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया है।

## सार-समाचार

### भारत को जानों प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर चयन



**सतना, देशबन्धु।** रीजनल भारत को जानो प्रतियोगिता में सतना शाखा की जूनियर टीम सेंट माइकल्स सी. से. स्कूल की वैष्णवी श्रीवास्तव एवं दुष्यंत सिंह परिहार एवं सीनियर टीम के श्रीकांत पयासी एवं आदित्य अग्रवाल से मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ स्थित प्रांतीय टीमों के मध्य विंध्य प्रांत का प्रतिनिधित्व करते हुए क्षेत्रीय विजेता बने। दोनों टीम आगामी 19 जनवरी को लखनऊ मे आयोजित होने वाली राष्ट्रीय भारत को प्रतियोगिता के फाइनल मध्य क्षेत्र के रूप मे प्रतियोगी बनेगी। इस सफलता मे गुरु द्रोणाचार्य के रूप में जे. पी. त्रिपाठी एवं रमेश पयासी ने कुशल मार्गदर्शन दिया। टीमों की अभूतपूर्व सफलता पर शाखा अध्यक्ष विजय गुप्ता, सचिव शिवम भारतीय, जितेंद्र जैन, अजय तेजवानी, राहुल सिंघई, योगेश जैन, सत्यम केसरवानी, गोपाल धूत, शिवम केसरवानी, राजेश अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, संजय गुप्ता, सुकमाल जैन, बलराम गुप्ता, आशीष गुप्ता, अभिषेक श्रीवास्तव, कैलाश केसरवानी, रजनी जैन, अनिता ताम्रकार, श्वेता जैन, अनमोल केसरवानी, पलक केसरवानी, राधा गुप्ता, डॉ. हरिकिरण बावा, यश अग्रवाल, डॉ. राकेश अग्रवाल, डॉ. विपिन दुबे, डॉ. अमित अग्निहोत्री, पंकज डागा एवं संपूर्ण शाखा सदस्यों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### रिकॉर्ड दुरुस्त करने निर्देश, उचेहरा में बैठक



**उचेहरा, देशबन्धु।** अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों का रिकॉर्ड दुरुस्त कराने शासकीय कन्या शाला स्कूल उचेहरा में बैठक हुई। बीआरसीसी प्रदीप श्रीवास्तव की मौजूदगी में हुई इस बैठक में अशासकीय विद्यालय, शाला त्यागी बच्चों की सूची तैयार करने के साथ चाइल्ड प्रोफाइल तैयार करने एवं कक्षा 5वीं, 8वीं में अध्यनरत छात्र एवं छात्राओं को परीक्षा शुल्क जमा करने के समंध में आदेश जारी किया गया। साथ ही बच्चों के ऑन लाइन रिकार्ड दुरुस्त करने का आदेश बीआरसीसी ने दिया। अपार आईडी व ड्राप बॉक्स के सम्बंध में बीएसी अनिल प्रताप सिंह व अतुल सिंह ने मौजूद अशासकीय विद्यालय के संचालको के साथ शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों को विस्तार से जानकारी दी। बैठक में अनुपस्थित रहे विद्यालय संचालको को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बीआरसीसी ने शासकीय कन्या स्कूल की सभी कक्षाओं का जायजा भी लिया।

### मझगवां के प्रथम नेत्रदानी बने स्व. महेश प्रसाद



**सतना, देशबन्धु।** अग्रवाल समाज मझगवां के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी महेश प्रसाद अग्रवाल का 29 नवंबर शुक्रवार को निधन हो गया। अग्रवाल समाज एवं भारत विकास परिषद सतना के प्रयासों से उनका नेत्र दान कराया गया। मझगवां में यह पहला नेत्रदान था। नेत्रदान के लिए परिवार में उनकी धर्मपत्नी रानी अग्रवाल, पुत्र सतीश अग्रवाल तथा हरीश अग्रवाल की सहमति से सद्गुरु सेवा संघ नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड चित्रकूट की टीम ने नेत्रदान कराया। इस अवसर पर नेत्रदान प्रेरक के रूप में अग्रवाल समाज के संजय अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, नितिन अग्रवाल पिंटू, वीरेंद्र अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, आलोक परौहा, कमलेश कचेर, ज्ञानेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे।

### सनातन चेतना मंच आज सौंपेगा ज्ञापन



**सतना, देशबन्धु।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों और चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के खिलाफ भारत के लोगों में काफी गुस्सा देखा जा रहा है। सतना में भी सनातन चेतना मंच के आह्वान पर समाज में जनजागरण का माहौल बना है। मंगलवार को शहर की अनेक बस्तियों में बैठकों का आयोजन हुआ। संत समाज के नेतृत्व में आज बुधवार को सकल हिंदू समाज के साथ महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। आज सिटी कोतवाली के पीछे गुरुद्वारा के सामने हिन्दू समाज के लोग एकत्रित हुए और कलेक्ट्रेट पहुंच कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने की रणनीति बनी। मंच के संयोजक महंत पीयूष महाराज ने सभी सनातन धर्मावलंबियों से अभियान में शामिल होने की अपील की।

## रोजगार मेला का आयोजन

**सतना/मैहर, देशबन्धु।** जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आईटीआई, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सतना जिले में प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को तथा मैहर जिले में प्रत्येक माह के तृतीय गुरूवार को रोजगार मेला, अप्रेंटिसशिप मेला एवं स्वरोजगार दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी सतना ने बताया कि सतना एवं मैहर जिले में प्रत्येक माह में निर्धारित दिवस में युवा संगम कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें शासन की मंशा के अनुसार अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार का लाभ प्राप्त हो सके।

## जंगली सियार के हमले से बालक समेत दो घायल



**रामनगर, देशबन्धु।** रामनगर थाना क्षेत्र में बालक समेत एक युवक घायल हुआ है। पता चला है कि ग्राम गोरसरी में नव निमार्णाधीन पानी टंकी के निर्माण कार्य में लगे बाहरी मजदूरों का परिवार टीना शेड पर ठिकाना बनाए हैं। मंगलवार की 7 बजे सुबह 6 वर्षीय बच्चा रामदेव अहिरवार पिता देशराज अहिरवार पर सोते वक्त जंगली सियार ने हमला कर घायल करते हुए आंखों के पास चोटिल कर दिया। उसको बचाने आए चाचा हल्के अहिरवार पिता कलुआ अहिरवार (35) भी जंगली सियार के हमले से नहीं बच पाए व घायल हो गए। जिनका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में करते हुए सुरक्षा के लिए वैक्सीन भी लगाई गई।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**सतना, देशबन्धु।** एसएनएस महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में एड्स जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर ज्योति नायक ने की। एड्स जागरूकता एवं बचाव से संबंधित व्याख्यान स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति नेमा, डॉ. अरुण नायक एवं डॉ. विदुषी उपाध्याय ने दिया। चिकित्सकों ने उपस्थित छात्रों को एड्स के कारण, प्रभाव एवं बचाव सम्बन्धित उपाय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

### चेंबर भी जागरण मंच के साथ सौपेगा ज्ञापन

**सतना, देशबन्धु।** बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही बर्बरता के विरोध तथा हिंदुओं की सुरक्षा एवं समर्थन में विन्ध्य चेम्बर आफ कामर्स भी सनातन जागरण मंच के साथ शामिल होकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगा। चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार 4 दिसम्बर को सभी व्यापारी बंधु सिटी कोतवाली के पीछे मैदान में एकत्रित होंगे।

## आबकारी विभाग ने पकड़ी शराब

**सतना, देशबन्धु।** कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम के मार्गदर्शन में वृत्त नागौद क्षेत्र के उचेहरा थाना अंतर्गत ग्राम बांधी में कार्रवाही की गई। यहां से श्रीकांत चौधरी पिता रामेश्वर चौधरी को गिरफ्त में लेकर 65.98 लीटर बल्क लीटर अवैध मदिरा बरामद की गई। जिसमें 53.1 लीटर देशी मदिरा प्लेन तथा 2.88 लीटर विदेशी मदिरा गोवा एवं 10 लीटर महुआ से बनी हाथ भट्टी मदिरा शामिल है। आरोपी के विरूद्ध मप्र आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1)क के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इस कार्यवाही में वृत्त नागौद प्रभारी आशीष वाटिया एवं आरक्षक मंगलदीन कोल, अमित सिंह, आशुतोष तिवारी की भूमिका सराहनीय रही।


## कार्यालय नगर पालिक निगम सतना ( म.प्र. )

N.I.T क्र.23 ( E.T.) / निर्माण / न.पा.नि./ 2024-25 सतना, दिनांक 28.11.2024

### // निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https: //www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्र.व जारी दिनांक | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | वार्ड क्र. | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 23/01 28.11.2024 | 2024_UAD _384931_1 | पेवर रोड निर्माण विभिन्न स्थानों में | 01 | 38,95,839/- | 50,000/- | 5,000/- | 04 माह |
| 02 | 23/02 28.11.2024 | 2024_UAD _384934_1 | नाली निर्माण महाराणा प्रताप नगर | 06 | 18,71,559/- | 37,500/- | 2,000/- | 04 माह |
| 03 | 23/03 28.11.2024 | 2024_UAD _384936_1 | आर.सी.सी. नाली निर्माण सुंदर आटा चक्की से दीपक पत्ती गोदाम तक | 45 | 19,55,000/- | 39100/- | 2,000/- | 04 माह |
| 04 | 23/04 28.11.2024 | 2024_UAD _384939_1 | सी.सी. रोड निर्माण दिलीप मिश्रा के घर से धमेन्द्र पाण्डे के घर तक | 32 | 11,62,044/- | 23,300/- | 2,000/- | 03 माह |
| 05 | 23/05 28.11.2024 | 2024_UAD _384941_1 | नाली निर्माण जवाहर नगर गली नं. 01 | 28 | 46,06,198/- | 50,000/- | 5,000/- | 05 माह |
| 06 | 23/06 28.11.2024 | 2024_UAD _384944_1 | नाली निर्माण जीनियस हायर सेकेण्ड्री स्कूल के पास | 10 | 12,97,300/- | 26,000/- | 2,000/- | 03 माह |
| 07 | 23/07 28.11.2024 | 2024_UAD _384946_1 | बाउण्ड्रीवाल व पेवर्स कार्य मुक्तिधाम बदखर | 12 | 21,93,086/- | 43,900/- | 5,000/- | 04 माह |
| 08 | 23/08 28.11.2024 | 2024_UAD _384947_1 | पेवर्स रोड विभिन्न स्थानों में | 16 | 50,78,465/- | 50,800/- | 10,000/- | 04 माह |
| 09 | 23/09 28.11.2024 | 2024_UAD _384953_1 | पेवर्स रोड पत्रिका प्रेस के पास एवं अन्य स्थानों में | 19 | 24,53,995/- | 49,100/- | 5,000/- | 04 माह |
| 10 | 23/10 28.11.2024 | 2024_UAD _384954_1 | सी.सी. रोड आनंदम पैलेस के पास, उतैली | 22 | 24,53,995/- | 49,100/- | 5,000/- | 04 माह |
| 11 | 23/11 28.11.2024 | 2024_UAD _384958_1 | पेवर्स रोड सेवा बस्ती में | 27 | 13,37,222/- | 26,800/- | 5,000/- | 04 माह |
| 12 | 23/12 28.11.2024 | 2024_UAD _384959_1 | पी.सी.सी. नाली एवं पुलिया निर्माण सेवा बस्ती में | 27 | 10,39,958/- | 20,800/- | 2,000/- | 03 माह |
| 13 | 23/13 28.11.2024 | 2024_UAD _384970_1 | पेवर्स रोड सेवा बस्ती विभिन्न स्थानों में | 28 | 19,17,702/- | 38,400/- | 2,000/- | 03 माह |
| 14 | 23/14 28.11.2024 | 2024_UAD _384972_1 | पेवर्स रोड सेवा बस्ती में | 31 | 16,83,617/- | 33,700/- | 2,000/- | 03 माह |
| 15 | 23/15 28.11.2024 | 2024_UAD _384973_1 | सी.सी. रोड निर्माण विभिन्न स्थानों में | 32 | 12,98,840/- | 26,000/- | 2,000/- | 03 माह |
| 16 | 23/16 28.11.2024 | 2024_UAD _384975_1 | पी.सी.सी. नाली व पुलिया निर्माण सांई कालोनी में | 33 | 12,47,147/- | 25,000/- | 2,000/- | 03 माह |
| 17 | 23/17 28.11.2024 | 2024_UAD _384976_1 | नाली एवं पुलिया निर्माण सेवा बस्ती | 34 | 16,69,029/- | 33,400/- | 2,000/- | 03 माह |
| 18 | 23/18 28.11.2024 | 2024_UAD _384982_1 | डब्ल्यू.बी.एम. रोड निर्माण सेंट मैरी स्कूल के पास | 37 | 10,51,538/- | 21,100/- | 2,000/- | 03 माह |
| 19 | 23/19 28.11.2024 | 2024_UAD _384985_1 | आर.सी.सी. नाली निर्माण विभिन्न स्थानों में | 40 | 17,57,809/- | 35,200/- | 2,000/- | 03 माह |
| 20 | 23/20 28.11.2024 | 2024_UAD _385001_1 | सामुदायिक भवन निर्माण (Balance work) रिस्क एण्ड कास्ट (SOR 10.05.2012) | 29 | 13,23,343/- | 26,500/- | 2,000/- | 04 माह |

शर्तें

1. निविदा प्रपत्र बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 02.12.2024 समय 15.30 से दिनांक 31.12.2024 समय 17.30 बजे तक ऑनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा।
2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

स्वच्छ सतना- लक्ष्य अपना

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम सतना ( म.प्र. )
सतना, दिनांक 28.11.2024



## हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE

कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
रीजनल ब्रांच ऑफिस: 101-बी, प्रथम तल एनआर के विजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010 Email - auction@hindujahousingfinance.com

डिमांड नोटिस

### सरफेसी अधिनियम 2002 की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोहिम

सिक्योरिटी इंटरेस्ट ( इंफोर्समेंट ) नियम, 2002 के नियन 3( 1 ) उक्त नियम के सहपठित सेक्शन 13( 2 ) ऑफ सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 ( उक्त एक्ट ) के तहत उक्त नियमों के नियम 3 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13( 2 ) के तहत अधिकारियों के पालन में एचएचएफएल के प्रा.अधिकारी ने उक्त एक्ट की सेक्शन 13( 2 ) के तहत डिमांड नोटिस जारी की थी जिसमें देनदारियों / गारंटरों को उक्त से संबंधित उन्हें जारी नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था, देनदारों व गारंटरों को पुन: देनदारों व गारंटरों को इस नोटिस तिथि से 60 दिनों से निम्न राशि चुकाने को कहा जाता है, देनदार व गारंटर, देय राशि व लोन राशि के भुगतान हेतु प्रस्तुत सिक्योरिटी राशि के विवरण निम्न है -

| देनदार/गारंटर/सह देनदार का नाम | 1. डिमांड नोटिस तिथी 2. लोन एकाउंट नंबर 3. नोटिस तिथी पर देय | सिक्योर्ड एसेट के विवरण ( अचल संपत्ति ) |
|---|---|---|
| श्री अजय यादव (उधारकर्ता) श्रीमती माया यादव (सह-उधारकर्ता) | 1. Issuance Date - 14-11-2024 2. MP/JBR/STNA/A000000127 3. कुल देय राशि - रु. 5,26,355 /- (पाँच लाख छब्बीस तीन सौ पचपन मात्र) | मौजा ग्राम ढोलौरा पीएच नंबर 97 खसरा नंबर 101/2/क/1/क/8 ढोलौरा तहसील रघुराजनगर जिला सतना, मध्य प्रदेश, भारत - 485001 क्षेत्रफल - 600 वर्गफुट सीमाएँ - पूर्व - उर्मिला गुप्ता की आराजी, पश्चिम - शंकर लाल काछी की आराजी, उत्तर - शंकर लाल काछी की आराजी, दक्षिण - सड़क |
| श्री नंद किशोर दीक्षित (उधारकर्ता) श्री सुनीता दीक्षित (सह-उधारकर्ता) | 1. Issuance Date - 14-11-2024 2. MP/JBR/REWA/A000000170 & MP/JBR/REWA/A000000370 3. कुल देय राशि - रु. 12,73,574/- (बारह लाख तिहत्तर हजार पांच सौ चौहत्तर मात्र) | ग्राम मौजा समान खसरा नंबर 519/7 गा, पटवारी नंबर 19 वार्ड नंबर 15 निर्मल कॉम्प्लेक्स महाराज बांध रीवा तहसील हुजूर जिला रीवा-म.प्र.- 486001 क्षेत्रफल-3900 वर्गफीट सीमाएँ - पूर्व - वेंडर भूमि, पश्चिम - 20 फीट चौड़ी सड़क, उत्तर - तिवारी जी का प्लॉट, दक्षिण - वेंडर भूमि |
| श्री संतोष चौरसिया (उधारकर्ता) श्रीमती सोनम चौरसिया (सह-उधारकर्ता) | 1. Issuance Date - 14-11-2024 2. MP/JBR/STNA/A000000154 3. कुल देय राशि - रु. 22,63,743 /- (बाईस लाख तिरसठ हजार सात सौ तैंतालीस मात्र) | वार्ड नंबर 01 सस्किया स्कूल, ग्राम उमरी पैला ग्राम पंचायत परशोखा पटवारी हल्का नंबर 49 खसरा नंबर 107/4 और खसरा नंबर 125/2 तहसील मैहर सतना मध्य प्रदेश, भारत - 485771 क्षेत्रफल - 1680 वर्गफुट सीमाएं - पूर्व - राज चौरसिया का प्लॉट, पश्चिम - 20 फीट चौड़ी सड़क, उत्तर - रानी प्रजापति का प्लॉट, दक्षिण - 20 फीट चौड़ी सड़क |
| श्री रितेन्द्र कुमार गुप्ता (उधारकर्ता) श्री सितेन्द्र गुप्ता (सह-उधारकर्ता) श्रीमती सुधा गुप्ता (सह-उधारकर्ता) | 1. Issuance Date - 14-11-2024 2. MP/JBR/REWA/A000000211 3. कुल देय राशि - रु. 5,34,529 /- (पाँच लाख चौंतीस हज़ार पाँच सौ उनतीस मात्र) | मौजा ग्राम करहिया 81 पी एच 25 खसरा नंबर 123/2 तहसील हुजूर जिला रीवा क्षेत्रफल - 1300 वर्ग फीट सीमा - पूर्व - 15 फीट प्रस्तावित सड़क, पश्चिम - श्रीमती शशि सिंह की भूमि, उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण - विक्रेता की भूमि |
| श्री सुनील तिवारी (उधारकर्ता) श्रीमती सुषमा तिवारी (सह-उधारकर्ता) | 1. Issuance Date - 14-11-2024 2. MP/JBR/KTNI/A000000203 & MP/JBR/KTNI/A000000260 3. कुल देय राशि - रु. 11,31,592 /- (ग्यारह लाख इकतीस हजार पांच सौ नब्बे मात्र) | मौजा घुरपुरा, इंद्रा गांधी वार्ड क्रमांक 20, पीएच नंबर 43, रामनम मैहर तह. मैहर जिला सतना, शहरी, सतना, मध्य प्रदेश, भारत – 485661 क्षेत्र - 1200 वर्गफुट या 111.52 वर्गमीटर सीमाएं - पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - 25 फीट रोड, उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण - विक्रेता की भूमि |

यदि उक्त देनदार / गारंटर उक्त भुगतान एचएचएफएल को नहीं करते हैं, एचएचएफएल उक्त एक्ट की सेक्शन 13( 4 ) व लागू नियमों के तहत पूरी तरह से देनदार / गारंटर के जोखिम, लागत व परिणामों के तहत सिक्योर्ड एसेट के खिलाफ कार्यवाही कर सकते है, विवरण हेतु संपर्क प्रा. अधिकारी संबंधित शाखा ऑफिस हिंदुजा हाऊसिंगफायनेंस लिमिटेड, 101-बी, प्रथम तल एन आर के बिजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर( म.प्र. ) 452010 एवं मोबाईल नं. Vaibhav Shrivastava - 7987969803, Rajesh Chakotiya - 8435571111, Sameer Singh - 9584290575

स्थान- इंदौर, दिनांक - 04/12/2024

प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड

# बुढ़वा क्षेत्र में दिखा 18 जंगली हाथियों का झुंड

## दर्जनों गांवों की बिजली आपूर्ति की बंद, ड्रोन से कर रहे निगरानी

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के ब्यौहारी वन परिक्षेत्र में लगभग 20 जंगली हाथी एक माह से विचरण कर रहे हैं, हाथियों ने अब तक कई किसानों की दर्जनों एकड़ कि फसल को तबाह कर दिया है। खलिहान में रखें अनाज को भी हाथी खा गए हैं, ग्रामीणों की सुरक्षा के साथ-साथ जंगली हाथियों की भी सुरक्षा करने के लिए वन विभाग अपना कार्य कर रहा है।



बीते दिनों शहडोल और सतना की सीमा पर एक जंगली हाथी की करंट लगने से मौत हो गई थी। इसके बाद से ही वन विभाग और अलर्ट हो गया है। जिस क्षेत्र में जंगली हाथियों का मूवमेंट रहता है उन आसपास के गांव की बिजली पहले से ही बंद करवा दी जा रही है। जंगल में हाथियों की निगरानी के लिए विभाग अब ड्रोन का इस्तेमाल कर रहा है।

ब्यौहारी वन परिक्षेत्र के सेहरा जंगल में जंगली हाथियों की लोकेशन मंगलवार की सुबह मिली है,वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक बीती रात हाथी घने जंगल के बीच चले गए थे ,ड्रोन कैमरे की मदद से उनकी लोकेशन मिल पाई। जिसमें वह बुढ़वा क्षेत्र के सेहरा जंगल मे अभी विचारण कर रहे है। ड्रोन कैमरे में 18 हाथी दिखाई दे रहे हैं। आसपास के गांव में वन विभाग की टीम ने मुनादी कर लोगों को इसकी जानकारी दे दी है ,की सेहरा जंगल में जंगली हाथी पहुंच गए हैं जंगल की ओर लोग ना जाएं और सतर्क रहे।

ड्रोन कैमरे से हाथियों का मूवमेंट देख लाइट कटवा दी जा रही है। एसडीओ फॉरेस्ट रेशम सिंह धुर्वे ने बताया कि रामपुरवा,बुढ़वा,मऊ सहित आधा दर्जन से अधिक गांव में बिजली बंद है। एसडीओ के मुताबिक हाथियों का जिस क्षेत्र में मुमेंट रहता है वहां आसपास में सप्लाई बंद करवा दी जाती है, जिससे आधा दर्जन से अधिक गांव की बिजली बंद है। वहीं ग्रामीण कहना है कि हाथियों के मूवमेंट से हम काफी परेशान हो चुके हैं, खेतों में लगी फसल को हाथी नष्ट कर रहे हैं,खलिहान में रखें अनाज भी हाथी खा रहे हैं, अब हमें रात भी अंधेरे में गुजारनी पड़ रही है।हाथियों को करंट ना लगे और कोई घटना ना घटे जिसकी वजह से वन विभाग सही कदम उठा रहा है,लेकिन मुसीबत ग्रामीणों को झेलनी पड़ रही है।

# खड़े ट्रक से टकराई तेज रफ्तार वैन, ग्राम पंचायत सचिव की मौत

**शहडोल, देशबन्धु।** तेज रफ्तार वैन सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे टकरा गई जिससे वैन में सवार पंचायत सचिव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। वैन चालक घटना के बाद से ही फरार है। जयसिंहनगर के कनाडी से वैन में सवार सचिव अपने घर जा रहे थे। तभी रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना ब्यौहारी थाना क्षेत्र के जोरा गांव में घटी है।

बताया गया कि ब्यौहारी थाना क्षेत्र के जोरा गांव मे सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा था तभी तेज रफ्तार मारुति वैन क्रमांक एमपी 18 बी बी 1484 ट्रक के पीछे से टकराते हुए वैन का आधा हिस्सा ट्रक के पीछे घुस गया, ड्राइवर सीट के बगल में बैठे ब्यौहारी जनपद के तिखवा पंचायत सचिव अमरेंद्र सिंह मरावी की इस घटना में मौत हो गई। घटना जब घटी तो काफी तेज आवाज




आई जिसे सुनकर आसपास खड़े लोग मौके पर दौड़ पड़े और पंचायत सचिव को निकालने की कोशिश की, लेकिन वाहन ट्रक के पीछे आधा घुस गया था और सचिव की मौके पर ही मौत हो गई थी, वाहन चालाक घटना के बाद से फरार है। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को दी गई जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच पड़ताल कर रही है।

थाना प्रभारी ब्यौहारी अरुण पांडे ने बताया कि वैन में सवार तिखवा सचिव अमरेंद्र सिंह मरावी कनाडी गांव से आपने घर तिखवा जा रहे थे, तभी रास्ते मे जोरा गांव मे यह दर्दनाक हादसा हुआ है। वैन में कितने लोग सवार थे, यह स्पष्ट नहीं है। पुलिस को जब मामले की जानकारी लगी थी तो पुलिस मौके पर पहुंची तो वाहन में पंचायत सचिव का शव मिला। वैन चालक का पता लगाया जा रहा है।

## सार-समाचार

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित



**सिंगरौली, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक, मनीष खत्री, सिंगरौली के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, जिला सिंगरौली थाना प्रभारी विन्ध्यनगर अर्चना दिद्वेदी, उपनिरीक्षक रुपा अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा आयोजित की गई। जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदको के द्वारा आवेदन पत्र समक्ष में प्रस्तुत किये गये, जिसे प्रत्येक आवेदकों से रूबरू होकर उनकी शिकायतों को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना जाकर कई शिकायतों का मौके में निराकरण कराया गया। शेष आवेदन पत्र में वैधानिक कार्यवाही के लिए थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में महिला फरियादियों की शिकायतों को तत्परता से कार्यवाही किये जाने के लिएु महिला अधिकारी/कर्मचारियों से शिकायतों की कॉउंसलिंग कराकर निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया।

### राजेन्द्र सिंह सिंगरौली भाजपा जिलाध्यक्ष के प्रबल दावेदार

**सिंगरौली, देशबन्धु।** राजेन्द्र सिंह परमार ऊर्फ पाल सिंह भारतीय जनता युवा मोर्चा के वर्तमान मे जिलाध्यक्ष है इनके



कार्यकाल मे सिंगरौली जिले के तीनों विधानसभा सीट व लोकसभा सीधी-सिंगरौली सीट व नगर-निगम अध्यक्ष भाजपा ऐतिहासिक मतों से विजय प्राप्त की है। राजेन्द्र सिंह परमार भाजपा मे कई महत्पूर्ण पदों पर रहकर समाज सेवा किये है, जैसे 2010 से लेकर 2013 तक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा, जिला महामंत्री किसान मोर्चा व इस बार भी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा रहे। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य युवा मोर्चा रहे। श्री सिंह भाजपा के सक्रिय सदस्य 2007 से लगातार होते आ रहे है। इनके द्वारा प्रत्येक वर्ष आजीवन सहयोग निधि पचास हजार रुपये दिया जाता है। युवा मतदाता एक लाख साठ हजार जोड़कर पूरे भारत में दूसरे व मध्यप्रदेश मे पहले स्थान रहे हैं। श्री सिंह के द्वारा कोरोना काल मे निशुल्क चावल, दाल, सब्जी व दवाई वितरित करवाये है।

### राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में मनाया विश्व दिव्यांग दिवस



**सिंगरौली, देशबन्धु।** भौतिक रूप से ही नही आर्थिक सामाजिक रूप से भी दिव्यांगजनों को शसक्त बनाया जायेगा। उक्त आशय का उद्बोधन राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री राधा सिंह मंत्री मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा दिया गया। विदित हो कि विश्व दिव्यांग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश शासन की राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह के मुख्य अतिथि में एवं सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह, नगर निगम की महापौर रानी अग्रवाल, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसुमिरन गुप्ता, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के गरिमामय उपस्थिति में आयोजित हुआ। उपस्थित दिव्यांगजनों एवं आम जन मानस को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री सिंह ने कहा कि भारत में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 दिव्यांगों के कल्याण और उन्हें समर्थ एवं सशक्त बनाने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है।

# कमिश्नर-कलेक्टर ने कराटे विजेताओं को दी बधाई



**शहडोल, देशबन्धु।** मैंगलोर कर्नाटक में आयोजित ओपन शौर्य अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में शहडोल जिले के विजेता खिलाड़ियों को आज कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभागार में कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। खिलाड़ियों से चर्चा करते हुए कमिश्नर गुप्ता ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि मानसिक स्थिरता और टीम वर्क की भावना को भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल आवश्यक है।

खिलाड़ियों से चर्चा करते हुए कलेक्टर केदार सिंह ने कहा कि शहडोल जिले के खिलाडी कराटे, फुटबाल, क्रिकेट जैसे अन्य विधाओं में पारंगत है। विजेता खिलाड़ियों को कमिश्नर एवं कलेक्टर ने ट्रैक शूट भी वितरित किए। इस अवसर संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, जिला शिक्षा अधिकारी एमएल पाठक, सहायक संचालक खेल हाजी रईस अहमद व कोच उपस्थित थें।

**ज्ञानोदय स्कूल की खिलाड़ी भी शामिल-** यहां यह भी उल्लेखनीय है कि मैंगलोर कर्नाटक में आयोजित ओपन शौर्य अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में शहडोल संभाग की जानी-मानी ज्ञानोदय स्कूल की तीन कराते खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया है। इनमें सिफा बेगम, कनक बरगही और संतोषी गुप्ता भी हैं जिन्होंने अपनी आयु वर्ग में गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है।

# रक्त मित्रों ने किया रक्तदान




**शहडोल देशबन्धु।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमझोर में गत दिवस डॉक्टर ईश्वर प्रसाद लोधी, इनायत उल्ला खान और रक्तमित्र अनुराग यादव, अमित अहिरवार व सौरभ गौतम के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर रक्तदाताओं के स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच भी की गई।

शिविर में प्रमुख रूप से पुष्पा तिवारी, रवींद्र शुक्ला, मनीष मिश्रा, सौरभ गुप्ता, भारत लाल प्रजापति, गोरेलाल यादव, अनुज यादव, गणेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राम यस ढीमर, राजकुमार मौर्य, अजय जोगी, अजीत सेन, रावेंद्र सिंह, संजय कुमार साहू, देवांश तिवारी, फूलचंद अहिरवार, राजेश अहिरवार, विवेक गुप्ता, मोहम्मद अयाज खान सहित अन्य लोगों ने रक्तदान कर निशुल्क जांच कराई। इस ग्रुप के माध्यम से अब तक कुल मिलाकर 52 लोगों को रक्तदान कर सेवा प्रदान की गई है। अनुराग यादव जो इस ग्रुप के सदस्य हैं उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य लोगों को शिविर के माध्यम से रक्तदान के लिए प्रेरित करना एवं इसके लाभ को बताना है हमारे ग्रुप में जिले के युवा जुड़कर रक्तदान कर लोगों का जीवन बचाने में अपना योगदान दे सकते हैं और जीवन बचा सकते हैं।

# परख कार्यक्रम के लिए ऑब्जर्वरों को दिया प्रशिक्षण



**शहडोल, देशबन्धु।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेशानुसार परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण चार दिसंबर को आयोजित होना है। सर्वेक्षण कार्य हेतु आवश्यक सामग्री पहुंचाने, वापस लाने और सर्वेक्षण का अवलोकन करने के लिए आब्जर्बर का दो दिवसीय प्रशिक्षण गत दिवस महर्षि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ।

प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय से उपस्थित ओ आई सी शंकर लाल खत्री, जिला शिक्षा अधिकारी मोहनलाल पाठक, डाइट प्रचार्य रमाशंकर गौतम, शिक्षक केदार मिश्रा और महर्षि विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती भावना तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण मे 105 ऑब्जर्वर उपस्थित हुए। उन्हे सर्वेक्षण की सभी गतिविधि पर चर्चा सेम्पल कक्षा और विद्यालय और बैठक व्यवस्था पर विशेष उन्मुखीकरण दिया गया। प्रशिक्षण मे महर्षि के समस्त स्टाफ का सहयोग महत्वपूर्ण है।

# 1.2 करोड़ से बनेगी नाली, सड़क व सामुदायिक भवन

## विधायक, महापौर और निगम अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**सिंगरौली, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 43 में 1 करोड़ 2 लाख की लागत से निर्मित होने वाली पीसीसी नाली, पीसीसी सड़क, एवं सामुदायिक भवन के कार्य का सिंगरौली विधानसभा के विधायक श्री राम निवास शाह मुख्य अतिथि एवं नगर पालिक निगम सिंगरौली की महापौर रानी अग्रवाल, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेंय, मेयर इंन काउसिल के सदस्य राम गोपाल पाल के विशिष्ट अतिथि में विधवत पूजा अर्चन कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष वार्ड पार्षद एवं मेयर इंन काउसिल के सदस्य श्री खुर्शिद आलम ने की।



इस अवसर पर सिंगरौली विधानसभा के विधायक श्री राम निगम शाह ने कहा कि नगर विकास के लिए नगर सरकार और हम सब मिलकर नगर के चौमुखी विकास के लिए काम कर रहे हैं। नगर का कोई भी हिस्सा नगर से अलग नहीं है। नगर का विकास व्यवस्थित विकास योजना बनाकर काम करेंगे।

निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होने कहा कि नगर के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नही होने दी जायेगी। हमारी सरकार का संकल्प है कि सिंगरौली का सिंगापुर बनाना है इसी उद्देश्य को लेकर हमे कार्य करना होगा।

इस अवसर पर नगर निगम की महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल ने कहा कि हमे नगर का समुचित विकास हो इसकी सदैव चिंता हर समय रहती है। उन्होंने कहा निगम के क्षेत्र के सभी वार्डो का चहुमुखी विकास हो इसके लिए कार्य योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। आज वार्ड क्रमांक 43 में 1 करोड़ 2 लाख की लागत से निर्मित होने वाली पीसीसी नाली, सड़क एवं सामुदायिक भवन के निर्माण की सौगत वार्डवासियों को मिली है। इसी प्रकार निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में विकास के कार्य कराये जाएंगे। नगर निगम के अध्यक्ष ने वार्डवासियों को संबोधित करते हुये कि आज आप लोगो को नाली, सड़क एवं सामुदायिक भवन की सौगात मिली है इसके लिए मै आप सब का अभिनंदन करता हूं।

## आवास में किए गए काम की मजदूरी मांगना दलित परिवार को पड़ा महंगा

# रोजगार सहायक ने आईडी डीलिट कर किया योजनाओं से वंचित

**मझौली, देशबन्धु।** जनपद क्षेत्र मझौली अंतर्गत ग्राम पंचायत खन्तरा के ग्राम बघैला का मामला सामने आया है जहां एक हरिजन परिवार को पीएम आवास योजना में किए गए काम की तात्कालिक रोजगार सहायक नितेश पांडे से मजदूरी मांगना महंगा पड़ गया। मजदूरी का पैसा तो मिला ही नहीं आग बबूला रोजगार सहायक ने पंचायत से समग्र आईडी ही डिलीट कर सभी योजनाओं से वंचित कर दिया। जहां पीड़ित परिवार वर्षों पूर्व से न्याय पाने पति-पत्नी दर-दर भटक रहे हैं। लेकिन लेकिन न्याय मिलने के स्थान पर जिम्मेदारों द्वारा धैस -धमकी दी जा रही है।

मीडिया को अपनी व्यथा सुनाते हुए सुनीता पति रामलालू कोरी निवासी ग्राम बघैला ग्राम पंचायत खतरा द्वारा बताया गया कि हमारे सास को आवास मिला था जिसे हम लोग मजदूरी मेहनत कर कंप्लीट कराया लेकिन मजदूरी की राशि नहीं मिली तब हमने रोजगार सहायक नितेश पांडे से मजदूरी मांगी नहीं देने पर शिकायत करने के लिए बोली तो उन्होंने धमकी देते हुए बोले की मजदूरी तो पाओगे ही नहीं अन्य योजना से भी वंचित हो जाओगे। और हमारे परिवार आईडी डिलीट कर दिए जब मेरी लाडली बहना योजना की राशि नहीं आई तथा खाद्यान्न भी नहीं मिला तो मैं इधर-उधर पूछताछ करने लगी लेकिन कई माह तक जानकारी नहीं लगी जब जानकारी हुई तो मैं कलेक्टर महोदय को आवेदन पत्र पेश कर अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगाई। जिस पर जांच कार्यवाही




करते हुए तत्कालीन जनपद पंचायत सीईओ मझौली एस एन द्विवेदी जी द्वारा जांच कार्यवाही करते हुए। दोशी पाए जाने पर आदेश जारी किया गया था कि जब तक हितग्राही की आईडी जुड़ ना जाए तथा उसको योजना का लाभ ना मिलने लगे तब तक जिस माह से यह योजनाओं से वंचित है जब तक शासन द्वारा योजना का लाभ प्रदान ना हो तात्कालिक रोजगार सहायक नितेश पांडे के वेतन से जिस दर से लाडली बहना योजना की राशि प्रदान होती है पीड़ित को उसके द्वारा दिए गए खाते में हस्तांतरित कराई जाए। यह आदेश 23 फरवरी 2024 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मझौली द्वारा जारी कर नरेगा अधिकारी को निर्देशित किया गया था कि उक्त राशि पीड़ित महिला को प्रदान कराया जाए। लेकिन अभी तक पीड़ित परिवार को ना तो शासकीय योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है ना ही रोजगार सहायक के वेतन से काटकर राशि दी गई। बल्कि धृतकार भगा दिया जाता है सुनीता कोरी द्वारा बताया गया कि सीईओ के कहे अनुसार हमने कई बार मण्डाले सर से मिले जिस दिन सीईओ साहब रहते थे। प्रेम से बोला करते थे जब नहीं रहते थे तो रौध दिखाते हुए भगा दिया करते थे अब जब सर चले गए हैं तो उनके द्वारा साफ तौर पर बोला गया कि मैं किसी की संपत्ति किसी को नहीं दे पाऊंगा। खबर है कि रोजगार सहायक को वेतन भी प्रदान हो चुका है फिर भी मजदूरी एवं लाड़ली बहना योजना की राशि न दे कर डांट फटकार एवं धमकी दी जा रही है। जिसकी शिकायत 181 पर भी की गई है जिसके लिए भी रोजगार सहायक एवं उनके शुभचिंतक अधिकारियों द्वारा शिकायत कटाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। जिसको लेकर आज पुन: पीड़ित परिवार जनसुनवाई में पहुंचे थे लेकिन संबंधित अधिकारी के न रहने पर एसडीएम के शिरकत के बाद जनपद के बाबू आवेदन लेकर आश्वस्त किए हैं कि आपको न्याय दिलाया जाएगा।

# तेज रफ्तार बाइक गड्ढे में गिरी, दो की मौत

**पन्ना, देशबन्धु ।** जिले के बृजपुर थाना अन्तर्गत, बृजपुर पहाड़ीखेड़ा रोड़, नवोदय विद्यालय के पास तेज़ रफ़्तार मोटर साईकिल अनियंत्रित हो कर सड़क किनारे गढ्ढे मे जा गिरी, जिसमें तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गये। जिसकी सूचना तीसरे व्यक्ति द्वारा अपने परिजनों को दी गई। परिजन परिचितो के साथ घटना स्थल पर जा पंहुचे, रात्रि का समय होने के चलते जिला अस्पताल विलंब से पंहुचने के कारण दो की मौत हो गई तथा एक बुरी तरह घायल हुआ है।

जानकारी के अनुसार गजना धरमपुर निवासी अखिलेश आदिवासी पिता बलधारी, रमजाने आदिवासी, संदीप आदिवासी तीनो मोटर साईकिल पर सवार थें तथा अपने गांव आ रहें थे। उसी दौरान उक्त घटना घटित हुई। जिसमें ईलाज के दौरान अखिलेश आदिवासी तथा रमजाने आदिवासी की जिला चिकित्सालय में मौत हो गई तथा संदीप आदिवासी की हालत गंभीर है।

फिलहाल पुलिस नें मर्ग कायम कर पोस्ट मार्टम कराकर दोनो म्रतको के शव परिजनों को सौप दिये तथा घायल का ईलाज चल रहा है।

## जेके सीमेंट कंपनी के डंपर से एक की मौत

**पन्ना, देशबन्धु ।** पन्ना जिले के सिमरिया अमानगंज तहसील के अन्तर्गत हरदुआ पुरैना मे संचालित जेके सीमेंट कंपनी से जहां स्थानीय लोगो का कोई भला नहीं हुआ, लेकिन उक्त कंपनी की लापरवाहीं से सैकड़ो लोग काल के गाल में समा गयें है। दिन रात सैकड़ो सीमेंट एवं क्लीकिंर से भरें बड़े वाले डम्फर तथा ट्राला धमा चौकड़ी मचाते रहते है। अमानगंज दमोह, रोड़ पर लोगो का चलना मुश्किल हो गया है। आये दिन उक्त डम्फरो द्वारा सड़क पर चलने वालो को बेरहमी से कुचल दिया जा रहा है।

इसी प्रकार का हादसा बीति रात्रि एक दिसम्बर को घटित हुआ। जिसमें तिघरा गांव के पास ग्राम लुधनी निवासी मजदूर मस्तराम पिता रूब्बन मेहतर उम्र 28 वर्ष अपने गांव लुधनी जा रहा था, जिसें जेके सीमेंट कंपनी के कैप्शुल ट्रक द्वारा टक्कर मारकर मौत की नींन्द में सुला दिया। डम्फर क्रमांक एमपी 34 जेड ऐ 8342 के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक डम्फर चलाते हुए मोटर साईकिल चालक गरीब मजदूर को बुरी तरह कुचल दिया। जिसकी उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

ट्राला का नम्बर तथा सभी प्रकार की जानकारी होने के बावजूद सिमरिया थाना प्रभारी द्वारा अज्ञात के खिलाफ मामला बनाया गया है। क्योकि सिमरिया तथा अमानगंज की पुलिस जेके सीमेंट कंपनी को बिची हुई है तथा उनके द्वारा जेके सीमेंट कंपनी से अमानगंज तथा सिमरिया थाना प्रभारीयों द्वारा प्रत्येक माह मोटा कमीशन वसूला जाता है, इसी लिए उक्त दोनो थानो की पुलिस कंपनी वाहन चालको तथा संबंधितो के खिलाफ कार्यवाही नहीं करती है।

## हादसे में बाइक सवार की मौत

**कोतमा, देशबन्धु।** कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे शुक्ला ढ़ाबा के पास तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक को सामने से ठोकर मार दी, दुर्घटना में बाइक चालक की मौत हो गई।

मामले की जानकारी के अनुसार 3 दिसम्बर मंगलवार की सुबह लगभग 11.30 बजे कोतमा से बिजुरी की ओर जा रही छोटा हाथी पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 18 जेडबी 1056 तेज रफ्तार होने पर शुक्ला ढ़ाबा के पास सामने से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 16 सीआर 0435 को जमकर ठोकर मार दी, जहां बाइक सवार यशपाल सिंह गोंड पिता ईश्वर सिंह उम्र 22 वर्ष ग्राम चंगेरी गंभीर रूप से घायल हो गया।

वहां आसपास के लोगो ने तत्काल सूचना एम्बुलेंस सहित पुलिस को दी गई। वहीं गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार युवक अपने रिश्तेदार के साथ बाइक में ग्राम डोंगरिया से अपने घर चंगेरी जा रहा था। वहीं पुलिस ने दुर्घटना के बाद पुलिस ने पंचनामा तैयार करते हुए शव को पीएम के लिए भेजा गया, जहां पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# ग्राम मेढ़ाखवार में बाघ ने जमाया डेरा, सतर्क रहें ग्रामीण



**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले के पुष्पराजगढ़ तहसील अंतर्गत वन परिक्षेत्र अमरकंटक के ग्राम पंचायत लपटी के ग्राम मेढ़ाखार में बीते दो दिनों से बाघ ने अपना डेरा जमाए हुए हैं, जो रविवार को बाघ ने भैंस का शिकार किया है। बाघ के निरंतर विचरण पर वन अधिकारी के साथ पुलिस एवं राजस्व अमला बाघ की निगरानी करते हुए ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। प्रशासन ने बाघ की गतिविधियों पर निगरानी के लिए जगह-जगह ट्रेप कैमरे भी लगाए हैं।

ज्ञात हो कि 1 दिसम्बर की मध्य रात्रि एक बाघ को पुष्पराजगढ़ तहसील व वन परिक्षेत्र अमरकंटक के दोनिया-बिजौरी गांव के बीच कुछ राहगीरों ने देखा और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल होने पर वनविभाग के अधिकारी हरकत में आयें। सोमवार को ग्राम पंचायत लपटी के ग्राम मेढ़ाखार में बीच बस्ती में भैंस पर हमला कर मार दिया। इस दौरान ग्रामीणों की भीड़ के कारण बाघ वहां से भाग कर कुछ दूर स्थित झाड़ियों में पूरे दिन विश्राम करने बाद शाम मृत भैंस के पास जा रहा था, तभी ग्रामीणों के हो-हल्ला करने पर फिर से झाड़ियों में चला गया। रात होने पर वह फिर से भैंस के मांस को रात में खाया। मंगलवार को बाघ फिर से झाड़ियों के बीच पूरे दिन बिताने बाद शाम होते ही निकल कर भैंस के पास जो झाड़ियों के बीच पड़ा हुआ है के पास पहुंचा है।

बाघ के निरंतर विचरण पर जिला प्रशासन निरंतर निगरानी कर रहा हैं, मुख्य वन संरक्षक शहडोल वृत अजय कुमार पांडेय ने भी क्षेत्र के नागरिकों को वन्यप्राणी बाघ के विचरण क्षेत्र से दूरी बनाए रखने तथा वनविभाग निरंतर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

## सार-समाचार

### ऑनलाइन धोखाधड़ी पर साइबर ठग से वापस कराई संपूर्ण राशि

**अनूपपुर, देशबन्धु।** ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में साइबर सेल अनूपपुर द्वारा युवती की संपूर्ण राशि 16 हजार रूपए साइबर ठग से वापस कराई गई। मामले की जानकारी के अनुसार 16 नवम्बर को फरियादिया महजबी बानों पिता मुख्तार अहमद निवासी वार्ड 9 अनूपपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फरियादिया के भाई को 2 हजार रूपए देने के नाम पर उससे 18 हजार की ऑनलाईन धोखाधड़ी की गई। आवेदिका ने बताया कि उसे कॉल आया की उसके भाई ने अपनी बहन के खाते में 2 हजार रूपए डालने की बात कही गई, जिसके कुछ देर बाद फिर अज्ञात व्यक्ति का काल आया कि आपके फोन-पे एकाउंट में गलती से 2 हजार की जगह 20 हजार चला गया है, जिस पर 2 हजार काट कर 18 हजार रूपए वापस कर दे। जहां आवेदिका को 20 हजार रूपए आने का मैसेज भी प्राप्त हुआ। लेकिन आवेदिका ने बिना अपना एकांउट चेक किए उसे उसके फोन-पे एकाउंट में 18 हजार रूपए डाल दिए थे। उक्त शिकायत पर पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सायबर सेल अनूपपुर को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर सायबर सेल अनूपपुर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ठगी गई सम्पूर्ण राशि 18 हजार रूपए को आवेदिका के खाते में वापस कराया गया है।



उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री मोती उर रहमान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी के मार्गदर्शन में सायबर सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक राजेन्द्र प्रसाद अहिरवार, आरक्षक पंकज मिश्रा एवं राजेन्द्र केवट का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### फिल्म द साबरमती एक्सप्रेस को मंत्री दिलीप जायसवाल सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने देखा



**अनूपपुर, देशबन्धु।** गुजरात के गोधरा मे 2002 में साबरमती एक्सप्रेस को लेकर बनी फिल्म द सबरमती एक्सप्रेस शनिवार को नगर के जॉय सिनेमा में लघु एवं कुटीर उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल अपने सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ फिल्म देखी। इस दौरान सिनेमा हॉल राष्ट्रवादी नारो से गूंजता रहा। मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा की फिल्म की कहानी सत्य को उजागर करती है। देश में एक विचारधारा ने अपने हितो को पालने पोसने के लिए किस तरह से गलत रूप दिया है, यह इसमे दिखाया गया है। फिल्म प्रदर्शन के बाद भारत माता की जय के जोरदार नारे भी गूंजते रहे। मंत्री दिलीप जायसवाल के साथ ऋषभ चंदेरिया, नपाध्यक्ष अजय सराफ, मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, सुनील उपाध्याय, पूर्व नपाध्यक्ष मोहनी वर्मा, सीमा ब्योहार सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता साथ रहे।

### नारद मोह की लीला के साथ शुरु हुआ रामलीला का मंचन

**बिजुरी, देशबन्धु।** बिजुरी स्टेशन चौक में मैहर से आई रामलीला कमेटी के कलाकारों द्वारा रामलीला का आयोजन सोमवार रात शुरू हो गया। नपाध्यक्ष सहबिन पनिका ने दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद फीता काटकर रामलीला का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि रामलीला से जीवन जीने की सीख मिलती है। इसके बाद नारद मोह की लीला का मंचन शुरू हुआ। जिसमें पात्रों ने मंचन करते हुए दर्शाया कि नारदजी ने एक आश्रम में जन्म लिया। उनकी मां उस आश्रम की सेविका थी। ऋषि-महर्षियों के संग ने उनके मन में छिपी हुई आध्यात्मिक जिज्ञासा को जगा दिया और वह भी योग के रास्ते पर चल पड़े। एक दिन नारदजी और भगवान विष्णु साथ-साथ वन में जा रहे थे कि अचानक विष्णुजी एक वृक्ष के नीचे थककर बैठ गए। बोले भई नारदजी कहीं से पानी मिल जाए तो लाओ। हमारा तो गला सूख रहा है। नारद जी तुरंत सावधान हो गए। उनके होते हुए भला भगवान प्यासे रहें। वह बोले भगवान अभी लाया, आप थोड़ी देर प्रतीक्षा करें। नारदजी एक ओर दौड़ लिए। उनके जाते ही भगवान मुस्कराए और अपनी माया को नारद जी को सत्य के मार्ग पर लाने का आदेश दिया।



# स्कूल के बरामदे में शराब पीते तीन गिरफ्तार

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर में संचालित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय अनूपपुर के बरामदे में शराब का सेवन कर रहे तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 36(ब) म.प्र. आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मामले की जानकारी देते हुए कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन ने बताया कि रात लगभग 10 बजे सूचना मिली की की जैतहरी रोड स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राथमिक शाला के बरामदे में तीन युवकों द्वारा शराब का सेवन किया जा रहा है। जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने आशुतोष पनगरे पिता संतोष कुमार पनगरे उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड 13 उज्वल कॉलोन, शुभ शर्मा पिता उत्तम शर्मा उम्र 24 वर्ष, एवं अक्षत यादव पिता रविशंकर यादव उम्र 20 वर्ष दोनो निवासी बिहारी कॉलोनी अनूपपुर को पकड़ते हुए मौके से शराब की बोतल, पानी के पाउच, डिस्पोजल गिलास एवं नमकीन बरामद करते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 36(ब) म.प्र. आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।



**स्कूल वा आंगनबाड़ी में पर रखी जाएगी नजर** - पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान ने नागरिकों से अपील की है कि यदि जिले के किसी भी शासकीय वा निजी विद्यालय या आंगनवाड़ी केंद्र में कोई व्यक्ति शराबखोरी या अन्य असामाजिक गतिविधि करता है, तो इसकी सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। यह सुनिश्चित करने के लिए कि शिक्षा के पवित्र स्थलों को असामाजिक तत्वों से मुक्त रखा जा सके इसलिए पुलिस द्वारा उक्त कार्रवाई की जा रही है।

## चार वर्षो से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कोतवाली पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण एवं बलात्कार के मामले में चार वर्षो से फरार चल रहे स्थाई वारंटी शंकर रौतेल उर्फ सलोने पिता मोतीलाल रौतेल उम्र 20 वर्ष निवासी करहिबाग को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन ने बताया कि आरोपी शंकर उर्फ सलोने रौतेल के विरुद्ध 17 सितम्बर 2020 को 15 वर्षीय नाबालिक बालिका को भगाकर ले जाने की सूचना पर परिजनों ने कोतवाली में मामला दर्ज कराया था। जहां पुलिस ने धारा 363, 366ए, 376(3) 376(2) भारतीय दंड विधान एवं 3/4, 5/6 पाक्सो एक्ट में आरोपी शंकर रौतेल को गिरफ्तार कर नयायालय पेश किया गया था। जिसके बाद से आरोपी के लगातार फरार होने से न्यायालय अंजलि शाह प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड अनूपपुर द्वारा प्रकरण क्रमांक 49/20 धारा 363, 366 ए, 376 (दो) भारतीय दंड विधान एवं 3/4, 5/6 पाक्सों एक्ट में स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। जिस पर पुलिस ने उक्त फरार आरोपी के गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान द्वारा 2 हजार रूपए का ईनाम घोषित किया था।

# बिना जागरूक हुए दिव्यांगों को कैसे मिलेंगे अधिकार

## जिला स्तरीय विश्व दिव्यांग दिवस कार्यक्रम में पत्रकारों की उपेक्षा

**अनूपपुर, देशबन्धु।** आज दिव्यांगों तक सभी संसाधनों की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य को लेकर उनके आत्मसम्मान, प्रतिभा विकास, शिक्षा, सेहत और अधिकारों को सुधारने के लिये और उनकी सहायता के लिये एक साथ होने तथा विकलांगता के मुद्दे पर पूरे विश्व की समझ को नया आयाम देने एवं इनके प्रति संकीर्ण दृष्टिकोण को दूर करने की जरूरत है। लेकिन इसके उलट अनूपपुर जिले में तीन दिसम्बर मंगलवार को शासकीय उत्कृष्ट उमा. विद्यालय अनूपपर के परिसर में जिला स्तरीय विश्व विकलांग दिवस कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक न्याय विभाग द्वारा किया गया। हालाकि इस वृहद और प्रमुख कार्यक्रमों में अपनी नाकामी को छिपाने के लिए जिला प्रशासन ने इस पूरे कार्यक्रम में जिले के पत्रकारों से दूरी बनाई रखी। जिससे स्थानीय मीडिया में जमकर नाराजगी है।

कार्यक्रम में शामिल होने वाले अधिकारियों और अतिथियों को आमंत्रित किया गया, लेकिन जिला उपसंचालक द्वारा पत्रकारों से दूरी बनाए रखना कई सवाल खड़े करता है। इस घटना से पत्रकारों में असंतोष है, वरिष्ठ पत्रकारों का कहना है कि जब पत्रकारों को जिला स्तरीय कार्यक्रमों से जानबूझकर जिला प्रशासन द्वारा अलग रखा जाएगा, तो ऐसे आयोजनों की कवरेज करना उचित नहीं होगा।

इस विषय में एक वरिष्ठ पत्रकार ने कहा, हमारा दायित्व है कि हम समाज के हर पहलू को उजागर करें, लेकिन जब हमसे दूरी बनाई जाती है, तो ऐसे कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार नहीं होने से आमजनों को उक्त कार्यक्रमों के उद्देश्यों और विकलांग व्यक्तियों के एकीकरण से प्राप्त होने वाले लाभों के बारे में लोग कैसे जागरूक हो सकेंगे।

पत्रकारों की अनदेखी करना न केवल असंवेदनशील है, बल्कि प्रशासन और मीडिया के बीच संवादहीनता को भी बढ़ावा देता है। स्थानीय पत्रकारों का कहना है कि जब तक मीडिया को सम्मान नहीं मिलेगी, तब तक ऐसे आयोजनों का बहिष्कार करना उचित रहेगा।

**इनका कहना है** -

इस पूरे मामले को संज्ञान में लिया गया है, मै पूरे मामले को दिखवाता हूं।

**हर्षल पंचोली,** कलेक्टर अनूपपुर

# पन्ना में 127 हीरों की नीलामी आज से

**पन्ना, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश की रत्नगर्भा नगरी पन्ना अपने बेशकीमती हीरों के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। यहां की धरा सदियों से लोगों की किस्मत बदलती आ रही है। कल 4 दिसंबर से यहां हीरों की नीलामी का आयोजन किया जाएगा। यह नीलामी कलेक्टर कार्यालय के मीटिंग हॉल में आयोजित की जाएगी।

इस नीलामी में 127 नग छोटे-बड़े हीरे रखे जाएंगे, जिनकी अनुमानित कीमत 4 करोड़ 17 लाख 49 हजार 726 रुपए है। नीलामी में 32 कैरेट 80 सेंट का हीरा विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। साथ 19 ही कैरेट 10 सेंट और 16 कैरेट का हीरा भी मुख्य आकर्षण रहेंगे।



## चार करोड़ 17 लाख से अधिक के हैं हीरे

खनिज अधिकारी डॉ. रवि पटेल ने बताया कि नीलामी के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। नीलामी हॉल को सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है, जिसमें एलईडी लाइट, आठ कैमरे, टेलीविजन और सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था शामिल है। तीन दिन तक चलने वाली इस नीलामी में व्यापारियों को हीरे देखने और उनकी जांच के लिए प्री-आक्शन की सुविधा भी दी जाएगी। इस नीलामी में सूरत, गुजरात, राजस्थान सहित देशभर से हीरा व्यापारी हिस्सा लेंगे। इस नीलामी में छोटे और बड़े समेत अन्य तरह के हीरे नीलाम किए जाएंगे।

**पन्ना हीरों का भंडार** - बता दें कि पन्ना सदियों से बेशकीमती हीरों का भंडार रहा है। यहां की जमीन से आज भी हीरे निकलते हैं, जो कई बार लोगों की किस्मत रातों-रात बदल देते हैं। इस नीलामी का आयोजन पन्ना को हीरा नगरी के रूप में एक बार फिर प्रतिष्ठित करता है।

# व्हाइट टाइगर को हराया माही इलेवन ने



**अनूपपुर, देशबन्धु।** टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच 2 दिसम्बर को समापन किया गया। मैच का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के छायाचित्र पर पुष्प सुमन एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। आयोजन मे निकाय अध्यक्ष व जिला योजना समिति के सदस्य डॉ. सुनील कुमार चौरसिया मुख्य अतिथि एंव अतिथि के रूप में खान प्रबंधक झिरिया भूमिगत खदान आर.बी. नेताम, मुख्य नपाधिकारी मनोहर बिंझवार, सभापति जीतेंद्र चौहान, पार्षदगण निर्भय नारायण राव, बिजेंद्र देवांगन,चंदा देवी महरा व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों का व्हाइट टाइगर समिति व सहयोग मे लगे परिषद के कर्मचारियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन व्हाइट टाइगर समिति पौराधार व नगर परिषद डूमरकछार के सहयोग से किया गया था।

11 दिनो से लगातार चल रहे क्रिकेट प्रतियोगिता मैच मे कई टीमो मे भाग लिया, जिसमे ब्लैक पेंथर, नगर परिषद डूमरकछार कर्मचारी टीम, फुलवारी टोला टाइगर-11, विक्रमादित्य वार्ड 10, बैहाटोला टीम व अन्य टीमो ने भाग लिया।

फाइनल मैच मे छत्तीसगढ़ राज्य के खोंगापानी की टीम माही-11 और पौराधार की टीम व्हाइट टाइगर के बीच मुकाबला हुआ। जिसमे माही-11 की टीम ने 12 ओव्हर मे 158 रन बनाए और व्हाइट टाइगर ने 12 ओव्हर मे 58 रन बनाया, जिसका अंतिम परिणाम प्रथम विजेता माही-11 ने जीता और द्वितीय विजेता व्हाइट टाइगर रहा। विजेता टीम को 15 हजार व उपविजेता टीम को 7 हजार रूपए और ट्रॉफी प्रदान की गई।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अध्यक्ष श्री चौरसिया ने खिला?ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति रूचि लाना और प्रोत्साहित करना था। खेल समाज का अभिन्न अंग है, खेल से व्यक्तित्व का विकास होता है। खेल में बेहतर प्रदर्शन आपको एक दिन जिले, राज्य और देश के लिए प्रतिनिधित्व का मौका भी दे सकता है, वहीं झिरिया भूमिगत के खान प्रबंधक आर.बी नेताम ने भी समस्त खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी तथा कहा कि खेल मे बेहतर प्रदर्शन कर अपने नगर और जिले का नाम रोशन करे।

इस अवसर पर उपयंत्री शिवराम इडपाचे, पार्षद पति योगेश पालीवाल, रमेश यादव, राजेन्द्र महरा, नागरिकगण एवं खेल प्रेमी रामनारायण यादव, अनूप सिंह, नलिनीरंजन महाता, सुजीत पांडेय, संजीत दुबे, विपिन मिश्रा, आलोक मित्रा, परिषद के कर्मचारी सत्येन्द्र चौहान, अखिलेश सिंह परिहार, तीरथ पनिका, विशाल महतो, हरिश सिंह, अजय राम, मुन्नापाल, धीरेंद्र सिंह, अनुरूद्ध प्रसाद दाहिया, प्रशांत केशरवानी, विजय यादव, व्हाइट टाइगर समिति के सदस्य व आयोजकर्ता गौरव महाता, करूणा निधान सिंह, एजाज अहमद, विपिन दुबे, विनोद श्रीवास्तव, अविनाश यादव, अंतोष कुमार साव, अमित सिंह, नवीन शर्मा, अंकुश सिंह, सूर्यकांत साहू, सुनील कुमार गुप्ता, तथा आसपास क्षेत्र से पहुंचे खिलाड़ी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# दैनिक राशिफल

**बुधवार 04 दिसम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की तृतीया, नक्षत्र-पू.षा.।**

### मेष
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

### वृषभ
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

### मिथुन
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क.589-260

### कर्क
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

### सिंह
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है।

### कन्या
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है। क्रोध पर संयम रखें।

### तुला
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। भाग्यवृद्धि का अवसर मिलेगा।

### वृश्चिक
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें।

### धनु
आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्यजीवन में सुख और आनंद मिलेगा।

### मकर
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

### कुंभ
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

### मीन
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। बिजनेस को बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

म. 230-390

**टीन शेड में बड़ा घोटाला**

# बिना कार्य के ही कर दिया गया फर्जी भुगतान

**रीवा देशबन्धु।** बिना कार्य के ही निविदा से ज्यादा का भुगतान किये जाने का मामला सामने आया है। अब मामला आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में पहुंच गया है, जहां से जांच शुरू हो गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संजय गांधी अस्पताल की छत में 1 करोड़ 98 लाख की लागत से टीनशेड लगने की निविदा जारी हुई थी पर तत्कालीन कार्यपालन यंत्री एवं एसडीओ ने बगैर टीनशेड लगाए ही 3 करोड़ रुपए का फर्जी भुगतान कर दिया है। बताया जा रहा है कि संजय गांधी अस्पताल की छत में टीनशेड लगाए जाने के लिए अनुबंध क्रमांक 50/रीवा, दिनांक 21.7.22 में एनकेपी कांस्ट्रक्शन कंपनी कटनी को 1 करोड़ 98 लाख 50 हजार में टेंडर जारी किया गया था। खास बात यह है कि उक्त कंपनी से पेटी कान्ट्रेक्ट के



## आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो पहुंचा मामला, जांच शुरू

रूप में विभागीय अधिकारियों के रिश्तेदारों ने काम लिया था। जिस पर बगैर कार्य कराए ही निविदा से ज्यादा का भुगतान कर दिया गया। जब निविदा जारी की गई थी, उस समय कार्यपालन यंत्री केके गर्ग एवं एसडीओ ओंकारनाथ मिश्रा थे। खास बात यह है कि जिस कार्य की जिम्मेदारी एनकेपी कांस्ट्रक्शन कंपनी को दी गई थी, उसकी न तो प्रशासकीय स्वीकृति ही थी और न ही उसका टीएस किया गया था।

संजय गांधी अस्पताल की छत में 1 करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से लगने वाले टीनशेड का बगैर कार्य के निविदा से ज्यादा भुगतान किए जाने के मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में शिकायत की गई है। यहां खास बात यह है कि प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग मप्र भोपाल से 29 अक्टूबर को मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रीवा को पत्र भेजा गया है जिसमें अधीक्षण यंत्री विजिलेंस शाखा ने मामले की जांच के संबंध में बिंदुवार प्रतिवेदन स्पष्ट अभिमत के साथ भेजने को कहा है। यहां खास बात यह है कि संजय गांधी अस्पताल के टीनशेड का जांच प्रतिवेदन जो भोपाल भेजा गया है वह पूरी तरह से कूटरचित है। ऐसी स्थिति में अधीक्षण यंत्री विजिलेंस ने इस संबंध में मुख्य अभियंता रीवा से अभिमत मांगा है।

### भोपाल भेजी गई फर्जी एनओसी

लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक-1 के तत्कालीन कार्यपालन यंत्री कमलाकांत गर्ग की जो एनओसी भोपाल भेजी गई है, वह पूरी तरह से कूटरचित है। बताया गया है कि अपने पद के प्रभाव से उन्होंने सेवानिवृत्ति के पहले जो एनओसी अपर सचिव लोक निर्माण को भेजी है, उसमें स्पष्ट किया गया है कि शासकीय सेवा में रहते हुए उनके विरुद्ध कोई भी विभागीय जांच, लोकायुक्त प्रकरण, आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो के प्रकरण लंबित या प्रचलित नहीं हैं। एनओसी कूटरचित होने का प्रमाण लोक निर्माण विभाग बल्लभ भवन भोपाल विजिलेंस से 29 अक्टूबर को भेजे गए पत्र से स्पष्ट हो जाता है।

### तैयार किये गये थे कूटरचित दस्तावेज

संजय गांधी अस्पताल के छत में लगने वाले टीनशेड निर्माण के कार्य को बतौर पेटी कान्ट्रेक्ट में एनकेपी कांस्ट्रक्शन कंपनी से एसडीओ ओंकारनाथ मिश्रा ने अपने सगे रिश्तेदार अम्बुज द्विवेदी एवं रामानुज द्विवेदी को दिया गया था। यहां खास बात यह है कि ठेका कंपनी ने मौके पर कोई कार्य नहीं किया। जिन्हें पेटी पर दिया गया उनके द्वारा कार्य कराए बगैर ही भुगतान लिया गया। ताज्जुब की बात यह है कि बगैर टीएस एवं ड्राप्ट एनआईटी के टेंडर लगाया गया। दिलचस्प बात यह है कि जो टेंडर 1.98 लाख में लगाया गया था, उसके भुगतान के पहले बगैर किसी सक्षम अधिकारी के सप्लीमेंट्री जोड़ा गया एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर भुगतान कराया गया।

# उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अस्पताल में कंबल, गर्म पानी व चप्पल का किया वितरण



**रीवा देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने संजय गांधी चिकित्सालय आउटडोर में सावन कृपाल रोहणी मिशन के संयोजकत्व में आयोजित कार्यक्रम में मरीजों एवं उनके परिजनों को कंबल, गर्म पानी तथा चप्पल का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं द्वारा मरीजों व उनके परिजनों के लिए सामग्री वितरण का पुनीत कार्य किया गया है। इसके लिए वह प्रसंशा के प्रात्र हैं। कार्यक्रम के उपरांत उप मुख्यमंत्री ने अस्पताल के चिकित्सकों के लिए निर्माणाधीन आवासीय परिसर के निर्माण कार्य का अवलोकन किया तथा निर्माण एजेंसी को कार्य तीव्र गति से करने के निर्देश दिए।

### उप मुख्यमंत्री ने झलबदरी तालाब का किया निरीक्षण

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपने रीवा प्रवास के दौरान झलबदरी तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब के सौन्दर्यीकरण कार्य को शीघ्र पूरा करने तथा तालाब में व आसपास स्वच्छता सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े सहित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री ने आम जनों की समस्याएं सुनी

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस रीवा में आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने प्राप्त आवेदन पत्रों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए समाधानकारक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री आज करेंगे अनुग्रह सहायता राशि का वितरण

**रीवा देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भोपाल से 4 दिसम्बर को दोपहर 12.30 बजे संबल योजना की अनुग्रह सहायता राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरण करेंगे। यह राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खाते में जाएगी। हितलाभ वितरण का सजीव प्रसारण प्रदेश भर में किया जाएगा। उप सचिव श्रम विभाग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक नगरीय निकाय तथा जनपद पंचायत के 20 हितग्राहियों की उपस्थिति एनआईसी केन्द्रों में सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में सांसद तथा विधायकगणों और अन्य जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करने के साथ ही सभी संबंधित अधिकारी भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

### निजी चिकित्सालयों को चिकित्सकीय सेवाओं की दर सूची प्रदर्शित करना होगा अनिवार्य

**रीवा देशबन्धु।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा सभी निजी चिकित्सालयों, नर्सिंग होम को चिकित्सकीय सेवाओं की दर सूची (रेट लिस्ट) प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। दर सूची को काउंटर में अनिवार्यत- रखा जाए तथा मांगे जाने पर रोगी अथवा उसके परिवार के सदस्य को यह दिखाई भी जाए। निर्देश में कहा गया है कि दर सूची में आवश्यक संशोधन होने पर इसकी लिखित सूचना पूर्व में पर्यवेक्षीय अधिकारी/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को देना अनिवार्य होगा। प्रदर्शित दर सूची के अन्यथा शुल्क लेना रोगियों के अधिकार का हनन है। ऐसा करते पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन



**रीवा देशबन्धु।** जिला प्रशासन एवं भारती रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा कृष्णा ऑडिटोरियम, रीवा में आयोजित किया गया। शिविर में कृषि महाविद्यालय रीवा के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग्य लिया जिसमें 21 विद्यार्थियों (4 लड़कियाँ और 17 लड़के) ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र शुक्ला उप मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश थे डीन कृषि महाविद्यालय रीवा के डॉ. एस.के. त्रिपाठी ने रक्तदान कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला क्योंकि यह जीवन रक्षक है जो लोगों की मदद करता है और जीवन रेखा के रूप में कार्य करता है और जीवन बचाता है। डॉ. मनीषा द्विवेदी, डा़ शिवानी तिवारी, डा. प्रदीप मिश्र ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### मानवाधिकार अधिवेशन में बनारस जाते समय पदाधिकारियों का भव्य स्वागत



**रीवा देशबन्धु।** भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन के प्रदेश डॉ अजय चौधरी प्रदेश संगठन सचिव रामपाल नामदेव प्रदेश कृषि संरक्षण प्रमुख सुधाकर पांडे रामेश्वर पांडे अरुण द्विवेदी बनारस में मानवाधिकार उत्सिव में शामिल होने जा रहे थे जहां पर जिला मऊगंज हनुमान में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। बनारस में आयोजित राष्ट्रीय मानवाधिकार उत्सव में डॉ. अजय चौधरी को राष्ट्रीय कल्याण सचिव और चंद्रकला विश्वकर्मा को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस उपलब्धि पर राकेश मौर्य, पीएल वर्मा टीकमगढ़, जिला अध्यक्ष रामबाबू साहू, राजेंद्र विश्व कर्मा, निशांत विश्वकर्मा, सतना जिला अध्यक्ष राहुल जैन, कल्पना जैन, सचिन जैन ने हर्ष व्यक्त किया है। राष्ट्रीय अधिवेशन बनारस में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में देशभर से जुड़े सदस्यों और पदाधिकारियों ने भाग लिया। अधिवेशन में मानवाधिकारों की सुरक्षा और संवर्धन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही संगठन की आगामी रणनीतियों और गतिविधियों पर चर्चा की गई। भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन के बनारस में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में राकेश मौर्य, मोहित मिश्रा, डॉ सुरेश प्रसाद मिश्रा, डॉ सृष्टि गौतम, पारस शुक्लाव, शुभम द्विवेदी, संजीव गुप्ता की उपस्थित विशेष उल्लेखनीय रही।

# विधायक सीधी ने किया गोपालदास बांध गहरीकरण, नवीनीकरण एवं मार्ग चौड़ीकरण कार्य का भूमिपूजन



*जिले के विकास में मील का पत्थर साबित होगी परियोजना: श्रीमती पाठक*

**सीधी देशबन्धु।** विधायक सीधी रीती पाठक द्वारा मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से 301.71 लाख रुपये लागत के गोपालदास बांध गहरीकरण, नवीनीकरण एवं मार्ग चौड़ीकरण का भूमिपूजन किया गया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के माध्यम से न केवल बांध को नया जीवन मिलेगा, बल्कि यह जिलेवासियों के लिए पर्यटन और रोजगार का नया केंद्र भी बनेगा। विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि यह परियोजना सीधी जिले के विकास को नई दिशा देगी। न केवल जिले के निवासी इस परियोजना से लाभान्वित होंगे, बल्कि यह बाहरी पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और जिले के समग्र विकास में बड़ा योगदान होगा। गोपालदास बांध का यह बदलाव क्षेत्र के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा और आने वाले समय में इसे सीधी जिले का एक प्रमुख केंद्र बनाएगा। विधायक ने कहा कि गोपालदास बांध का गहरीकरण एवं नवीनीकरण से बांध के जल संग्रहण क्षमता बढ़ेगी, जिससे सिंचाई और पेयजल सुविधाओं में सुधार होगा। मार्ग चौड़ीकरण से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बेहतर बनेगी। बांध के



सौंदर्यीकरण और सुविधाओं के विकास से यह क्षेत्र पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। आसपास के क्षेत्रों में पर्यटकों के आकर्षण के लिए विशेष सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, सीईओ जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, देव कुमार सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, पार्षद बाबूलाल कुशवाहा सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

# गुढ़ में नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं दवा वितरण शिविर सम्पन्न

*66 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क वितरित की गई दवा*



**गुढ़/देशबन्धु।** इंजी. स्व. संजय गुप्ता की याद में गठित समिति संजय गुप्ता स्मृति सेवा संस्थान गुढ़ द्वारा माह की प्रत्येक तीन तारीख को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व उपलब्ध दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया जाता है। जिसके क्रियान्वयन में नववर्ष जनवरी 2024 से प्रथम स्वास्थ्य शिविर के रूप में शुरुआत करते हुए कल 03 दिसंबर 2024 दिन मंगलवार को बारहवां नि:शुल्क शिविर का आयोजन समय सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक स्वामी विवेकानंद क्लीनिक गुढ़ में किया गया जिसमें 66 मरीजो का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. बृजेश कुमार गुप्ता एवं डॉ.आरती गुप्ता,डॉ.आकांक्षा गुप्ता एवं डॉ.साक्षी गुप्ता द्वारा किया गया।शिविर में नि:शुल्क ब्लड शुगर,ब्लड प्रेसर की जांचे भी नि:शुल्क की गई।ज्ञात हो कि उक्त स्वास्थ्य शिविर प्रत्येक माह की तीन तारीख को नियमित रूप से आयोजित किया जाता व नि:शुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। अगला शिविर तीन जनवरी 25 दिन शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा।

# जेपी रीवा सीमेन्ट प्लान्ट में मनाया गया राज्य सुरक्षा दिवस



**रीवा देशबन्धु।** जय प्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के जेपी रीवा सीमेन्ट प्लान्ट में मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर 3 दिसम्बर 2024 को स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित जागरुकता कार्यक्रम का आय0जन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भोपाल गैस त्रासदी व आपदा प्रबंधन विषय पर आधारित वीडियो फिल्म पर चर्चा और घटना के कारणों का विश्लेषण करके किया गया। इसी के साथ स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। तद्पश्चात कर्मचारियों के लिए अग्नि-सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया और आग को बुझाने का तरीका दिखाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कर्मचारियों से सुरक्षा विभाग ने सावधानी पूर्वक कार्य करने का अनुरोध किया। कर्मचारियों में जागरुकता लाने के लिये कारखाने में जगह जगह पर सुरक्षा पोस्टर्स और बैनर्स लगाये गये। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने के लिये संरक्षा विभाग, वेज सेल, फायर विभाग एवं समस्त टेक्नीकल विभाग0 का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नप अध्यक्ष ने किया सम्मानित

*सभी छात्रों की पांच-पांच सौ का दिया गया पुरस्कार*



गुढ़/**देशबन्धु।** नगर परिषद गुढ़ स्थित पंद्रह वर्षों से शुभम गुप्ता द्वारा संचालित संस्थान में गरीब और असहाय छात्रों को शिक्षा हेतु तरह तरह के प्रोत्साहन देकर उच्च अध्ययन हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। इसी तारतम्य में विगत वर्ष संस्थान द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष डॉ अर्चना सिंह द्वारा नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को नगद राशि देकर सम्मानित किए जाने की बात कही गई थी। जिस पर इस वर्ष आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर नगर परिषद अध्यक्ष डॉ अर्चना सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि एड. अनंत कुमार गुप्ता और वरिष्ट शिक्षक रजनीश सोनी शामिल हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता संचालक दिलीप कुमार गुप्ता ने किया।उक्त अवसर पर सैकड़ों सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए और स्वच्छता जागरुकता अभियान से जुड़े कब्बाली का आयोजन भी किया गया।इसी अवसर पर इस वर्ष नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सात छात्रों को पांच पांच सौ का नगद और अन्य पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्थान के शिक्षक शुभम गुप्ता द्वारा बताया गया कि बच्चों को शिक्षा में बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों की फीस भी माफ की जाती है और उनके उत्साह वर्धन हेतु सम्मानित किया जाता है।कार्यक्रम में लगभग पांच सौ की संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। फोटो लगानी है।

**००० दिव्यांगजनों को दी गयी मोटराइज्ड ट्राइसकिल एवं लैपटॉप** विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा मुख्यमंत्री निन्शक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत सोहागी निवासी चन्द्रशेखर पाण्डेय को मोटराइज्ड ट्राइसकिल प्रदान की गई जब सामाजिक न्याय विभाग द्वारा विद्यासागर साकेत को लैपटॉप प्रदान किये गये।


## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
## कार्यालय प्राचार्य, संजय गाँधी स्मृति शासकीय स्वशासी महाविद्यालय सीधी (म.प्र.)

क्रमांक./41/73/ ज0भा0स0/2024 सीधी, दिनांक 3.12.2024

**जनभागीदारी योजना के अन्तर्गत पाठ्यक्रमों में अतिथि विद्वानों तथा प्रयोगशाला सहायक से अध्यापन व्यवस्था हेतु विज्ञापन**

### आमंत्रण सूचना (सत्र 2024 25)

महाविद्यालय में निम्नलिखित विषयों में जनभागीदारी योजना के अन्तर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर पाठ्यक्रम संचालित है. इन पाठ्यक्रमों में शिक्षण व्यवस्था हेतु उच्च शिक्षा विभाग म0प्र0 शासन भोपाल के निर्देशानुसार निम्न विषयों में महाविद्यालय जनभागीदारी समिति से जनभागीदारी अतिथि विद्वान एवं प्रयोगशाला सहायक पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है-

| क्र. | विषय | पद | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | समाज शास्त्र | 01 | एम0ए0 समाजशास्त्र तथा यू.जी.सी. एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित योग्यता। |
| 2. | हिन्दी | 01 | एम0ए0 हिन्दी तथा यू.जी.सी. एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित योग्यता। |
| 3. | कम्प्यूटर अनुप्रयोग | 01 | एस0एससी0 ( CS/IT ) या एम0सी0ए0 तथा यूजी.सी. एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित योग्यता। |
| 4. | वाणिज्य संकाय ( Computer Application ) | 01 | एस0एस०सी0 ( CS/IT ) या एम0सी0ए0 तथा यू.जी.सी. एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित योग्यता। |
| 5 | वाणिज्य संकाय ( Retail Operations ) | 01 | एम0कॉम0 ( एक विषय Retail Operations अनिवार्य ) तथा यू.जी.सी. एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित योग्यता |
| 6 | आधार पाठ्यक्रम ( पर्यावरण ) | 01 | एम0एस०सी0 वनस्पतिशास्त्र तथा यू.जी.सी. एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित योग्यता। |
| 7. | कृषि | 01 | एम.एस.सी. कृषि तथा यू.जी.सी. एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित योग्यता। |
| 8. | प्रयोगशाला सहायक ( कम्प्यूटर अनुप्रयोग ) | 01 | पीजीडीसीए एवं सीपीसीटी उत्तीर्ण अनिवार्य । |

शर्ते : 1. अतिथि विद्वानों के लिए आवश्यक अर्हता मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित नवीनतम आदेशानुसार होगी। उच्च उपाधि/अर्हता/अनुभव प्राप्त अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी। 2. प्रयोगशाला सहायक पद के लिये पीजीडीसीए के साथ साथ सीपीसीटी परीक्षा पास होना अनिवार्य है। 3. पदों की संख्या में परिवर्तन, निरसन, विज्ञप्ति को आंशिक या पूर्णत: निरस्त करने एवं मानदेय राशि के परिवर्तन का पूर्ण अधिकार महाविद्यालयीन जनभागीदारी समिति का रहेगा। 4. चयनित उम्मीदवारों को प्रदत्त दायित्वों का असंतोषजनक निर्वहन होने पर या अनुशासन सम्बन्धी विवाद की स्थिति में पद से हटाये जाने का अधिकार महाविद्यालय के प्राचार्य को रहेगा, उनका निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य रहेगा। 5. उक्त पद पूर्णतः अस्थायी है। तथा बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त किया जा सकता है। 6. आवेदन पत्र के लिफाफे पर पद का नाम एवं विषय अनिवार्य रुप से लिखें। आवेदन पत्र सचिव जनभागीदारी समिति प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गाँधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी के नाम से बंद लिफाफे में सभी प्रमाण पत्रों की स्वसत्यापित प्रति के साथ स्वयं आकर या रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा कार्यालयीन समय में दिनांक 20.12.2024 तक सायं 5.30 बजे तक महाविद्यालय कार्यालय में जमा कर सकते हैं। 7. समस्त अतिथि विद्वानों को जनभागीदारी समिति द्वारा पूर्व में निर्धारित मानदेय देय होगा एवं महाविद्यालय में कम से कम 06 घंटे रहना अनिवार्य होगा तथा आने एवं जाने के समय की उपस्थिति पंजी में दर्ज करना होगा। 8. किसी भी प्रकार के अवकाश की पात्रता नहीं होगी। 9. अध्यापन कार्य समाप्त होने पर पूर्व की भांति कार्य से पृथक कर दिया जायेगा एवं आवश्यकता होने पर पुनः अध्यापन कार्य हेतु आमंत्रित किया जावेगा ।

( डा. पी.के. सिंह )
प्राचार्य / सचिव
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
संजय गाँधी स्मृति शास. स्वशासी महावि सीधी ( म0प्र0 )



## CAN FIN HOMES LTD.

Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS • DEPOSITS Translating Dreams into Reality

(5/ए, 2/4 ब्लॉक ए, क्षितीय मंजिल, शिल्पी प्लाजा, रीवा, म.प्र. 486001)
फोन नं.- 7625013270, 07662252930, ई-मेल - rewa@canfinhomes.com
CIN : L8511OKA1987PLC008699

### ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को (धारा 13(2)) के अन्तर्गत मांग सूचना

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)**

केनरा बैंक - शाखा विजय नगर, जबलपुर ( म. प्र. ) के माध्यम से निम्नवर्णित ऋणियों द्वारा लोन/साख सुविधा समय-समय पर प्राप्त किये गये ।

| खाते / उधारकर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि / NPA दिनांक | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| 1. श्री जीतेन्द्र सिंह पुत्र सुरेंद्र नाथ सिंह<br>2. श्रीमती पुनीता सिंह पत्नी जीतेन्द्र सिंह<br>3. श्री रोहित सिंह पुत्र जीतेन्द्र सिंह<br>4. श्री ऋषभ देव सिंह पुत्र जीतेन्द्र सिंह<br>सभी पता - 17/599 स्कूल के पास, प्रतीक्षा बसंत बिहार अमहिया हुजूररीवा, 486001 | 02/10/2024<br>Rs 19,59,007/- + 28/09/2024 से देय ब्याज एवं अन्य खर्च<br>29/08/2024 | खसरा नंबर 302/6 पर भूमि, मौजा, कोस्टा, जे. नंबर 103, पीएच नंबर कोष्टा 07 तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला में रीवा ( म.प्र. ) स्थित है। सीमा इस प्रकार है - उत्तर - सड़क, दक्षिण- शिवनयन पांडे जी की भूमि, पूर्व - विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम - रविशंकर का घर औरप्लाट नंबर 302/5 |

उपरोक्त वर्णित ऋण/साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अत: बैंक द्वारा उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत मांग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13( 2 ) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं ।अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13( 4 ) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।
इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय या लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं ।विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें ।उधारकर्ताओं का अधिनियम की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

दिनांक : 04/12/2024

Sd/- प्राधिकृत अधिकारी
कैन फिन होम्स लिमिटेड

## जब डोनाल्ड ट्रंप ने की थी इस्कान की मदद, धूमधाम से निकली थी रथ यात्रा बांग्लादेशी हिंदुओं को भी उम्मीद

**ढाका।** बांग्लादेश में इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस पर प्रतिबंध लगाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। यह मामला तब सुर्खियों में आया जब समूह के नेता और हिंदू पुजारी चिन्मय कृष्ण दास प्रभु को गिरफ्तार किया गया। इस संकट की घड़ी में इस्कान को उम्मीद है कि अमेरिका के आगामी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उनके लिए मददगार साबित होंगे। दरअसल ट्रंप कई दशकों पहले इस्कान की मदद कर चुके हैं। इसके अलावा, ट्रंप ने अपने चुनावी अभियान में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का जिक्र भी किया था। **ट्रंप ने की थी हिंसा की निंदा**- इसके बाद, पिछले महीने, इस्कान ने डोनाल्ड ट्रंप की प्रशंसा की थी। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर लिखा था, मैं बांग्लादेश में हिंदुओं, ईसाइयों और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रही बर्बर हिंसा की कड़ी निंदा करता हूं। यह सब मेरे कार्यकाल में कभी नहीं होता। स्कान के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने एक इंटरव्यू में कहा कि बांग्लादेश में हालात उनके नियंत्रण से बाहर हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि 20 जनवरी 2025 को ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति पद संभालने के बाद स्थिति में सुधार होगा। बांग्लादेश में धार्मिक हिंसा और स्कान पर संभावित प्रतिबंध जैसे गंभीर मुद्दों के बीच संगठन को उम्मीद है कि डोनाल्ड ट्रंप की वापसी उनके लिए राहत लेकर आएगी।

### हथियार बनाने में नाटो से भी आगे निकला रूस

# अब यूक्रेन को कैसे बचाएंगे अमेरिका और यूरोपीय देश?

रूस की प्रमुख रक्षा कंपनियों की आय में पिछले साल 40 प्रतिशत की भारी बढ़त हुई है। इसके विपरीत, अमेरिकी और यूरोपीय रक्षा कंपनियों की आय में क्रमशः केवल 2.5 प्रतिशत और 0.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की ताजा रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ है। इस खुलासे से पता चलता है कि यूक्रेन युद्ध के बीच रूस किस कदर अपनी ताकत का इजाफा कर रहा है जबकि पश्चिमी देशों की चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में वैश्विक रक्षा उद्योग की औसत आय वृद्धि 4.2 प्रतिशत रही, जबकि रूस ने अपने रक्षा उत्पादन को युद्धकालीन स्थिति में अधिक प्रभावी ढंग से बढ़ावा दिया। यूक्रेन में अपने युद्ध को सपोर्ट करने के लिए रूस बहुत तेजी से हथियार बनाने में जुटा है, जबकि पश्चिमी देशों का नाटो संगठन इसमें पिछड़ रहा है।

**रूस की आय में तेजी, पश्चिमी देशों के लिए चिंताजनक**- अल-जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, रूस की शीर्ष रक्षा कंपनियों की कुल आय 25.5 बिलियन डॉलर रही, जो अमेरिका (317 बिलियन) और यूरोप (.133 बिलियन) के मुकाबले काफी कम है। बावजूद इसके, रूस ने अपने आर्थिक और औद्योगिक संसाधनों को युद्ध के लिए प्रभावी रूप से तैयार किया है। सिपरी की रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस की दो प्रमुख कंपनियां, रोस्टेक और यूनाइटेड शिपबिल्डिंग कॉरपोरेशन, शीर्ष 100 रक्षा कंपनियों में शामिल हैं। 2014 में क्रीमिया पर कब्जे के बाद से ही रूस ने अपने रक्षा उत्पादन को छिपाकर रखा



और दुनिया को इसकी ज्यादा खबर तक नहीं लगने दी।

**रूस की युद्ध अर्थव्यवस्था का प्रभाव**- रूस ने अपनी सैन्य खर्च को पिछले साल 24 प्रतिशत बढ़ाकर .109 बिलियन कर दिया, जो उसके सकल घरेलू उत्पाद का 5.9 प्रतिशत है। इसके मुकाबले नाटो देशों का औसत रक्षा खर्च 1.9 प्रतिशत है। रिपोर्ट में बताया गया है कि रूस की आर्थिक वृद्धि का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा रक्षा उद्योग से आया है। 2024 में रूस का रक्षा और सुरक्षा बजट 70 प्रतिशत बढ़कर 157 बिलियन डॉलर हो गया, और यह वृद्धि 2027 तक जारी रहने की संभावना है।

**पश्चिमी देशों की चुनौतियां**- अमेरिकी रक्षा कंपनियों को सप्लाई चैन की समस्याओं का सामना करना पड़ा। उदाहरण के लिए, लॉकहीड मार्टिन, जो दुनिया की सबसे बड़ी रक्षा उपकरण निर्माता है, उसकी आय में लगातार तीसरे साल गिरावट आई। यूरोप की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। फ्रांस की दासौल्ट एविएशन ने अपने राफेल विमान के ऑर्डर में 60 प्रतिशत की गिरावट देखी। यूरोपीय संघ ने अपने रक्षा उद्योग को पुनर्जीवित करने के लिए कुछ कदम उठाए हैं, जैसे कि एक्ट इन सपोर्ट ऑफ एम्यूनिशन प्रोडक्शन के तहत 500 मिलियन यूरो (526 मिलियन) का निवेश।

**यूक्रेन की तैयारियां**- यूक्रेन ने अपने रक्षा उद्योग में 7 बिलियन यूरो (7.36 बिलियन) का निवेश किया है और 2025 तक इसे तीन गुना करने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही, यूरोपीय संघ ने 2024 की दूसरी छमाही तक हर साल दो मिलियन गोले बनाने की क्षमता हासिल करने का दावा किया है।

हालांकि इस रिपोर्ट इस बात पर भी जोर देती है कि रूस की युद्ध अर्थव्यवस्था दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ नहीं है। आर्थिक प्रतिबंधों और उच्च ब्याज दरों के कारण कई रूसी रक्षा कंपनियां घाटे में चल रही हैं और उनके दिवालिया होने की संभावना है। पश्चिमी देशों और नाटो के लिए यह आवश्यक हो गया है कि वे अपनी रक्षा उत्पादन क्षमता को मजबूत करें, ताकि न केवल यूक्रेन को आवश्यक समर्थन मिल सके, बल्कि भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का सामना भी किया जा सके।

## जाते-जाते बाइडेन ने यूक्रेन पर उड़ेला खजाना, दिया ऐसा घातक हथियार भड़क उठे मानवाधिकार संगठन

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अगले महीने खत्म हो रहे अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में यूक्रेन को 725 मिलियन डॉलर यानी करीब 6139 करोड़ रुपए की बड़ी सैन्य मदद देने जा रहे हैं। इसका उद्देश्य युद्ध के मैदान में न केवल रूस का मुकाबला करना है बल्कि कीव को रणक्षेत्र में आगे बढ़ाना है। इस सहायता पैकेज के साथ अमेरिका यूक्रेन को कई किस्म के हथियार भी उपलब्ध करा रहा है, जिसमें कई ड्रोन रोधी सिस्टम, हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम और एंटी पर्सनल लैंड माइंस भी शामिल है। राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा जैसे घातक हथियार सौंपने के बाद चर्चा का बाजार गर्म है और आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम को लेकर कई किस्म की अटकलें लगाई जा रही है, जिसकी लंबी दूरी की मारक क्षमता है। यूक्रेन लंबे समय से इसका इस्तेमाल रूस के खिलाफ 186 मील अंदर तक करना चाह रहा है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यूक्रेन को भेजे जा रहे इस सैन्य खेप में एटीएसीएमएस को शामिल किया जा रहा है या नहीं। बड़ी बात ये है कि अमेरिका इस नए खेप में यूक्रेन को एंटीपर्सनल लैंड माइंस देने जा रहा है, जिसका कई मानवाधिकार संगठनों ने आलोचना की है। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने बाइडेन प्रशासन के इस कदम को विनाशकारी करार दिया है और कहा है कि इसके इस्तेमाल से नागरिक आबादी को लंबे समय तक खतरा हो सकता है। बता दें कि एंटी-पर्सनल माइन या एंटी-पर्सनल लैंडमाइन एक प्रकार की बारूदी सुरंग है, जिसे मनुष्यों के खिलाफ उपयोग के लिए डिजायन किया गया है, जबकि एंटी-टैंक माइन्स का टारगेट वाहन होते हैं। उधर, अमेरिकी सरकार ने इसे यूक्रेन के लिए तत्काल जरूरी बताया है और कहा है कि यह स्थाई नहीं है। अमेरिका का तर्क है कि इससे नागरिकों को अप्रत्याशित नुकसान से बचाने के उपाय किए गए हैं। अमेरिका का कहना है कि इसका डिजायन ऐसा है कि ये लैंड माइन्स एक निश्चित समयावधि के बाद निष्क्रिय हो जाते हैं।

## अमेरिकी राष्ट्रपति की कौन सी ताकत, जो बाइडेन दे चुके हैं 26 क्षमादान, बेटे को 25 साल की सजा से बचाया

**वाशिंटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपनी विदाई से पहले बेटे हंटर बाइडेन को बड़ी राहत दे दी। उन्होंने राष्ट्रपति के अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए उन्हें आपराधिक मामलों में माफी दे दी। जो बाइडेन ने इससे पहले क्षमादान से इनकार कर दिया था। हंटर बाइडेन तीन मामलों में दोषी ठहराए गए थे और इसके लिए उन्हें ज्यादा से ज्यादा 25 साल कैद की सजा हो सकती थी। हालांकि उनके पिता ने उन्हें सजा से बचा लिया। अमेरिका के संविधान में राष्ट्रपति को महाभियोग को छोड़कर किसी भी अपराध के लिए माफी देने और सजा कम करने की शक्ति दी गई है। इसी अधिकार के चलते राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ऑफिस छोड़ने से पहले ही बेटे हंटर बाइडेन को पूर्ण क्षमादान दे दिया। राष्ट्रपति के पास संघीय अपराधों के मामले में माफी देने का अधिकार है। आपको यह समझना होगा कि डोनाल्ड ट्रंप पोर्न स्टार को भुगतान किए जाने के मामले में खुद को माफी नहीं दे सकते। ऐसे इसलिए क्योंकि यह प्रांतीय स्तर पर चल रहा मुकदमा है।

## अबू मुहम्मद अल-जोलानी ने इजरायल से ईरान तक की नाक में दम कर दिया

मिडिल ईस्ट में सीरिया के बड़े शहर अलेप्पो पर सरकार विरोधी विद्रोहियों हयात तहरीर अल-शाम ने कब्ज़ा कर लिया है। इन विद्रोहियों ने एक हफ्ते से भी कम समय में सीरियाई सेना को घुटनों पर ला दिया। सीरिया को इन विद्रोहियों को पीछे धकेलने के लिए रूसी सेना की मदद लेनी पड़ी, लेकिन फिर भी पलड़ा विद्रोहियों का ही भारी लग रहा है। तहरीर अल-शाम सीरिया में इस्लामिक कानून चाहता है, इसका अभी सीरिया से बाहर ऐसा कुछ करने का इरादा नहीं है। आठ साल पहले सीरिया को इसे हराने के लिए रूस और ईरान की मदद लेनी पड़ी थी।



इजरायल भी इस आतंकी ग्रुप को अपने लिए खतरा मानता है। ये आतंकी यहूदियों को अपना दुश्मन मानते हैं। इस लिहाज से सीरिया में इनकी बढ़त इजरायल के लिए खतरे की घंटी भी है। इन विद्रोहियों का सरदार है- अबू मुहम्मद अल-जोलानी। अबू मुहम्मद अल-जोलानी के सिर पर अमेरिकी सरकार ने 10 मिलियन डॉलर का ईनाम रखा है। इसके बावजूद उसका और उसकी विद्रोही सेना का उत्तर-पश्चिम सीरिया के महत्वपूर्ण इलाकों पर कब्जा है। जोलानी उत्तर-पश्चिमी सीरिया में बशर अल-असद शासन के खिलाफ आंदोलन का मुख्य नेता है और अलेप्पो प्रांत के कई क्षेत्रों पर उसका नियंत्रण है। यह इलाका सीरियाई गृहयुद्ध से विस्थापित हुए लगभग 30 लाख लोगों का घर है और इसे सरकार विरोधी आंदोलन का गढ़ माना जाता है।

**कौन है जोलानी**- आठ साल बाद फिर से सीरिया गृह युद्ध की चपेट में है। सप्ताह भर पहले आश्चर्यजनक रूप से सीरिया के भीतर विद्रोही गुट उभर आए हैं और बशर अल-असद की सरकार को जड़ से उखाड़ने के लिए आतुर हैं। बीबीसी मॉनिटरिंग के मुताबिक, जोलानी का असली नाम, जन्मतिथि और जन्म स्थान और नागरिकता को लेकर एक नहीं कई जानकारियां हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, जोलानी का जन्म 1975 से 1979 के बीच हुआ था, जबकि इंटरपोल के मुताबिक, उनकी जन्मतिथि 1975 है।

अमेरिकी टीवी नेटवर्क पीबीएस के अनुसार, उसका असली नाम अहमद हुसैन है। चैनल को दिए इंटरव्यू में उसका बताया था कि उसका जन्म 1982 में सऊदी अरब की राजधानी रियाद में हुआ था, जहां उनके पिता पेट्रोलियम इंजीनियर के तौर पर काम करते थे। 1989 में, उसका परिवार सीरिया लौट आया और उनका पालन-पोषण दमिश्क के पास हुआ। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, उसने दमिश्क में मेडिकल की पढ़ाई की, लेकिन पढ़ाई के दौरान ही वह अलकायदा के संपर्क में आ गया। वह 2003 में अमेरिका पर हमले का भी जिम्मेदार था।

**अलकायदा से इस्लामिक स्टेट में रहा**- ऐसा कहा जाता है कि वह जल्द ही इराक में अल-कायदा के नेता अबू मुसाब अल-जरकावी का करीबी सहयोगी बन गया, लेकिन 2006 में अल-जरकावी की मृत्यु के बाद, वह लेबनान चला गया, जहां उसने लेबनानी आतंकवादी समूह जुंद अल-शाम के आतंकियों को ट्रेनिंग दी। उसके बाद उसके इराक लौटने की खबरें हैं जहां उसे अमेरिकी सेना ने गिरफ्तार कर लिया और कुछ समय तक जेल में रहने के बाद जब 2008 में रिहा किया गया तो वह तथाकथित इस्लामिक स्टेट में शामिल हो गया।

**13 साल पहले सीरिया लौटा**- कुछ रिपोर्टों के अनुसार, जोलानी अगस्त 2011 में सीरिया लौट आया और राष्ट्रपति बशर अल-असद से लड़ने के लिए अल-कायदा की एक शाखा खोली। हालांकि, एक लेबनानी अखबार का दावा है कि जोलानी वास्तव में इराकी नागरिक हैं और उसका नाम फालुजा के अल-जुलान नामक क्षेत्र के नाम पर रखा गया है और वह उसी क्षेत्र का है।

## बांग्लादेश मे इस्कान के बाद भारतीय टीवी चैनलों को बैन करने की मांग

**ढाका।** भारत और बांग्लादेश के बिगड़ते संबंधों के बीच अब बांग्लादेश में एक नई मांग की गई है। ढाका ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश हाईकोट में अर्जी लगाकर भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि एखलास उद्दीन भुइयां नाम के वकील ने यह अर्जी दायर की है जिसमें कहा गया है कि भारतीय मीडिया के बढ़ते प्रभाव की वजह से बांग्लादेशी संस्कृति और समाज पर असर पड़ रहा है जो चिंताजनक है। सोमवार को याचिका दायर करने वाले भुइयां ने भारतीय टीवी चैनलों के प्रसारण पर रोक लगाने के लिए केबल टेलीविजन नेटवर्क ऑपरेशन एक्ट 2006 के तहत अपील की गई है। इसमें स्टार जलसा, स्टार प्लस, जी बांग्ला, रिपब्लिक बांग्ला जैसे सभी भारतीय टीवी चैनलों को मांग करने की मांग की गई है।

एखलास भुइयां ने याचिका में सूचना मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सचिवों, बांग्लादेश दूरसंचार आयोग और अन्य से जवाब मांगा है। आरोप है कि भारतीय चैनलों पर भड़काऊ खबरें प्रसारित की जा रही हैं और बांग्लादेशी संस्कृति का विरोध करने वाली सामग्री का अनियंत्रित प्रसारण से युवा को बर्बाद हे रहे हैं। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि भारतीय चैनल बांग्लादेश में किसी भी देश के नियमों का पालन किए बिना काम करते हैं। याचिका में यह भी सवाल उठाया गया है कि बांग्लादेश में भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश देने वाला नियम क्यों नहीं जारी किया जाना चाहिए। जस्टिस फातिमा नजीब और जस्टिस सिकदर महमूदुर रजी की पीठ याचिका पर सुनवाई कर सकती है।

गौरतलब है कि 5 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटाए जाने के बाद से भारत-बांग्लादेश संबंधों में लगातार गिरावट आई है। बांग्लादेश में हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यक समूहों के खिलाफ हिंसक हमलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस बीच बांग्लादेश में 25 अक्टूबर को चटगांव में देशद्रोह के आरोप में पूर्व पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद से तनाव और बढ़ गया है।

27 नवंबर को चटगांव कोर्ट बिल्डिंग क्षेत्र में पुलिस और कृष्ण दास के समर्थकों के बीच झड़पों के दौरान एक वकील की मौत के बाद हालात अस्थिर हैं। भारत ने बार-बार बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर चिंता जताई है।

**चुनौती** *जम्मू-कश्मीर में सर्दियों में कई चुनौतियों से निपटने की तैयारी में जुटे सुरक्षाबल के जवान*

# आतंकी घुसपैठ के खिलाफ अतिरिक्त जवान व एनएसजी तैनात

■ **सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू, (देशबन्धु)। इस बार की सर्दियां जम्मू-कश्मीर में तैनात सुरक्षा बलों के लिए कई चुनौतियां लेकर आने वाली हैं। भयानक सर्दी की भविष्यवाणी के बीच पाकिस्तान द्वारा घुसपैठ को नए स्तर पर पहुंचाए जाने की आशंकाओं के चलते सीमा और एलओसी पर अतिरिक्त जवानों की रवानगी आरंभ हो चुकी है।

यही नहीं जम्मू संभाग में आतंकी हमलों में अचानक उछाल आने की संभावनाओं के चलते जम्मू में भी एनएसजी तैनात की जा चुकी है जबकि सर्दी के कारण पहाड़ों से नीचे उतरते आतंकियों का काल बनने की योजनाएं अंतिम चरण में हैं। अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है कि ऐसी खबरें हैं कि आतंकी ऊंचे पहाड़ों से अब नीचे उतरने लगे हैं।

वे गांवों में बंदूक की नोक पर शरण और खाना भी मांगने लगे हैं। कश्मीर ही नहीं बल्कि जम्मू संभाग के कई पहाड़ी इलाकों में ऐसी सूचनाओं के उपरंत कई इलाकों में तलाशी अभियान भी छेड़े गए हैं। साथ ही लोगों को चेतावनी दी गई है कि वे आतंकियों को शरण न दें। इस चेतावनी से पहाड़ों पर रहने वाले नागरिक परेशानी की दशा में इसलिए हैं क्योंकि एक ओर सुरक्षाबलों का डर तो दूसरी ओर आतंकियों की बंदूक का। एक सुरक्षाधिकारी के बकौल, पहाड़ों से नीचे उतरते आतंकियों से निपटने की योजनाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है और उन्हें गांवों में पहुंचने से पहले ही मार गिराया जाएगा। इसी प्रकार सीमा और एलओसी पर घुसपैठ करने वाले आतंकियों से निपटने की भी



■ पहाड़ों से उतरते आतंकियों का काल बनने की योजनाएं अंतिम चरण में

पूरी तैयारी कर ली गई है। दरअसल सीमा पार से मिलने वाली खबरों के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना अपने जहां रूके पड़े सैंकड़ों आतंकियों को किसी भी हालत में इस ओर धकलने को उतावली है। बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इसकी पुष्टि की है जिनका कहना था कि इंटरनेशनल बार्डर पर गैप को भरने की खातिर सिर्फ जम्मू सीमा पर बीएसएफ की दो अतिरिक्त बटालियनों की तैनाती की गई है। ऐसी ही कवायद 814 किमी लंबी एलओसी पर भी जारी है जहां घुसपैठ से निपटने की खातिर किए जाने वाले उपायों में एक कवायद अतिरिक्त हजारों सैनिकों की तैनाती भी है। हालांकि इस बार भीषण सर्दी का अनुमान जताया जा रहा है बावजूद इसके एलओसी पर दुर्गम स्थानों पर तैनात जवानों को सर्दी में भी पीछे हटाने से इंकार किया जा रहा है। सिर्फ यही चुनौतियां सुरक्षाबलों को जम्मू कश्मीर में परेशान नहीं कर रही हैं बल्कि दो सालों से आतंकियों के ताबड़तोड़ हमलों को झेल रहे जम्मू संभाग में भी एनएसजी की तैनाती भी दर्शाती है कि आने वाले दिनों में खतरा कितना है। हालांकि पुलिस का दावा था कि एनएसजी को सुरक्षाबलों की मदद के लिए तैनात किया गया है।

## आज का इतिहास

1748- नमकों पर शोध करने वाले फ्रांस के रसायन शास्त्री बर्टले का जन्म।
1791 - दुनिया का पहला रविवार का अखबार द ऑब्जर्वर लंदन में प्रकाशित हुआ।
1796 बाजीराव द्वितीय पेशवा नियुक्त हुए।
1829 - वायसराय लार्ड विलियम बेटिक ने सती प्रथा समाप्त की।
1833 - आर्थर तप्पान द्वारा फिलाडेल्फिया में अमेरिकी एंटी-स्लेवरी सोसाइटी गठित की गयी।
1859 - मेकटेब-ए मुल्कियाय स्कूल ओटोमन साम्राज्य में स्थापित किया गया।
1881 - लॉस एंजिल्स टाइम्स का पहला संस्करण प्रकाशित।
1910- हिन्दी सिनेमा के अभिनेता मोतीलाल का जन्म।
1919 - पूर्व प्रधानमंत्री इन्द्र कुमार गुजराल का जन्म।
1959- भारत और नेपाल के बीच गंडक सिंचाई एवं विद्युत परियोजना पर हस्ताक्षर किये गये।
1963 - अभिनेता जावेद जाफरी का जन्म।
1971 - संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भारत और पाकिस्तान के बीच खराब होते हालात के मद्देनजर आपात सत्र बुलाया।

## सुडोकू 6754


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 3 | 7 | | 4 |
| | | | | | 4 | | | 5 |
| | | | 2 | | | 6 | | |
| | 2 | | | 1 | | | | |
| | 1 | 8 | 6 | | 7 | 3 | 9 | |
| | | | | 8 | | | 5 | |
| | | 2 | | | 9 | | | |
| 6 | | | 4 | | | | | |
| 9 | | 1 | 7 | 2 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6754




**बायें से दायें:-**

१. नथुना
३. संग्रह करना, एकत्र करना
५. मुक्ति, तारण
६. समय सूचक
७. वांछित वस्तु के अभाव में बेचैन होना
९. सिद्ध करना, पूजा, उपासना
१०. निष्कासित करना, बाहर करना
१२. नौकर
१३. सूचित, चेतावनी (उर्दू)
१४. कदापि (उर्दू)
१६. गीत, गाना (उर्दू)
१८. शुद्ध और दमकता सोना
२०. सशस्त्र
२१. अपमिश्रित
२३. मणिमंडित

**ऊपर से नीचे:-**

१. नाटककार
२. फूलों का बगीचा
३. व्यवहृत करना
४. अमीर, धनी
५. उत्तेजित करना, भड़काना
८. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)
१०. झरना
११. लच्छेदार बातें करने वाला (उर्दू)
१२. स्वास्थ्य (उर्दू)
१३. आनंद, खुशी
१४. सदैव साथ रहने वाला (उर्दू)
१५. श्रीकृष्ण
१७. कमल
१८. घड़े से उत्पन्न
२०. झुका हुआ
२२. कसक

### वर्ग पहेली-6753



युसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## हम एडिलेड में बेहतर क्रिकेट खेलने के लिए उत्साहित हैं : कैरी

एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने टीम में किसी भी तरह की टेंशन की खबरों को नकारते हुए कहा कि एडिलेड में टीम कमबैक करेगी। पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में भारत के खिलाफ 295 रनों की करारी हार का सामना करने के बाद एडिलेड में कैरी ने 'क्रिकेट की बेहतर शैली' के साथ मजबूत वापसी करने की कसम खाई है। कैरी ने आस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी क्रम का समर्थन करते हुए कहा कि वे सभी एडिलेड ओवल में पिंक बॉल से होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में बड़ी पारियां खेलना चाहते हैं। कैरी ने मंगलवार को कहा कि अगर आप बल्लेबाजों से पूछें, तो हम सभी बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं।



# भारतीय टीम जू. महिला हॉकी एशिया कप में खिताब बरकरार रखने उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश की फुलबैक ज्योति सिंह की कप्तानी में भारत की 18 सदस्यीय महिला हॉकी टीम टीम मस्कट (ओमान) में 7 से 15 दिसंबर तक होने वाले महिला जूनियर हॉकी एशिया कप में अपना खिताब बरकरार रखने के मकसद से मंगलवार सुबह बेंगलुरु के केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मस्कट रवाना हो गई। महिला जूनियर हॉकी एशिया कप एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है। भारत को हाल ही में राजगीर (बिहार) में सीनियर महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में सबसे ज्यादा गोल करने वाली ऑलराउंडर दीपिका सहरावत के साथ स्ट्राइकर ब्यूटी डुंगडुंग , मुमताज खान और कणिका सिवाच के रूप में तेज अग्रिम पंक्ति के साथ चतुर आक्रामक मिडफील्डर सुनीलिता टोपो व वैष्णवी विट्ठल फाल्के के साथ सीनियर टीम में खेल चुकी टीम की ताकत है और उसे खिताब बरकरार रखने और महिला जूनियर विश्व कप खिताब बरकरार रखने का दावेदार बनाती है। भारत की उप कप्तान साक्षी राणा ने कहा, 'भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का जूनियर पुरुष एशिया कप में मस्कट में सेमीफाइनल में पहुंचना उत्साह बढ़ाने वाला और वह वहां खिताब जीतने की ओर बढ़ रही है। हम जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप में अपनी भारतीय टीम के मैच देख रही हैं और हम अपनी टीम का अब बाकी मैचों में हौसला बढ़ाने के लिए मस्कट में होंगी।' भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडकर ने कहा,' हमारी जूनियर टीम अनुभवी और नौजवान खिलाड़ियों की मिली जुली एक मजबूत टीम है और हमें अपनी जूनियर टीम पर पूरा विश्वास है।'



**हम जू. महिला हॉकी एशिया कप में अपना सर्वश्रेष्ठ देने को बेताबः ज्योति सिंह**

भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम जूनियर एशिया कप में मजबूत चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश के साथ पूल ए में है जबकि दक्षिण कोरिया। जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका की टीम पूल बी में हैं। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अपने अभियान का आगाज बांग्लादेश के खिलाफ आठ दिसंबर को मैच से करेगी। भारत की जूनियर हॉकी टीम की कप्तान ज्योति सिंह ने कहा, 'हम महिला जूनियर हॉकी एशिया कप में अपने अभियान को लेकर खासे आत्मविश्वास से भरे हैं। हमारी टीम एक अच्छी अनुभवी टीम है। हमने बीते कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है और हम जूनियर महिला एशिया कप में अपना सर्वश्रेष्ठ देने को बेताब हैं।'

**भारत की जूनियर महिला हॉकी एशिया कप में शिरकत करने जा रही 18 सदस्यीय टीम है :**

**गोलरक्षक :** निधि, अदिति माहेश्वरी।

**रक्षापंक्ति :** मनीषा, ज्योति सिंह (कप्तान), ललथांतलुआंगी, पूजा साहू, ममता उरांव।

**मध्य पंक्ति :** वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीलिता टोपो, इशिका, रजनी करकेटा, साक्षी राणा (उपकप्तान), खाइदम शिलिमा चानू।

■ अग्रिम पंक्ति : दीपिका
■ सहरावत, ब्यूटी डुंगडुंग,
■ कणिका सिवाच, मुमताज खान, ललरिनपुई।

**जू.महिला हॉकी टीम में शामिल दर्जनभर खिलाड़ी एचआईएल में खेलेंगी**

भारत की 18 सदस्यीय जूनियर टीम में पहली बार हो रही भारत में पहली बार महिला हॉकी लीग (एचआईएल) 2025 में खेलने जा रही दूसरी सबसे महंगी खिलाड़ी मिडफील्डर सुनीलिता टोपो(दिल्ली एसजी पाइपर्स, 24 लाख रुपये), महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत की नायिका दीपिका सहरावत ( दिल्ली एसजी पाइपर्स 20 लाख रुपये), मुमताज खान ( दिल्ली एसजी पाइपर्स , 11 लाख रुपये) और कप्तान ज्योति सिंह (दिल्ली एस जी पाइपर्स, दो ला रुपये) और भारत की पूर्व कप्तान प्रीतम सिवाच की बेटी कणिका सिवाच (ओडिशा वॉरियर्स, तीन लाख दस हजार रुपये) उपकप्तान साक्षी राणा (ओडिशा वॉरियर्स, सात लाख रुपये) सहित दर्जन भर खिलाड़ी भारत में पहली बार होने जा रही महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में शिरकत करेंगी।

# विश्व नंबर 4 अर्जुन एरिगैसी नॉर्वे शतरंज 2025 में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार

■ अर्जुन का शीर्ष पर पहुंचने का सफर अभूतपूर्व से कम नहीं रहा है
■ वर्ष के अंत में, अर्जुन ने टाटा स्टील शतरंज इंडिया ब्लिट्ज में जीत हासिल की




**स्टावेंजर (नॉर्वे),** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी नॉर्वे शतरंज 2025 में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं, जो यूरोप में शीर्ष शतरंज आयोजनों में से एक है, और 26 मई से 6 जून तक स्टावेंजर में खेला जाएगा। सिर्फ़ 21 साल की उम्र में और विश्व नंबर 4 पर, एरिगैसी शतरंज कैलेंडर के सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंटों में से एक में युवा महत्वाकांक्षा और असाधारण प्रतिभा लेकर आए हैं। अर्जुन का शीर्ष पर पहुंचने का सफर अभूतपूर्व से कम नहीं रहा है। उनका ब्रेकआउट वर्ष 2022 में शुरू हुआ जब उन्होंने कई हाई-प्रोफाइल जीत हासिल कीं। जनवरी में, उन्होंने प्रतिष्ठित टाटा स्टील शतरंज चैलेंजर्स जीता और मार्च तक उन्हें भारतीय राष्ट्रीय चैंपियन का ताज पहनाया गया। उस गर्मी में, उन्होंने 28वें अबू धाबी अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में अपना दबदबा बनाया, जिसमें उन्होंने विभिन्न प्रारूपों में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। वर्ष के अंत में, अर्जुन ने टाटा स्टील शतरंज इंडिया ब्लिट्ज में जीत हासिल की, जिससे एक उभरते सितारे के रूप में उनकी प्रतिष्ठा मजबूत हुई।यह गति 2023 में भी जारी रही, जहां अर्जुन ने लगातार प्रभावित करना जारी रखा। मार्च में, वह शारजाह मास्टर्स के विजेता के रूप में उभरे, और बाद में वर्ष में, वह विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। अर्जुन की उल्लेखनीय उपलब्धियों ने उन्हें शतरंज की बिसात से परे पहचान दिलाई है।


**हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड** — HINDUJA HOUSING FINANCE — **डिमांड नोटिस**

कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
रीजनल ब्रांच ऑफिस: 101-बी, प्रथम तल एनआर के विजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010 Email - auction@hindujahousingfinance.com

**सरफेसी अधिनियम 2002 की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोहिम**

सिक्योरिटी इंटरेस्ट ( इंफोर्समेंट ) नियम, 2002 के नियन 3( 1 ) उक्त नियम के सहपठित सेक्शन 13( 2 ) ऑफ सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकिस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 ( उक्त एक्ट ) के तहत उक्त नियमों के नियम 3 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13( 2 ) के तहत अधिकारियों के पालन में एचएचएफएल के प्रा.अधिकारी ने उक्त एक्ट की सेक्शन 13( 2 ) के तहत डिमांड नोटिस जारी की थी जिसमें देनदारियों / गारंटरों को उक्त से संबंधित उन्हें जारी नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था, देनदारों व गारंटरों को पुनः देनदारों व गारंटरों को इस नोटिस तिथि से 60 दिनों से निम्न राशि चुकाने को कहा जाता है, देनदार व गारंटर, देय राशि व लोन राशि के भुगतान हेतु प्रस्तुत सिक्योरिटी राशि के विवरण निम्न है -

| देनदार/गारंटर/सह देनदार का नाम | 1. डिमांड नोटिस तिथी<br>2. लोन एकाउंट नंबर<br>3. नोटिस तिथी पर देय | सिक्योर्ड एसेट के विवरण ( अचल संपत्ति ) |
|---|---|---|
| **श्री अभिषेक दुबे (उधारकर्ता)<br>श्रीमती सीमा दुबे (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/NRSP/A000000199<br>3. कुल देय राशि - रु.12,23,830 /- (बारह लाख तेईस हजार आठ सौ तीस मात्र) | एन.बी. क्रमांक 350 पटवारी हल्का नंबर 66 खसरा क्रमांक 71 आर.एन.एम. नरसिंहपुर तहसील बचई जिला नरसिंहपुर कुल क्षेत्रफल – 0.041 हेक्टेयर<br>चार सीमाएँ - पूर्व - कच्चा रोड, पश्चिम - फूल सिंह का घर, उत्तर - कच्चा रोड, दक्षिण - हल्के बाई का घर |
| **श्री अर्जुन दिनेश कांद्रा (उधारकर्ता)<br>श्री दिनेश कुमार कंद्रा (सह-उधारकर्ता)<br>श्रीमती रजनी कंद्रा (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि - 07-11-2024<br>2. MP/JBR/CDWR/A000000269<br>3. कुल देय राशि - रु.32,00,465 /- (रुपये बत्तीस लाख चार सौ पैंसठ) | प्लॉट नं. ई-9, खसरा नं. 269/1/2, वार्ड नं. 6, कबीर वार्ड, उमाशंकर नगर, मौजा ढोढासिवनी, पटवारी हल्का नं. 109/26, तहसील एवं जिला, सिंवनी (म.प्र.) 480661 क्षेत्रफल- 42.28 वर्ग मीटर। सीमा की ओर - पंजीकृत विलेख के अनुसार - पूर्व - एल-1, पश्चिम - कॉलोनी रोड, उत्तर - ई-10, दक्षिण - ई-08 |
| **श्री अरुण सिंह (उधारकर्ता)<br>श्रीमती मोहनी देवी लोध (सह-उधारकर्ता)<br>श्रीमती रामसखी लोध (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/KTNI/A000000370<br>3. कुल देय राशि - रु.14,90,076 /- (चौदह लाख नब्बे हजार छिहत्तर मात्र) | ग्राम माधोगंज फोन नंबर 14/19 आरएनएम खसरा नंबर 162/1का/1/23 अजयगढ़ तहसील अजयगढ़ जिला। पन्ना, शहरी, पन्ना, मध्य प्रदेश, भारत - 488222 क्षेत्रफल - 1350 वर्ग फुट।<br>सीमाएँ - पूर्व - 15 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम - मैयादीन यादव की भूमि, उत्तर - मैयादीन यादव की भूमि, दक्षिण - चंद्रकली गुप्ता का प्लॉट |
| **श्री दीपक कुमार गोल्हानी (उधारकर्ता)<br>श्रीमती पूजा गोल्हानी (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/SEON/A000000211<br>3. कुल देय राशि - रु. 20,64,287 /- (बीस लाख चौसठ हजार दो सौ सत्तासी मात्र) | मौजा बाबरिया पटवारी हल्का नंबर 57 खसरा नंबर 22/1 आरएनएम सिवनी, तहसील एवं जिला सिवनी क्षेत्रफल- 1000 वर्ग फीट।<br>सीमाएँ - पूर्व - सड़क, पश्चिम - सरकारी भूमि, उत्तर - चंद्र किरण बेलिया का भूखंड, दक्षिण - दूसरों की भूमि |
| **श्री देवीलाल मडके (उधारकर्ता)<br>श्रीमती सरला मडके (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/CDWR/A000000414<br>3. कुल देय राशि - रु. 9,29,393 /- (नौ लाख उनतीस हजार तीन सौ निन्यानवे मात्र) | मौजा सौसर पी.एच. नं.-09 एन.बी. नं. 411 खसरा नं. 835/14 तहसील सौसर जिला छिंदवाड़ा क्षेत्रफल- 1155 वर्ग फीट<br>सीमा- पूर्व- सुंदर की खुली जमीन, पश्चिम- नरेश कोसे का मकान, उत्तर- 10 फीट कच्चा, दक्षिण- नीलेश की जमीन |
| **श्री दिलीप कुमार राय (उधारकर्ता)<br>श्रीमती अनुपमा राय (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/JBLP/A000000613<br>3. कुल देय राशि - रु. 13,10,287 /- (तेरह लाख दस हजार दो सौ सत्तासी मात्र) | पीएचएन रानीपुर, तहसील-अधारताल, खसरा नंबर 174/5/1/4, गढ़ा, शहरी, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 482004 क्षेत्र- 654 वर्गफुट या 60.78 वर्गमीटर<br>सीमाएं - पूर्व - सड़क, पश्चिम - राम बाई का घर, उत्तर - जगदीश का घर, दक्षिण - मांडव का घर |
| **श्री हरीश भोजवानी (उधारकर्ता)<br>श्रीमती शारदा भोजवानी (सह-उधारकर्ता)<br>श्री रोहन भोजवानी (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/GDWR/A000000217<br>3. कुल देय राशि - रु. 17,87,952 /- (सत्रह लाख सत्तासी हजार नौ सौ बावन मात्र) | मौजा पटलोन, आजाद वार्ड आनंद विहार, गाडरवारा नंबर 248, पीएच नंबर 18/1/93, ब्लॉक साईंखेड़ा, खसरा नंबर 28/1/2, सेमीअर्बन नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 487551 क्षेत्रफल- 800 वर्गफुट<br>सीमाएँ - पूर्व - प्लॉट नंबर 43 आनंद विहार, पश्चिम - सड़क, उत्तर - प्लॉट नंबर 35 आनंद विहार, दक्षिण - प्लॉट नंबर 36 ओम प्रकाश कौरव का घर |
| **श्री जीतेन्द्र दहिया (उधारकर्ता)<br>श्री रमेश प्रसाद दहिया (सह-उधारकर्ता)<br>श्रीमती आशा देवी (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि - 14-11-2024<br>2. MP/KTN/SHDL/A000000142 & MP/KTN/SHDL/A000000308<br>3. कुल देय राशि - रु. 7,59,327 /- (सात लाख उनसठ हजार तीन सौ सत्ताईस मात्र) | ग्राम सरीकापा, खसरा नंबर 529 पटवारी हल्का नंबर 98 आरएनएम बुढ़ार तहसील सोहागपुर जिला शहडोल, शहरी, शहडोल, मध्य प्रदेश, भारत - 484110 क्षेत्रफल - 0.55 हेक्टेयर<br>सीमाएँ - पूर्व - सामरो की भूमि, पश्चिम - वासुदेव की भूमि, उत्तर - विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण - लमझा मेहरा की भूमि |
| **श्री मनोज कुमार बघेल (उधारकर्ता)<br>श्री सबिता बाई बघेल (सह-उधारकर्ता)<br>श्री हेमलता कुरील (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/JBLP/A000000405<br>3. कुल देय राशि - रु. 15,21,488 /- (पंद्रह लाख इक्कीस हजार चार सौ अट्ठासी मात्र) | मौजा सूखा फोन नं. 76 सूखा, आरएनएम. बरुदा, खसरा नं. 247, तहसील पनागर, सेमिअर्बन, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 482001 क्षेत्रफल - 921 वर्गफुट या 60.78 वर्गमीटर<br>सीमाएँ - पूर्व - सड़क, पश्चिम - संपत्ति अन्य, उत्तर - प्लॉट नं. 41, दक्षिण - प्लॉट नं. 39 |
| **श्री निखिल सिंह (उधारकर्ता)<br>श्री नितिन सिंह ठाकुर (सह-उधारकर्ता)<br>श्रीमती संगीता सिंह (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि - 14-11-2024<br>2. MP/KTN/SHDL/A000000295<br>3. कुल देय राशि - रु. 12,44,016 /- (बारह लाख चौवालीस हजार सोलह मात्र) | मौजा – खिरहनी एन.बी. नं. 407 पटवारी हल्का नं. 40 मुरवारा -1 राम जानकी वार्ड नं. -18 तहसील एवं जिला क्षेत्र - 1500 वर्गफुट या 139.40 वर्गमीटर<br>सीमा - पूर्व - शरम जी का मकान, पश्चिम - विक्रेता का मकान, उत्तर - सड़क, दक्षिण - सह-स्वामियों की बेची गई आराजी |
| **श्री निरंजन सिंह (उधारकर्ता)<br>श्री रघुवंश प्रताप सिंह (सह-उधारकर्ता)<br>श्रीमती कुंती बाई (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि - 14-11-2024<br>2. MP/KTN/SHDL/A000000209<br>3. कुल देय राशि - रु. 5,17,935/- (पांच लाख सत्रह हजार नौ सौ पैंतीस) | मौजा कुदरी खसरा नं. 253 सर्किल व तहसील नौरोजाबाद जिला उमरिया क्षेत्र - 0.61 हेक्टेयर<br>सीमा - पूर्व - सड़क, पश्चिम - सह-स्वामी की शेष भूमि, उत्तर - राकेश रजक का मकान, दक्षिण - सह-स्वामी व शासकीय हाई स्कूल की भूमि |
| **श्री ओम प्रकाश रजक (उधारकर्ता)<br>श्रीमती तुलसा बाई रजक (सह-उधारकर्ता)<br>श्रीमती रुपवती बाई (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/NRSP/A000000276<br>3. कुल देय राशि - रु. 10,23,308/- (दस लाख तेईस हजार तीन सौ आठ मात्र) | मौजा कंडेली नं. 36 पीएच नं. 41 तहसील जिला नरसिंहपुर खसरा नं. 323/6 मध्य प्रदेश, भारत - 487114 क्षेत्रफल - 654 वर्गफुट या 60.78 वर्गमीटर<br>सीमाएँ - पूर्व - क्रेता का मकान, पश्चिम - 10 फीट चौड़ी सड़क, उत्तर - हरेराम का मकान, दक्षिण - महाराज का प्लॉट |
| **श्री पंकज कुमार शर्मा (उधारकर्ता)<br>श्रीमती ममता शर्मा (सह-उधारकर्ता)<br>श्रीमती पूजा शर्मा (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि - 20-11-2024<br>2. MP/KTN/SHDL/A000000336<br>3. कुल देय राशि - रु. 11,11,440 /- (ग्यारह लाख ग्यारह हजार चार सौ चालीस मात्र) | वार्ड क्रमांक 01 धनपुरी खसरा क्रमांक 85/1/1/6/1/1/1 फोन नं.25 धनपुरी तहसील बुढ़ार जिला शहडोल, शहरी, शहडोल, मध्य प्रदेश, भारत - 484110 क्षेत्र - 1600 वर्गफुट या 148.70 वर्गमीटर<br>सीमाएं - पूर्व - सड़क, पश्चिम - विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर - सड़क, दक्षिण - विक्रेता की शेष भूमि |
| **श्री पप्पू यादव (उधारकर्ता)<br>श्रीमती अंजनी यादव (सह-उधारकर्ता)<br>श्री प्रेम चंद यादव (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि - 20-11-2024<br>2. MP/SGR/SAGR/A000000535<br>3. कुल देय राशि - रु. 4,10,378 /- (चार लाख दस हजार तीन सौ अठहत्तर मात्र) | मोजा खामखेड़ा ग्राम जमुनिया हजारी दमयंती नगर, पहरिया दमोह, शहरी, दमोह, मध्य प्रदेश, भारत - 470771 क्षेत्रफल - 800 वर्गफुट<br>सीमाएँ - पूर्व - सड़क, पश्चिम - प्रेम चंद का घर, उत्तर - बाल मुकुंद का घर, दक्षिण - भाग चंद का घर |
| **श्री राजू भारती (उधारकर्ता)<br>श्रीमती विभा भारती (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/KTNI/A000000478<br>3. कुल देय राशि - रु. 14,66,382 /- (चौदह लाख छियासठ हजार तीन सौ बयासी मात्र) | मौजा पहरुआ पटवारी हल्का नंबर 29/40 एन.बी नंबर 142 खसरा नंबर 135/3/1 आरएनएम मुरावरा -1 नगर पालिका निगम तहसील कटनी नगर जिला कटनी क्षेत्रफल - 739.5 वर्गफुट या 68.72 वर्गमीटर<br>सीमाएँ - पूर्व - गुलाम रहमान की भूमि, पश्चिम - विक्रेता का घर, उत्तर - 20 फीट चौड़ी प्रस्तावित सड़क, दक्षिण - चक्रवती की भूमि |
| **श्री रामू ठाकुर (उधारकर्ता)<br>श्रीमती कविता ठाकुर (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/BRMN/A000000002<br>3. Total Amount Due - रु. 14,10,453 /- ( चौदह लाख दस हजार चार सौ तिरपन मात्र ) | वार्ड पटलोने मौजा पटलोना जिला पन्ना खसरा नं. 80/7, 81/8 एन.बी. नं. 248 पी.एच. नं. 18/1 आरएनएम तहसील गाडरवारा नरसिंहपुर क्षेत्र - 900 वर्ग फीट<br>सीमाएं - पूर्व - विक्रेता की खुली भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - वीणा गोस्वामी का प्लॉट, दक्षिण - विक्रेता की खुली भूमि |
| **श्री सर्वेश भुर्क (उधारकर्ता)<br>श्रीमती स्वार्थी भुर्क (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/JBLP/A000000471 & MP/JBR/JBLP/A000000621<br>3. कुल देय राशि - रु. 30,89,075 /- (तीस लाख अस्सी हजार पचहत्तर मात्र) | मौजा ईश्वर खेड़ा, पीएचएन 41, आरएनएम शाहपुरा, खसरा नंबर 112, रिन पुस्तिका नंबर एलजेए-18। 0013322, सेमीअर्बन, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 482001 क्षेत्रफल - 0.19 हेक्टेयर<br>सीमाएँ - पूर्व - रामस्वरुप शर्मा की भूमि, पश्चिम - प्रेम नारायण शर्मा की भूमि, उत्तर - विजय दहिया की बाड़, दक्षिण - प्रेम नारायण शर्मा की भूमि |
| **श्री तेजस्वी साहू (उधारकर्ता)<br>श्रीमती अनिता साहू (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि -14-11-2024<br>2. MP/JBR/SEON/A000000213<br>3. कुल देय राशि - रु 20,40,564/- (बीस लाख चालीस हजार पांच सौ चौसठ) | मौजा बरघाट पी.एच. नं. 15/48 एनबी नं. 72 खसरा नं. 88/3/39/1 तहसील बरघाट जिला सिवनी (म.प्र.) क्षेत्रफल - 4000 वर्ग फीट<br>सीमाएं - पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - विक्रेता की आरज़ी, दक्षिण - डॉ. विश्वाश बंगाली की भूमि |
| **श्री विनोद सिंह मरावी (उधारकर्ता)<br>श्रीमती चंद्रा देवी सिंह (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि - 14-11-2024<br>2. MP/KTN/SHDL/A000000237<br>3. कुल देय राशि - रु. 14,80,422 /- (चौदह लाख अस्सी हजार चार सौ बाईस मात्र) | मौजा लालपुर पटवारी हल्का उमरिया तहसील बांधवगढ़ जिला उमरिया आरज़ी खसरा नं. 107/4/1 क्षेत्रफल - 1600 वर्ग फीट<br>सीमा - पूर्व - दानदाता की शेष भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - रवि सिंह का मकान, दक्षिण - 6 फीट सड़क |
| **श्री वीआईपीन टैंटवे (उधारकर्ता)<br>श्रीमती भगवती कोरी (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/JBLP/A000000670<br>3. कुल देय राशि - रु. 36,94,433/- (छत्तीस लाख नब्बे हजार चार सौ तैंतीस मात्र) | ग्राम बैताला पटवारी हल्का नंबर बैतला ब्लॉक 91/2 खसरा नंबर तहसील अधारताल जिला जबलपुर, अधारताल जबलपुर मप्र, शहरी जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 482004 क्षेत्रफल - 0.280 हेक्टेयर<br>सीमाएँ - पूर्व - अशोक जैन की भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण - श्यामा बाई की भूमि |
| **श्री योगेन्द्र प्रजापति (उधारकर्ता)<br>श्रीमती प्रीति प्रजापति (सह-उधारकर्ता)** | 1. जारी करने की तिथि - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/JBLP/A000000524<br>3. कुल देय राशि - रु. 40,90,718 /- (चालीस लाख नब्बे हजार सात सौ अठारह मात्र) | मौजा- कंदेली पटवारी हल्का नंबर 17/41 एन.बी 36 ग्राम पंचायत कंदेली रानी अवंती बाई वार्ड नंबर 28 तहसील एवं जिला नरसिंहपुर खसरा नंबर 106/2/15 एवं खसरा नंबर 106/2/13 क्षेत्रफल - 1500 वर्गफीट<br>सीमाएँ - पूर्व - सड़क, पश्चिम - अमित प्रजापति की भूमि, उत्तर - उषा प्रजापति की भूमि, दक्षिण - कच्चा रास्ता |

यदि उक्त देनदार / गारंटर उक्त भुगतान एचएचएफएल को नहीं करते हैं, एचएचएफएल उक्त एक्ट की सेक्शन 13( 4 ) व लागू नियमों के तहत पूरी तरह से देनदार / गारंटर के जोखिम, लागत व परिणामों के तहत सिक्योर्ड एसेट के खिलाफ कार्यवाही कर सकते है, विवरण हेतु संपर्क प्रा. अधिकारी संबंधित शाखा ऑफिस हिंदुजा हाऊसिंगफायनेंस लिमिटेड, 101-बी, प्रथम तल एन आर के बिजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर( म.प्र. ) 452010 एवं मोबाईल नं. Vaibhav Shrivastava - 7987969803, Rajesh Chakotiya - 8435571111, Sameer Singh - 9584290575

स्थान- इंदौर, दिनांक - 04/12/2024 — प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड


# डेक्कन ग्लेडिएटर्स ने तीसरी बार अबू धाबी टी-10 का खिताब जीता

**अबू धाबी,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। डेक्कन ग्लेडिएटर्स और मॉरिसविले सैम्प आर्मी के बीच 2024 अबू धाबी टी10 टूर्नामेंट का फाइनल जो जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया, दर्शकों के लिए पूरी तरह से मनोरंजक रहा। 105 रनों का पीछा करते हुए, ग्लेडिएटर्स ने कुछ धमाकेदार प्रदर्शन किया और तीन ओवर शेष रहते 8 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज और इंग्लैंड के बल्लेबाज टॉम कोहलर-कैडमोर ने पहले ही ओवर में कप्तान रोहन मुस्तफा को पहले ओवर में लगातार चार चौके जड़कर टीम का स्कोर आगे बढ़ाया, जबकि उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान निकोलस पूरन भी जल्द ही होड़ में शामिल हो गए। वेस्टइंडीज के पूरन ने पाकिस्तान के स्पिनर इमाद वसीम पर दबदबा बनाया और ग्लेडिएटर्स ने तीसरे ओवर में 20 रन बटोरे और 50 रन का आंकड़ा पार किया। बाएं हाथ के बल्लेबाज को आखिरकार तेज गेंदबाज इसुरु उदाना ने 10 गेंदों पर 28 रन पर आउट कर दिया, जब मुस्तफा ने डीप में शानदार शॉट लगाया, लेकिन इससे सैम्प आर्मी को कोई मदद नहीं मिली क्योंकि कैडमोर ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और अर्धशतक जड़ा। इससे पहले, मॉरिसविले सैम्प आर्मी को कभी भी वह शुरुआत नहीं मिली जो वे चाहते थे और लगातार विकेट खोते हुए 81/5 पर सिमट गई। यह अफगानिस्तान के करीम जनत की आखिरी पारी की बदौलत था, जिन्होंने पारी के अंतिम ओवरों में 8 गेंदों पर 16 रन बनाए, जिससे कुल स्कोर 10 ओवरों में 104/7 हो गया।

# एलिस्टर कुक ने यशस्वी जायसवाल की जमकर की तारीफ

**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (एजेंसियां)। यशस्वी जायसवाल का नाम क्रिकेट जगत में इन दिनों गूंज रहा है। औसत, रन और रिकॉर्ड सबमें ये युवा बल्लेबाज परफेक्ट है। भारतीय क्रिकेट का भविष्य बताए जाने वाला यह 22 साल का युवा अपनी कड़ी मेहनत, हुनर और कभी हार न मानने वाले जज्बे के कारण मशहूर है। वैसे तो इस बल्लेबाज की फैन लिस्ट लंबी है, लेकिन इन दिनों इस लिस्ट में एक इंग्लिश दिग्गज क्रिकेटर का नाम भी जुड़ गया है, जिन्होंने यशस्वी को 'क्लास खिलाड़ी' और विश्व के अद्भुत बैटर का तमगा दिया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की तारीफ की है, जिन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के शुरुआती टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की बड़ी जीत में शानदार 161 रन बनाए। उन्होंने उन्हें एक 'क्लास खिलाड़ी' बताया। साथ ही उन्होंने तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क पर तंज और चुटकी लेने की क्षमता रखने वाले युवा खिलाड़ी के आत्मविश्वास की भी सराहना की। कुक ने टीएनटी स्पोर्ट्स पर कहा कि हमने यहां उनका जश्न काफी देखा है, लेकिन निश्चित रूप से यह इंग्लैंड की तुलना में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अधिक मजेदार था। स्टार्क को स्लेजिंग करना काफी बड़ी बात है।

उस समय वह मुझे लगता है कि वह 100 रन पर नहीं थे, न ही वह किसी बड़े स्कोर थे, लेकिन वह उनसे कह रहे थे कि तुम धीमी गेंदबाजी कर रहे हो। यह काफी हैरान करने वाला और मजेदार था। उन्होंने आगे कहा कि मैंने स्टार्क का सामना किया है और वह निश्चित रूप से धीमी गति से गेंदबाजी नहीं करता है। अगर वह धीमी गति से गेंदबाजी कर रहा होता, तो मैं अपना मुंह बंद रखता और उसे परेशान नहीं करता, लेकिन 22 वर्षीय होते हुए ऐसा करने का माद्दा रखना साफ जाहिर करता है कि उसका आत्मविश्वास कितना मजबूत है। जायसवाल के नाम इस साल 12 टेस्ट मैचों में 1280 रन हो गए हैं। वह इस साल टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं।

# अर्थ जगत

## अक्टूबर में एमएसएमई को बैंक क्रेडिट में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2023 में प्राथमिक क्षेत्र ऋण के तहत एमएसएमई को बैंक क्रेडिट में 13.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह 26.34 लाख करोड़ तक पहुंच गया, जो पिछले साल अक्टूबर में 23.11 लाख करोड़ था। अक्टूबर में एमएसएमई को दिया गया ऋण भारत के कुल गैर-खाद्य क्रेडिट 167 लाख करोड़ का 15.7 प्रतिशत था, जो पिछले साल अक्टूबर में 15.5 प्रतिशत था। सूक्ष्म और लघु उद्यमों को प्राथमिक क्रेडिट में वृद्धि एमएसएमई क्षेत्र में सूक्ष्म और लघु उद्यमों को प्राथमिक क्रेडिट में 12.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 20.76 लाख करोड़ तक पहुंच गया, जबकि पिछले साल अक्टूबर में यह 18.49 लाख करोड़ था। इसी तरह, मध्यम उद्यमों को ऋण में 20.8 प्रतिशत का उछाल आया और यह 5.57 लाख करोड़ हो गया।



# महंगे हो सकते हैं कोल्ड ड्रिंक, सिगरेट और तंबाकू

## जीएसटी में आ सकता है 35 प्रतिशत का नया स्लैब

***नई दिल्ली।** कोल्ड ड्रिंक, सिगरेट और तंबाकू जैसे हानिकारक उत्पादों पर जीएसटी की दर को मौजूदा 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने का प्रस्ताव दिया गया है। यह कदम जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने के उद्देश्य से एक मंत्री-समूह द्वारा सुझाया गया है। इस समूह की अध्यक्षता बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कर रहे हैं।*

मंत्री-समूह की बैठक में लिए गए फैसलों पर जीएसटी परिषद अंतिम फैसला करेगी। मंत्री-समूह जीएसटी परिषद को कुल मिलाकर 148 वस्तुओं पर कर दरों में बदलाव का प्रस्ताव देगा। एक अधिकारी ने कहा, 'इस कदम का शुद्ध राजस्व प्रभाव सकारात्मक होगा।'

**इन उत्पादों पर 35 प्रतिशत टैक्स लगाने पर सहमति-** अधिकारी ने कहा, मंत्री-समूह ने तंबाकू और उससे बने उत्पादों के अलावा एयरेटेड पेय पदार्थों (कोल्ड ड्रिंक) पर 35 फीसदी की विशेष दर लगाने पर सहमति जताई है। अधिकारी ने कहा कि 5, 12, 18 और 28 फीसदी की चार-स्तरीय कर स्लैब जारी रहेगा।




जीओएम की ओर से 35 फीसदी की नई दर प्रस्तावित की गई है। इसके साथ ही जीओएम ने 1,500 रुपए तक की लागत वाले रेडीमेड कपड़ों पर पांच फीसदी जीएसटी लगाने की बात कही है। जबकि 1,500 रुपए से 10,000 रुपए के मूल्य वाले कपड़ों पर 18 फीसदी और 10,000 रुपए से अधिक लागत वाले कपड़ों पर 28 फीसदी टैक्स लगेगा।

**21 दिसंबर को जीएसटी परिषद की बैठक में फैसले की उम्मीद-** मंत्री समूह की रिपोर्ट पर 21 दिसंबर को जीएसटी परिषद की बैठक में चर्चा किए जाने की उम्मीद है। परिषद की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण करेंगी और इसमें राज्यों के वित्त मंत्री भी शामिल होंगे। जीएसटी दर में बदलाव पर अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद ही लेगी। इस बीच जीएसटी मुआवजा उपकर पर गठित जीओएम ने अपनी रिपोर्ट जमा करने के लिए जीएसटी परिषद से लगभग छह महीने का और समय दिए जाने की मांग करने का फैसला किया है। समूह को 31 दिसंबर तक अपनी रिपोर्ट जीएसटी परिषद को सौंपनी थी। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के नेतृत्व में इस जीओएम का गठन किया गया था। इसमें असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के सदस्य शामिल हैं। अधिकारी ने कहा, 'जीओएम ने फैसला किया कि मुआवजा उपकर मामले में कई कानूनी मुद्दे शामिल हैं। कानून के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जानी है, जिसमें समय लगेगा।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन जोरदार तेजी, सेंसेक्स 598 अंक चढ़ा

***मुंबई।** ग्लोबल मार्केट से मिले मजबूत रुझानों और बैंकिंग, मेटल तथा तेल कंपनियों के शेयरों में तेजी के बीच मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार में लगातार तीसरे सत्र में शानदार तेजी देखी गई।*



30 शेयरों वाला, बीएसई सेंसेक्स 597.67 अंक या 0.74 प्रतिशत की शानदार बढ़त लेकर 80,845.758 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज 80,244.78 और 80,949.10 के रेंज में कारोबार हुआ। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 181.10 अंक या 0.75 प्रतिशत मजबूत होकर 24,457.15 पर बंद हुआ। निफ्टी में आज 24,280.00 और 24,481.35 के रेंज में कारोबार हुआ। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.73 प्रतिशत और कोरिया के कोस्पी में 1.43 प्रतिशत की तेजी है। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स भी 0.057 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार कर रहा है। एनएसई के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने 2 दिसंबर को 238.28 करोड़ के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 3,588.66 करोड़ के शेयर खरीदे।

# 2 हजार रुपए के नोट की 98.08 प्रतिशत वापसी



***नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने एक रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि अभी भी 2000 रुपए के नोट पूरी तरह से बैंकों में जमा नहीं हुए हैं। आरबीआई ने कहा है कि 2,000 रुपए के 98.08 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं, जबकि अब भी 6,839 करोड़ रुपए मूल्य के 2,000 रुपए के नोट लोगों के पास हैं।*

आरबीआई ने मई 2023 में 2,000 रुपए के नोट को चलन से हटाने की घोषणा की थी। 19 मई 2023 को 2,000 रुपए के नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपए था, जो 29 नवंबर 2024 तक घटकर 6,839 करोड़ रुपए रह गया। आरबीआई ने बताया कि 19 मई 2023 तक चलन में मौजूद 2,000 रुपए के 98.08 प्रतिशत नोट अब बैंकों में वापस आ चुके हैं। बैंकों में नोट जमा करने या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर 2023 तक देश भर की सभी शाखाओं में उपलब्ध थी, जबकि अब यह सुविधा रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में जारी है। आरबीआई के 19 निर्गम कार्यालय 9 अक्टूबर 2023 से 2,000 रुपए के नोटों को जमा करने के लिए स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा, लोग भारतीय डाक से भी 2,000 रुपए के नोटों को आरबीआई के निर्गम कार्यालयों में भेज सकते हैं और यह राशि उनके बैंक खाते में जमा हो जाएगी।

**नोट बदलने के कार्यालय-** 2,000 रुपए के नोटों को बदलने की सुविधा 19 आरबीआई निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है, जिनमें अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम शामिल हैं।

# रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते सरकार ने दिया उर्वरक का स्पेशल पैकेज

***नई दिल्ली।** सरकार ने किसानों को मंहगे दाम पर फर्टिलाइज़र्स ना खरीदने पड़े, इसके लिए एक विशेष पैकेज दिया है।*

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने राज्यसभा में संसदीय प्रश्न के उत्तर में बताया कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण हाल की भू-राजनीतिक स्थितियों के बावजूद जरूरत के आधार पर एनबीएस सब्सिडी दरों के अलावा विशेष पैकेज प्रदान करके किफायती कीमतों पर उर्वरकों की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित की है ताकि उर्वरकों का अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) स्थिर रहे और बाजार में उतार-चढ़ाव को शामिल किया जा सके।



सरकार ने रबी 2021-22 में दो बार, फिर खरीफ 2022, रबी 2022-23, खरीफ और रबी 2024 में एनबीएस दरों के अलावा विशेष/ अतिरिक्त पैकेज प्रदान किए हैं। इसके अलावा, अपने स्रोतों में विविधता लाने के लिए, भारत सरकार उर्वरक संसाधन संपन्न देशों के साथ जुड़ती है और भारत को उर्वरकों/ मध्यवर्ती/ कच्चे माल की आपूर्ति के लिए भारतीय उर्वरक कंपनियों और संसाधन संपन्न देशों के आपूर्तिकर्ताओं के बीच दीर्घकालिक समझौतों पर हस्ताक्षर करने की सुविधा प्रदान करती है।यूरिया उत्पादन लागत पर ध्यान दिए बिना वैधानिक रूप से अधिसूचित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर किसानों को उपलब्ध कराया जाता है। यूरिया के 45 किलोग्राम बैग का सब्सिडी वाला एमआरपी 242 रुपये प्रति बैग है (नीम कोटिंग और लागू करों के लिए शुल्क को छोड़कर)। यूरिया की खेत पर आपूर्ति की गई लागत और यूरिया इकाइयों द्वारा शुद्ध बाजार प्राप्ति के बीच का अंतर भारत सरकार द्वारा यूरिया निर्माता/ आयातकर्ता को सब्सिडी के रूप में दिया जाता है। तदनुसार, सभी किसानों को सब्सिडी दरों पर यूरिया की आपूर्ति की जा रही है। फॉस्फेटिक और पोटासिक (पीएंडके) उर्वरकों के मामले में, सरकार ने 1.4.2010 से पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) नीति लागू की है।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 84. 69 |
| एक यूरो | 89. 14 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 107 . 20 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 55. 04 |
| एक जापानी येन | 0. 56 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 106 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-126 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -80 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 79150 चांदी -93000

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 79150 चांदी -93000

## दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 14000-15000, फाइन 150000-16000, एकस्ट्रा बोल्ड 17000-17500, चना दाल एवरेज 8800-9000 चना दाल मार्का 9000-9200, मसूर दाल एवरेज 7600-7700, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 9000-9500, फाइन 10000-10500, उड़द धुली 11000-11200, फाइन 12000-12500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-9800, मूंगदाल धुली 10400- 10500, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3500-3600, बेस्ट 3700-3800, बीपीटी चालू 4200-4500, फाइन 4800-5000,एचएमटी-5200-5300 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5800-6000, फाइन 6200-6500, बासमती कनकी चालू 3200-3500, बासमती कनकी मीडियम 3800-4000, बेस्ट 4500-5000, मोगरा- 5200-5400, दुबार- 5500-5600, तिबार- 6500-7500, बासमती 7000-8500, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4350-4450, फाइन 4500-4800, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7500-8000, लाई- 65-68 रु.।

## लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6500, 8 एम एम 6180, 10 एम एम 6060,12 एम एम, 6000 एवं 16 एम 6000 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# सैमको म्यूचुअल फंड ने मल्टी एसेट एलोकेशन फंड किया लांच

**मुंबई।** सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने मल्टी एसेट एलोकेशन फंड (एमएएएफ) के नए फंड ऑफर (एनएफओ) की घोषणा की, जो 4 दिसंबर, 2024 को खुलेगा और 18 दिसंबर, 2024 को बंद होगा। यह फंड इक्विटी, गोल्ड और डेट/ आर्बिट्रेज के बीच आवंटित होगा, ताकि रिटर्न को अनुकूलित किया जा सके और जोखिम को कम किया जा सके। इस योजना की न्यूनतम आवेदन राशि 5,000 है। यह फंड आर.ओ.टी.ए.टी.ई. स्ट्रेटजी द्वारा संचालित होगा। इस रणनीति के अनुसार, जब शेयर बाजार में तेजी होती है तो फंड मुख्य रूप से इक्विटी मोड में घूमने की क्षमता रखता है, जब शेयर बाजार में गिरावट आती है लेकिन सोना बेहतर प्रदर्शन कर रहा होता है तो गोल्ड मोड में और जब शेयर और सोना दोनों गिर रहे होते हैं तो डेट/आर्बिट्रेज मोड में घूमने की क्षमता रखता है। इस प्रकार स्थिर रिटर्न देने और निवेशक की संपत्ति की रक्षा करने का प्रयास करता है। एसेट आवंटन में लचीलापन देते हुए, यह फंड विभिन्न श्रेणियों में निवेश करने के लिए गतिशील दृष्टिकोण प्रदान करता है। इसके तहत, इक्विटी में 20-80 प्रतिशत, डेट इंस्ट्रूमेंट्स में 10-70 प्रतिशत और गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में 10-70 प्रतिशत के बीच आवंटन क्षमता है। यह कमोडिटी डेरिवेटिव्स में 30 प्रतिशत तक और आरईआईटीएस और आईएनवीआईटीएस में 10 प्रतिशत तक निवेश कर सकता है।

# स्कोडा ऑटो ने काइलैक रेंज में आकर्षक कीमतों की घोषणा की




***जबलपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी नई सब-4 मीटर एसयूवी काइलैक को लॉन्च कर इस सेगमेंट में पहली बार कदम रखा है।*

काइलैक चार वेरिएंट में उपलब्ध होगी - क्लासिक, सिग्नेचर, सिग्नेचर+ और प्रेस्टीज। इसकी शुरुआती कीमत 7.89 लाख रुपये है, जो काइलैक क्लासिक ट्रिम के लिए है, जबकि टॉप मॉडल काइलैक प्रेस्टीज एटी की कीमत 14.40 लाख रुपये होगी। ग्राहकों के लिए एक खास ऑफर में, पहले 33,333 ग्राहकों को 3 साल का स्टैंडर्ड मेंटेनेंस पैकेज (एसएमपी) मुफ्त मिलेगा। काइलैक के लिए बुकिंग आज शाम 4 बजे से शुरू हो रही है, और डिलीवरी 27 जनवरी, 2025 से शुरू होगी। काइलैक को लॉन्च से पहले ही जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। काइलैक हैंड-रेज़र, काइलैक क्लब के सदस्य और डीलर पूछताछ के माध्यम से 1.6 लाख से अधिक लोगों ने अपनी रुचि दिखाई है।

स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र जेनेबा ने कहा, नई स्कोडा काइलैक भारत में हमारे लिए एक नई शुरुआत का संकेत है। यह न केवल स्कोडा के लिए, बल्कि पूरे सेगमेंट के लिए एक गेम-चेंजर साबित होगी। यह भारतीय सड़कों पर यूरोप की उन्नत तकनीक को लोकप्रिय बनाएगी और हमारे ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर बनाएगी। खास बात यह है कि हमने पहले 33,333 ग्राहकों के लिए सेगमेंट में सबसे बेहतर स्वामित्व अनुभव देने की घोषणा की है। काइलैक ने 2024 में जोरदार उत्साह पैदा किया है और इसकी हर ओर चर्चा है। नवंबर में इसके वर्ल्ड प्रीमियर के समय से ही यह सबका ध्यान आकर्षित कर रही है। इस एसयूवी में शानदार ग्लोबल डिज़ाइन, बेहतरीन ड्राइविंग डायनैमिक्स, उन्नत सुरक्षा फीचर्स और स्पेशियस एवं फंक्शनल इंटीरियर जैसी कई खासियतें हैं। ये सभी सुविधाएं बेहद प्रतिस्पर्धी कीमतों में उपलब्ध हैं।



# घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या चालू वित्त वर्ष में बढ़कर 17 करोड़ तक पहुंचने का अनुमानः इक्रा

**नई दिल्ली।** घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या चालू वित्त वर्ष में सात से दस प्रतिशत बढ़कर 16.4 से 17 करोड़ तक रहने का अनुमान है। इसी अवधि में विमानन उद्योग का घाटा 2,000-3,000 करोड़ रुपए रहने के आसार है। साख निर्धारण करने वाली एजेंसी इक्रा के अनुसार, 2024-25 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 7.93 करोड़ रही थी। हालांकि यह भीषण गर्मी और अन्य मौसम संबंधी व्यवधानों से आंशिक रूप से प्रभावित हुई। भारतीय विमानन कम्पनियों के अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 16.2 प्रतिशत बढ़ी। रेटिंग एजेंसी ने मंगलवार को कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या वार्षिक आधार पर सात से दस प्रतिशत बढ़कर 16.4 से 17 करोड़ तक पहुंचने की संभावना है।

**देशबन्धु**

**ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

**प्लाट उपलब्ध है**
न्यू भेड़ाघाट के निकट प्रस्तावित रिंग रोड के पास फार्म हाउस हेतु लगभग 6 हजार, 12 हजार, 18 हजार वर्गफुट के प्लाट 350 रूपये प्रति वर्गफुट उपलब्ध है
संपर्क करें:- अनिल यादव, (ग्राम सकरी) 6264760614, देवेन्द्र- 9993737969

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

# एलन मस्क ने रचा इतिहास, संपत्ति में बंपर बढ़ोतरी

## पहली बार 350 अरब डॉलर के पार पहुंची दौलत

***नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क ने एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। उनकी कुल दौलत अब 350 अरब डॉलर से भी ऊपर पहुंच गई है, जो कि किसी भी अरबपति द्वारा हासिल की गई अब तक की सबसे बड़ी संपत्ति है। यह जानकारी ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के आंकड़ों से सामने आई है, जिसके अनुसार एलन मस्क की नेटवर्थ में 10 अरब डॉलर से ज्यादा का इजाफा हुआ है।*



**नेटवर्थ में 124 अरब डॉलर का इजाफा-** एलन मस्क की संपत्ति में इस साल अब तक 124 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हो चुकी है, जो कि लगभग 54 प्रतिशत की बढ़त है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार, 2024 के नवंबर तक उनकी कुल नेटवर्थ 353 अरब डॉलर तक पहुंच चुकी है। यह एक अभूतपूर्व आंकड़ा है, क्योंकि अब तक किसी भी अरबपति की दौलत इस स्तर तक नहीं पहुंची थी।

एलन मस्क ने इस साल अपने पहले के रिकॉर्ड को तोड़ा है। नवंबर 2021 में उन्होंने पहली बार 300 अरब डॉलर की दौलत का आंकड़ा पार किया था। अब, नवंबर 2024 में, वह 350 अरब डॉलर से भी ऊपर पहुंच चुके हैं और जानकारों का मानना है कि यदि यह गति बनी रही तो वह इस साल के अंत तक 400 अरब डॉलर के बेंचमार्क को भी पार कर सकते हैं।

टेस्ला के शेयरों में बंपर तेजी- एलन मस्क की संपत्ति में यह उछाल उनकी कंपनी टेस्ला के शेयरों में आए भारी इज़ाफे के कारण हुआ है। सोमवार को टेस्ला के शेयरों में 3.46त्न का इजाफा हुआ, जिसके बाद कंपनी का शेयर मूल्य 357.09 डॉलर पर पहुंच गया। खास बात यह है कि 4 नवंबर के बाद से टेस्ला के शेयरों में 47 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हो चुकी है। 4 नवंबर को कंपनी का शेयर 242.84 डॉलर पर कारोबार कर रहा था।

इस साल की शुरुआत से ही एलन मस्क की नेटवर्थ में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। 5 नवंबर के बाद से ही उनकी संपत्ति में 89 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है, जिससे उनकी कुल संपत्ति 264 अरब डॉलर से बढ़कर 353 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। इससे यह साफ हो गया है कि टेस्ला और अन्य व्यापारिक हितों से उनकी संपत्ति में निरंतर वृद्धि हो रही है।

प्रकाशक एवं मुद्रक **अशोक मिश्रा** द्वारा श्रीजी प्रिंटर्स नौदरा ब्रिज जबलपुर से मुद्रित सैमरिया चौक रीवा रोड सतना म.प्र. से प्रकाशित। फोन 0761-4085031, सम्पादक- **मोहन सुरजन,** पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार), मानसेवी सलाहकार सम्पादक-**नियाज खान,** स्थानीय संपादक-**कपिल चौरसिया,** रीवा कार्यालय: चौरसिया बिल्डिंग, अमहिया रोड रीवा म.प्र. फोन-07662-406671 आर.एन.आई पंजी.क्रमांक **38532/85,** डाक पंजीयन-रीवा संभाग/16/2009-2011

## पति ने लगाया पत्नी पर बेटे की हत्या का आरोप



### फोन पर पति से बातचीत में कबूली पुत्र की हत्या, बोली गुस्से में हो गया

### पत्नी के खिलाफ शिकायत लेकर पति पहुंचा एसपी कार्यालय

**रीवा देशबन्धु।** एक पति ने अपनी पत्नी पर ही दो माह के बेटे की मुंह दबाकर हत्या किये जाने का आरोप लगाते हुये एसपी से कार्यवाही की मांग की है पिता ने पत्नी का आडियो काल व अन्य जानकारी भी उपलब्ध करायी जिसमें हत्या किये जाने का प्रमाण मौजूद है एसपी ने पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

दो माह के मासूम के पिता प्रकाश कुमार गुप्ता ने बताया कि वह मनगवां बस्ती के वार्ड क्र. 7 का निवासी है और उत्तराखंड में काम करता है उसकी पत्नी अपने दो माह के बच्चे लक्ष्य के साथ मनगवां में रहती है उसने बताया कि 6 जनवरी 2023 को उसके पुत्र की मौत हो गयी थी पत्नी ने बताया कि सर्दी जुकाम से सामान्य मौत हुई है। पर उसे यह बात हजम नही हो रही थी उसने एक बाबा से इस संबंध में पूछताछ की तो उसके बताने पर उसे पत्नी पर संदेह हुआ और वह फोन पर पत्नी से इस संबंध में घुमा फिराकर पूछा तो उसने स्वीकार किया कि आवेश में आकर उसने ही बच्चे मुह दबाकर उसे मार डाला था और बीमारी की बात कही थी पति ने यह बात उसकी रिकार्ड कर ली और मनगवां थाने में शिकायत दर्ज करायी। घटना के छह माह बाद बच्चे के शव को पुलिस व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के सामने जमीन से निकाला गया और पीएम के साथ साथ बिसरा जांच के लिये भी भेजा गया पर आज तक कोई कार्यवाही नही हो पाई। प्रकाश कुमार ने बताया कि बच्चे की मौत के दूसरे दिन से ही पत्नी अपने मायके सीधी जिले के ममदर गांव चली गयी थी और आज भी वहीं है।

उसने बताया कि उसके बडे भाई का मकान बन रहा था और उसने भाई की आर्थिक रूप से मदद की थी बस इसी बात पर पत्नी नाराज थी और दो माह के मासूम की हत्या कर डाली।

### इनका कहना...

प्रकाश कुमार गुप्ता आज एक शिकायत पत्र लेकर आये थे उनका आरोप है कि उनकी पत्नी ने ही बच्चे की हत्या की है। उन्होने पत्नी से बातचीत का आडियो रिकार्डिंग भी दी है जिसमें उसने हत्या की बात को कबूला है। इस संबंध मे जानकारी जुटाई जा रही है जो भी सत्यता सामने आयेगी उस पर कार्यवाही की जायेगी।

**विवेक सिंह**
पुलिस अधीक्षक रीवा

## नाबालिग आरोपी के बयान पर रेस्टोरेंट संचालक को भी पुलिस ने बनाया आरोपी

**रीवा ।** शहर में हुए नाबालिक लड़की से रेप केस मामले में पुलिस ने रेस्टोरेंट के संचालक को भी आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया है। रेस्टोरेंट संचालक पर आरोप है कि उसके द्वारा रेप के आरोपी को महज 400 रुपए में केबिन उपलब्ध कराया गया थाए जहां उसने नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में आरोपी के बयानों के आधार पर पुलिस ने अब रेस्टोरेंट संचालक को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरअसल मामला रीवा शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित रुतबा रेस्टोरेंट में हुए एक नाबालिक से रेप केस का हैए जहां एक नाबालिक लड़के ने किशोरी को ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था।

## राज्य कर विभाग ने आउटसोर्स के 65 कम्प्यूटर ऑपरेटरों की सेवाएं की समाप्त



**सतना, देशबन्धु।** एक तरफ अन्य राज्यों में सरकार विभिन्न विभागों में पदस्थ ऑउट सोर्स कर्मचारियों के हित के लिए नीति बना रही है, वहीं दुर्भाग्य है कि मध्यप्रदेश में ऑउट सोर्स के माध्यम से पदस्थ किए गए 65 कंप्यूटर ऑपरेटर्स को बड़ा झटका दिया गया और 30 नवंबर से सेवा समाप्ति कर हटा दिया गया है। दरअसल, मामला प्रदेश सरकार के लिए भामाशाह कहलाने वाले वाणिज्यिक कर विभाग में वर्ष 2022 में इंदौर मुख्यालय एवं प्रदेश के सभी संभागीय उपायुक्त कायालय, ऑडिट कार्यालय एवं वृत्तों के कार्यालयों के लिए कुल 65 कंप्यूटर ऑपरेटर की सेवाएं ऑनलाइन जेम पोर्टल के माध्यम से ली गई थी। लेकिन 29 अक्टूबर को बिना किसी अल्टीमेट के कंप्यूटर ऑपरेटर की तत्काल सेवाएं समाप्त करने का फरमान वाणिज्यिक कर आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी कर आदेश क्रमांक 01/2021/5अ/नौ/1264 को प्रदेश के सभी उपायुक्त एवं वृत्त कार्यालयों में भेजा जा चुका है। अचानक से जारी कंप्यूटर ऑपरेटरों को हटाने के जारी हुए आदेश से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। सभी संबंधित कंप्यूटर ऑपरेटर काफी निराश हैं, उन्हें आशा थी कि प्रदेश सरकार द्वारा कोई ना कोई सामाधान निकालकर उनकी सेवा आगे भी बरकरार रखेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

**विभागीय कार्य हो सकते हैं प्रभावित**

जानकारों ने बताया कि वाणिज्यिक कर विभाग के सभी उपायुक्त व वृत्त कार्यालयों से कंप्यूटर ऑपरेटरों को हटाए जाने से विभागीय कार्य प्रभावित होंगे। क्योंकि विगत 6 माह पहले विभागीय परीक्षाएं आयोजित हुई थी, जिसमें बड़ी संख्या में लिपिक व आईटी ऑपरेटर निरीक्षक व कराधान सहायकों में पदोन्नत हो चुके हैं। ऐसे में अब लिपिकीय व कंप्यूटर से संबंधित कार्य प्रभावित होंगे।

### इनका कहना....

विभाग को कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है, वित्त विभाग से अनुमति मिलने पर ऑउट सोर्स के ऑपरेटर फिर रखे जाएंगे। फिलहाल ऑउट सोर्स ऑपरेटर की सेवाएं समाप्त की गई हैं।

– **नारायण मिश्रा,** एडिशनल कमिश्नर

## सार-समाचार

### उप मुख्यमंत्री ने ढेकहा तिराहे से करहिया मंडी तक सड़क निर्माण तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए



**रीवा देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस रीवा में निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक में सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने एमपीआरडीसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ढेकहा तिराहे से करहिया मण्डी तक सड़क निर्माण कार्य की बाधाओं को राजस्व विभाग के समन्वय से दूर करते हुए प्रारंभ कराएं तथा निश्चित मानक के अनुसार पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य को पूरा करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण के जो कार्य पूर्ण हो रहे हैं उनका लोकार्पण कराएं तथा अपूर्ण कार्यों को गति देते हुए पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला, राजेश पाण्डेय सहित निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बघेली कवि सम्मेलन आज मनिकवार में

**मनिकवार देशबन्धु।** कमलेश सिंह जोशी के स्मृति में लगातार आयोजन का 19वां साल है जो विवेक ज्योति हाई स्कूल मनिकवार के प्रांगण में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है उक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सचिव अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन में क्षेत्रीय समाजसेवी डॉ यस यस तिवारी चेयरमैन कृष्णा कालेज मनगवां के मुख्य अतिथि में सम्पन्न होगा इस कवि सम्मेलन में जिले से नामी-गिरामी कवियों की उपस्थिति रहेंगी,सभी क्षेत्रीय वरिष्ठ जनों से इस कवि सम्मेलन में समय पर पहुंच कर बघेली कविताओं का आनंद ले और कार्यक्रम को सफल बनाने में मदद करें।

### डॉक्टर से 12 लाख की ठगी, साइबर फ्रॉड बिहार से गिरफ्तार

**रीवा देशबन्धु।** पुलिस ने बिहार में सक्रिय एक शातिर साइबर फ्राड गैंग का पदार्फाश करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गैंग रीवा के एक चिकित्सक से 12 लाख रुपए की ठगी करने के बाद सुर्खियों में आया था। 23 मार्च 2023 को चिकित्सक ने सोशल नेटवर्किंग साइट पर एक लिंक पर क्लिक किया। इसके बाद आरोपियों ने उसकी बैंक से बड़ी रकम हड़प ली थी। घटना के बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी और साइबर ट्रेसिंग की मदद से पुलिस ने इन आरोपियों का पता लगाया। पुलिस की टीम फिलहाल बिहार पहुंची और वहां चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में प्रभाकर कुमार, रामकरण महतो, सुरेन्द्र कुमार और प्रहलाद मिस्त्री सभी नवादा जिले के निवासी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक इन आरोपियों के खाते का उपयोग कर साइबर फ्राड को अंजाम दिया गया था लेकिन आरोपियों के खाते के असली मालिकों को इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर डेढ़ लाख रुपए नकद भी बरामद किए हैं।



### हादसे में कार हुई चकनाचूर, कार सवार कार छोड़ हुए गायब

**रीवा देशबन्धु।** शहर में बीती रात बेलगाम होकर दौड़ ही कर बाउंड्री से टकराकर पलट गई। हादसे में कार जहां चकनाचूर हो गई तो वही कार सवार हादसे के बाद गायब हो गए यह हादसा देर रात तकरीबन 12 बजे शहर के लाडली लक्ष्मी पथ मार्ग में डीएफओ बंगले के ठीक सामने हुआए जहां तेज रफ्तार कार डीएफओ के बंगले की बाउंड्री से टकराकर गेट के भीतर जा घुसी और अनियंत्रित होकर पलट गई। देर रात हुए इस भीषण हादसे के दौरान आवाज सुनकर कुछ लोग मौके पर पहुंचेए लेकिन कार सवार कौन थे उनकी पहचान नहीं हो सकी। फिलहाल इस हादसे में डीएफओ के बंगले की बाउंड्री क्षतिग्रस्त हुई है तो वहीं दुर्घटनाग्रस्त कार भी पूरी तरह से चकनाचूर हो गई।



## कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, तीन घायल, एक गंभीर



**रीवा देशबन्धु।** शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार तीन युवकों को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मारकर घायल कर दिया तीनों को संजय अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना आज सुबह शहर के स्वागत भवन के सामने की है। घायल युवक शादी समारोह मे शामिल होकर घर लौट रहे थे।

बताया जाता है कि ढेकहा निवासी रमेश साकेत, पप्पू साकेत व एक अन्य बीती रात कुठुलिया किसी शादी समारोह में गये हुये थे आज सुबह लगभग छह बजे तीनों युवक बाइक से लौट रहे थे जैसे ही वह शहर के बीचोबीच स्वागत भवन के पास पहुंचे एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें ठोकर मार दी तीनों बाइक से उछल कर गिर गये और बुरी तरह से घायल हो गये। स्थानीय लोगो की मदद से उन्हें संजय अस्पताल लाया गया जहां पर एक की हालत गंभीर बनी हुयी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी कार चालक की तलाश कर रही है।

## केजेएस सीमेंट ने मनाया सुरक्षा दिवस

### कर्मचारियों और श्रमिकों ने ली सुरक्षा शपथ



**मैहर, देशबन्धु।** राजनगर मैहर स्थित केजेएस सीमेंट में भोपाल गैस त्रासदी की 40वीं बरसी पर मध्यप्रदेश औद्योगिक सुरक्षा एवं संरक्षण दिवस मनाया गया। जिसमें कारखाने के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर कम्पनी के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे और सभी ने सामूहिक तौर पर सुरक्षा शपथ ली। सुरक्षा दिवस के इस कार्यक्रम को वीपी प्रोसेस राजेश शुक्ला, माइंस प्रमुख वीएस राठौर, एचआर प्रमुख विकास रायजादा एवं सिविल प्रमुख बीके ठाकुर ने संबोधित किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना सुरक्षा अधिकारी प्रमोद पयासी ने प्रस्तुत की। एचआर प्रमुख विकास रायजादा ने अपने उदबोधन में उस गैस हादसे और भोपाल फैक्ट्री में उस दिन की हुई लापरवाही का ब्यौरा दिया, जिसकी दुखद स्मृति में मध्यप्रदेश सुरक्षा दिवस मनाया जाता है।

प्रोसेस प्रमुख राजेश शुक्ला ने कहा कि जब मनुष्य के शारीरिक संचालन और मस्तिष्क की सोच में अंतर आ जाता है, तभी लापरवाही होती है। औद्योगिक इतिहास में भोपाल गैस का हादसा एक ऐसी ही बड़ी दुर्घटना है, जो जरा सी लापरवाही से पैदा हुई थी। सेफ्टी प्रमुख प्रमोद पयासी ने चेयरमैन पवन अहलूवालिया के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया, जिन्होंने फैक्ट्री में सुरक्षा के हरसंभव उपाय किए हैं और इसीलिए केजेएस सीमेन्ट शून्य दुघर्टना के अपने लक्ष्य पर स्थिर है। सुरक्षा विभाग ने इस अवसर पर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को सुरक्षा व सतर्कता संबंधी उनके पोस्टर और स्लोगन के लिए पुरुस्कृत किया। जिनमें विजय सिंह, राजेश कुशवाहा, दीपक प्रजापति एवं सुखेन्द्र सिंह शामिल थे। दो सुरक्षा गार्डों अनुराग तिवारी एवं धीरेन्द्र सिंह को भी विशेष सुरक्षा पुरुस्कार दिए गए। फैक्ट्री के कर्मचारियों के बच्चों अनंत सोनी, दिव्यांश सिंह, अर्जुन शर्मा, पार्थ खरे, धानेश्वरी उपाध्याय एवं काजल शर्मा को भी पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता में पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर राजेश शर्मा, अनिल राय, रविकांत नम्मी, सतीश दुबे, डॉ. टीएस बघेल, लक्षित सिंह, नवनीत ओझा, सूरज मिश्रा, पियूष त्रिपाठी , मनीष सिंह, अदिति तिवारी, शालू तिवारी, संतोष कुमार, दिलीप तिवारी एवं जनसंपर्क अधिकारी निरंजन शर्मा की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

## नियम विरुद्ध चलने वाले 697 वाहनों पर की चालानी कार्रवाई



**रीवा देशबन्धु।** रीवा प्रयागराज और रीवा मिर्जापुर मार्ग पर आर टी ओ चेक पॉइंट के बन जाने से वाहनों की नियमित जांच की जा रही है।जिसमे आरटीओ चेक पॉइंट रीवा -1 रीवा मिर्जापुर मार्ग पर एवं आरटीओ चेक पॉइंट रीवा-2 रीवा प्रयागराज मार्ग पर जांच का कार्य करते है।चेक पोस्टो के बंद हो जाने के पश्चात शासन द्वारा वाहनों की जांच हेतु चेक पॉइंट बनाये गए है। जिसमे अभी तक जाँच के दौरान रीवा जिले में परिवहन विभाग के द्वारा 697 नियम विरुद्ध चल रहे वाहनों के ऊपर चलानी कार्यवाही की गई है, जिसमे 23 लाख 27 हज़ार रुपये का शमन शुल्क जमा कराया गया।इसके साथ ही मध्यप्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से आवागमन करने वाले वाहनों से मध्यप्रदेश राज्य का 7 लाख रुपये का मोटरयानकर भी जमा कराया है।चेकपोस्ट बंद हो जाने से यह सभी वाहन बिना परमिट लिए,बिना टैक्स जमा किए ही मध्यप्रदेश में प्रवेश कर जाते थे।जांच के दौरान रीवा प्रयागराज मार्ग पर बने चेक पॉइंट पर ही 286 अवैध संचालित वाहन चलते पाये गए है।इन वाहनों में आल इंडिया, टूरिस्ट परमिट की बसो के अलावा बड़े मालयान भी शामिल है।विगत माह नवंबर में ही जांच के दौरान 167 वाहनों से 44 लाख 66 हज़ार रुपये का बकाया मोटरयानकर भी जमा कराया गया है।



## पत्रकारिता विवि के विद्यार्थियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय और थाने का शैक्षणिक भ्रमण किया



**रीवा देशबन्धु।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के जनसंचार पाठ्यक्रम में अध्ययनरत स्नातक अंतिम वर्ष के के विद्यार्थियों ने मंगलवार को परिसर प्रभारी डॉ संदीप भट्ट के नेतृत्व में जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भ्रमण किया। उन्होंने इस भ्रमण के दौरान पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली और संरचना को बारीकी से समझा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों से संवाद करते हुए रीवा के पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह ने अपराधों की प्रकृति, विवेचना पड़ताल, सोशल मीडिया पर बढ़ते, साइबर अपराध जैसे विषयों पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने पुलिस व्यवस्था, प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज पर होने वाली कार्रवाई, सामाजिक परिवर्तन और इन विषयों पर मीडिया की भूमिका आदि बिंदुओं पर भी विस्तार से अपनी बात रखी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उनसे कई प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया । बिछिया थाने की थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय ने विद्यार्थियों को महिला अपराधों से जुड़े मामले, महिला डेस्क की सुविधाओं के बारे में बताया। आज के इस शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में शिक्षक दीपेश सिंह, परिसर के धीरेन्द्र मिश्रा तथा मास कम्युनिकेशन विभाग के मुस्कान गुप्ता, रिचा सिंह, रिया सिन्हा, अजीत सिंह, मुबस्सिर, शफीक खान, आकाश अग्निहोत्री, अभिषेक साहू, शीतल चौबे, अजय यादव, जैनल हसन समेत अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## वार्डवार जनसमस्या निवारण शिविर का किया जा रहा आयोजन



**रीवा देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा नागरिकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान एवं वार्ड विकास हेतु निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार, वार्डवार जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 03.12.2024 को नगर पालिक निगम रीवा के जोन क्र. 2 वार्ड क्र. 7 एवं 8 हेतु नीम चौराहा मंदिर परिसर रीवा में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। वार्डवासियों ने शिविर में आयुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें वार्ड स्थित उपवन नगर में नाली निर्माण की मॉग, वार्ड 8 में रास्ते की मॉग पर निगमायुक्त ने अधिकारियों को योजना बनाकर निर्माण कार्य कराये जाने के निर्देश दिए। वार्ड में प्रगतिरत व प्रस्तावित कार्यो की जानकारी ली गई एवं कहा कि महत्वपूर्ण कार्य वार्डो में चरणबद्ध तरीके से कराये जाने की व्यवस्था की जाय। इसके पश्चात वार्ड भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। वार्ड में मौजूद सार्वजनिक शौचालय में आवश्यक व्यवस्था बनाकर सुचारू रूप से संचालित किये जाने के साथ ही केयर टेकर रखे जाने के निर्देश दिए।

## सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा 6 दिसम्बर से देवी मंदिर मनिकवार में



**मनिकवार देशबन्धु।** मनिकवार में स्थित बरया तालाब देवी मंदिर में 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया है जिसकी तैयारी जोरों पर है कार्यक्रम के आयोजन समिति के राज कुमार जायसवाल पिंटू ने बताया कि कथा व्यास साध्वी किशोरी प्रिया रामायणी जी द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा,इस कार्यक्रम विजय दास जी महराज अयोध्या धाम की उपस्थिति प्रमुख रहेंगी इस आयोजन को लेकर सभी ग्राम वासियों से सफल बनाने की अपील की है, साथ ही इस आयोजन का प्रचार प्रसार खूब जोर शोर से किया जा रहा है।

## अमानक बीज पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी

**रीवा देशबन्धु।** बीज रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी एवं उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा जिले के बीज विक्रेताओं को अमानक बीज विक्रय करते हुये पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर 7 दिवस में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जय श्री राम बीज भण्डार लक्ष्मणपुर द्वारा गेंहू जीडब्ल्यू 322 टी/एल, श्री ट्रेडर्स बहेरा नईगढ़ी द्वारा गेंहू जी डब्ल्यू 273 सी/एस, मोतीलाल पटेल कृषि सेवा केन्द्र हनुमना द्वारा सरसों काला सोना टी/एल, अंकुश बीज भण्डार रीवा रोड हनुमना द्वारा गेंहू 3225 टी/एल, संदीप ट्रेडर्स मऊगंज द्वारा गेंहू लोकवन टी/एल, माँ वैभव खाद बीज कीटनाशक भण्डार मऊगंज द्वारा सरसों व्हीएनआर-509 टी/एल निरीक्षण के दौरान अमानक पाये जाने पर उप संचालक द्वारा संबंधितों का विक्रय प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसी प्रकार ओम बीज भण्डार द्वारा विक्रय किये जा रहे जिंकेट एसएसपी पाउडर उर्वरक अमानक पाये जाने पर विक्रय प्रतिबंधित करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## अवसर की उपलब्धता ही दिव्यांगों का सम्मान: डीपीसी

### जिला स्तरीय दिव्यांग शिविर का हुआ आयोजन

### दिव्यांगों में प्रतिभा व कौशल का दिखा संगम




**सतना, देशबन्धु।** महक उठी हैं धाराएं, गगन छूने की चाह रखती हूं, मैं वृंदावन जाऊंगी... साइन लैंग्वेज में हुआ राष्ट्रगान... कान्हा का मटकी फोड़, कुर्सी दौड़ 50 मीटर की रेंज, रंगोली से सजा आंगन, मेहंदी से सजे हाथों के बीच डेढ़ दर्जन प्रतियोगिताओं के साथ जिला स्तरीय विश्व दिव्यांग दिवस कार्यक्रम प्राथमिक शाला जवाहर नगर परिसर में हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम में दिव्यांग छात्र- छात्राओं का सामर्थ्य प्रदर्शन, खेलकूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले के आठ विकासखंडों से साढ़े तीन सौ से ऊपर बच्चों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तृतीय एवं विशिष्ट सम्मान प्राप्त करने वाले 56 बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। उपस्थित सभी बच्चों को विशेष पुरस्कार सहित शैक्षिक किट उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक विष्णु त्रिपाठी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए होने वाले यह आयोजन न सिर्फ उनमें समरसता का भाव विकसित करते हैं, बल्कि अवसर की उपलब्धता उनके जीवन का सेतु बन जाती है। एपीसी रमाकांत तिवारी ने कहा कि विभिन्न विधाओं में बच्चे जिस तरह से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं, वह आश्चर्यचकित कर देता है। सोहावल बीआरसीसी दिवाकर तिवारी ने कहा, बच्चों में प्रतिभाओं की कमी नहीं, बस मंच उपलब्ध कराने की जरूरत है। कार्यक्रम में एपीसी राकेश पांडेय, बीएसी सुभाष निगम, चंद्र कुमार निगम, एमआरसी सतीश त्रिपाठी, आनंद गुप्ता, उदय तिवारी, कृष्णकांत चतुर्वेदी, आशीष वर्मा, सूर्यकांत चौधरी, प्रभात गौतम, राजीव तिवारी, लालमणि चौधरी, अजीत वाल्मीकि, छेदीलाल दहिया, धीरेंद्र दहिया, पुष्पा पटेल, किरण खरे, विष्णु पाल सिंह, राकेश चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।